राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 राशिद खान का खुलासा, टीम को...

स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर पैसा खर्च... 12

वर्ष : 13 | अंक : 12 | नई दिल्ली, रविवार, 29 मई, 2022 | वैशाख शुक्ल, चर्तुदशी, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# यासीन मलिक के समर्थकों को भारत की कड़ी फटकार, कहा-आतंक का समर्थन न करें

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक को एनआईए कोर्ट ने टेरर फंडिंग केस में उम्रकैद की सजा सुनाई है। अब ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन के इंडिपेंडेंट परमानेंट ह्यूमन राइट कमीशन ने इस फैसले की निंदा करते हुए टिप्पणी की, जिसे भारत ने अस्वीकार्य बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि दुनिया आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन आतंक को किसी भी सूरत में सही नहीं ठहराए।

**ओआईसी ने क्या कहा था?**

ओआईसी ने मलिक की सजा की आलोचना करते हुए कहा था- मलिक को अमानवीय परिस्थितियों में कैद किया गया है, जो कश्मीर में रह रहे मुसलमानों के उत्पीड़न को दशार्ता है। ओआईसी ने मलिक की सजा को भारतीय न्याय प्रणाली का मजाक बनाने जैसा बताया। यासीन मलिक को सजा देना गलत है।



### ओआईसी का बयान आतंक समर्थित

- बागची ने कहा– यासिन मलिक के मामले में फैसले को लेकर भारत की निंदा करने वाली ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन के इंडिपेंडेंट परमानेंट ह्यूमन राइट कमीशनकी टिप्पणियों को भारत स्वीकार नहीं करेगा। इन टिप्पणियों के माध्यम से ऐसा बयान देकर मलिक की आतंकी गतिविधियों का समर्थन किया है। अदालत में मलिक के खिलाफ लगे आरोप साबित हुए हैं और उसके बाद ही उसे सजा सुनाई गई है। उन्होंने कहा– दुनिया आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस चाहती है।

### यासीन को उम्रकैद की सजा



यासीन पर पाकिस्तान के समर्थन से कश्मीर में आतंकी हमलों के लिए फंडिंग और आतंकियों को हथियार मुहैया कराने से जुड़े कई केस दर्ज थे। उसे 25 मई को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। ठकअ के वकील उमेश शर्मा ने बताया था– यासीन को दो मामलों में उम्रकैद और 10 मामलों में 10 साल सजा सुनाई गई है।

### मौसम

अधिकतम तापमान 42.0°C
न्यूनतम तापमान 29.0°C

मौसम विभाग के अनुसार आज कुछ राज्यों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया हैं।

### पोल

**यूपी में महिलाओं की नाइट शिफ्ट खत्म करने का फैसला क्या सही हैं ?**

| | |
|---|---|
| हां | 80% |
| नहीं | 10% |
| कह नहीं सकते | 10% |

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 52,750 |
| चांदी | 62,200 |
| सेंसेक्स | 54,884 |
| निफ्टी | 16,352 |

# 8 सालों में नहीं झुकने दिया सिर : मोदी

## देश सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी, न गलत किया न करने दिया : प्रधानमंत्री

**राजकोट/ गांधी नगर, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार के आठ साल पूरे होने के संदर्भ में शनिवार को कहा कि उन्होंने देश की सेवा करने में अपनी ओर से कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है और उन्होंने ऐसा कोई काम नहीं किया है, जिससे भारत का कोई व्यक्ति लज्जित महसूस करे। गुजरात के एक दिन दौरे पर गए श्री मोदी ने राजकोट में एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा,पिछले आठ साल में मैंने मातृभूमि की सेवा के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। पूज्य बापू और सरदार वल्लभभाई पटेल की इस पवित्र भूमि से मुझे ऐसे संस्कार मिले हैं, जिसकी वजह से मुझसे ऐसा कोई काम नहीं हुआ, जिससे आपको या हमारे देश के किसी नागरिक को लज्जित होना पड़े। उन्होंने राजकोट के अटकोट में मातुश्री केडीपी मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने महात्मा गांधी और सरदार पटेल की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए, देश की सेवा के लिए पूरी शिद्दत के साथ प्रयास किया है।

**गरीबों के कल्याण को दी सर्वोच्च प्राथमिकता**

उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार राष्ट्र सेवा में अपने आठ साल पूरे कर रही है। इन वर्षों में हमने गरीबों की सेवा सुशासन और निर्धनों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। हमने सबका-साथ, सबका-विकास, सबका-विश्वास और सबका-समाधान के मूलमंत्र का अनुपालन करते हुए, देश के विकास को नया आवेग प्रदान किया है।

**'गांव के स्वावलंबन का बड़ा माध्यम है सहकार'**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लिए गांवों का आत्मनिर्भर होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सहकार, गांव के स्वावलंबन का भी बहुत बड़ा माध्यम है। इसमें आत्मनिर्भर भारत की ऊर्जा है। प्रधानमंत्री मोदी यहां महात्मा मंदिर, गांधीनगर में विभिन्न सहकारी संस्थानों के प्रमुखों के 'सहकार से समृद्धि' विषयक गोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे।

### देश में आठ नये नैनो यूरिया कारखाने : मोदी

- मोदी ने विश्व के पहले नैनो उर्वरक कारखाने का उद्घाटन किया और कहा कि देश में ऐसे कुल और आठ कारखाने स्थापित करने की योजना है। मोदी ने इस अवसर पर आयातित महंगे यूरिया पर निर्भरता कम करने के विकल्प तलाशने पर भी बल दिया। सहकारी उर्वरक कंपनी इफको द्वारा स्थापित इस कारखाने की उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 500 मिलीलीटर की 1.5 लाख बोतल नैनो यूरिया बनाने की है। मोदी ने कहा कि एक बोतल यूरिया एक बोरी यूरिया का काम करेगी और किसान उसे बाजार से अपने जेब में डालकर घर ला सकता है। इससे उसकी परिवहन की लागत बचेगी। वैज्ञानिक दूसरे नैनो उर्वरकों पर भी काम कर रहे हैं और किसानों को यूरिया के अलावा अन्य उर्वरक भी इस रूप में प्राप्त हो सकेंगे।

> पूज्य बापू और सरदार वल्लभभाई पटेल की इस पवित्र भूमि से मुझे ऐसे संस्कार मिले हैं, जिसकी वजह से मुझसे ऐसा कोई काम नहीं हुआ, जिससे आपको या हमारे देश के किसी नागरिक को लज्जित होना पड़े
>
> **–नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

## मान सरकार ने 424 वीआईपी लोगों की सुरक्षा ली वापस

चण्डीगढ़। पंजाब सरकार ने पूर्व विधायकों, जत्थेदारों, डेरा प्रमुखों और पुलिस अधिकारियों की सुरक्षा वापस लेने का निर्णय किया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सुरक्षा) ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। पंजाब पुलिस ने पूर्व विधायकों, दो तख्तों के जत्थेदारों, डेरा प्रमुखों और पुलिस अधिकारियों समेत कुल 424 लोगों की सुरक्षा वापस लेने का आदेश दिया है। पंजाब के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सुरक्षा) ने, हालांकि शुक्रवार को जारी आदेश में कहा है कि सुरक्षाकर्मियों को आकस्मिक कानून एवं व्यवस्था ड्यूटी के सिलसिले में अस्थायी तौर पर वापस लिया जा रहा है। सुरक्षा खोने वाले सिख धर्म के प्रमुख पदाधिकारियों में बठिंडा में तख्त दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह हैं। ज्ञानी हरप्रीत सिंह ही अकाल तख्त के जत्थेदार का भी प्रभार संभालते हैं। अकाल तख्त सिखों की धार्मिक सत्ता का प्रमुख केंद्र है।

## संक्षिप्त खबर

### विदेशी मुद्रा भंडार में उछाल पहुंचा 600 अरब डॉलर के करीब

नई दिल्ली। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में जारी नौ हफ्तों की गिरावट पर आखिरकार ब्रेक लग गया। 20 मई को समाप्त हुए सप्ताह में इसमें उछाल दर्ज किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी आंकड़ों को देखें तो इसमें 4.2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है और यह बढ़कर 597.5 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। गौरतलब है कि केंद्रीय बैंक का लक्ष्य है कि फॉरेक्स रिजर्व को 600 अरब डॉलर के आंकड़े पर बनाए रखा जाए। 13 मई को समाप्त हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार टूटकर लगभग 593 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया था। इससे पहले छह मई को समाप्त हुए सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 595.954 अरब डॉलर रह गया था।

### सात किलो नशीला पदार्थ, दो आईडी के साथ महिला समेत तीन गिरफ्तार

कुपवाड़ा/ बारामूला। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में ए आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है और एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किये गये लोगों के पास से सात किलोग्राम हेरोइन और दो अत्याधुनिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किए गए हैं। कुपवाड़ा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक युगल मन्हास ने केंद्र शासित प्रदेश में नशीले पदार्थो और आईईडी की बरामदगी को एक बड़ी सफलता करार दिया है। वाहन की तलाशी के दौरान, इम्तियाज अहमद, गुलाम नबी और शम्स बेगम के कब्जे से लगभग सात किलोग्राम वजनी हेरोइन जैसे पदार्थ के सात पैकेट और दो आईईडी बरामद किए गए। इसी क्रम में जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है।

# यूपी में महिलाओं की नाइट शिफ्ट खत्म

**लखनऊ, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश में महिलाओं के लिए अहम खबर है। अब शाम 7 से सुबह 6 बजे तक उनसे ड्यूटी नहीं करवाई जा सकती है। यह नियम सरकारी और प्राइवेट सेक्टर दोनों पर लागू होगा। योगी सरकार ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। सरकार ने यह भी कहा है कि अगर किन्हीं कारणों से किसी महिला कर्मचारी की ड्यूटी शाम 7 से सुबह 6 के बीच में लगानी है तो इसके लिए उसकी लिखित अनुमति लेनी पड़ेगी। यानी, बिना महिला की परमिशन के रात के वक्त में उसकी ड्यूटी लगाई तो सीधे कार्रवाई होगी। अगर कोई महिला शाम 7 बजे के बाद काम करने से मना करती है, तो कंपनी या संस्था उसको नौकरी से नहीं निकाल सकती है।

## 543 करोड़ की ठगी के आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। ग्रेटर नोएडा के प्रस्तावित टाउनशिप में कमर्शल और रेजिडेंशल यूनिट्स के अलॉटमेंट का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाली कंपनी के दो डायरेक्टरों को गिरफ्तार किया गया है। एएमआर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के दोनों डायरेक्टरों को अदालत ने धोखाधड़ी के मामले में भगोड़ा करार दिया था। आरोपियों पर तीन हजार लोगों से 543 करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है। आरोपियों की पहचान मॉडल टाउन निवासी आशीष गुप्ता और करोलबाग निवासी कपिल कुमार के रूप में हुई है।

# इंडिगो पर 5 लाख का जुर्माना

## फ्लाइट में दिव्यांग को नहीं बैठाने के मामले में की कार्रवाई

**रांची, एजेंसी**

विमानन नियामक डीजीसीए ने इंडिगो एयरलाइन पर एक दिव्यांग बच्चे को सवार होने से इनकार करने पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह मामला 7 मई को रांची हवाई अड्डे का है। वहीं, इंडिगो ने कहा था कि यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए, एक दिव्यांग बच्चे को सात मई को रांची-हैदराबाद उड़ान में सवार होने की अनुमति नहीं दी गई थी क्योंकि वह घबराया हुआ नजर आ रहा था। चूंकि बच्चे को विमान में सवार होने से रोक दिया गया, इसलिए उसके साथ मौजूद माता-पिता ने भी विमान में सवार नहीं होने का फैसला किया। डीजीसीए ने नौ मई को घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया था। डीजीसीए ने कहा, सात मई को रांची हवाईअड्डे पर दिव्यांग बच्चे के साथ इंडिगो के कर्मचारियों का व्यवहार गलत था और इससे स्थिति बिगड़ गई थी।



### सिंधिया ने लिया था संज्ञान

इस मामले में किए गए ट्वीट पर नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मंत्री ने लिखा था, 'ऐसे रवैये के लिए जीरो टॉलरेंस है। किसी भी इंसान को इससे नहीं गुजरना चाहिए। मामले की खुद जांच कर रहा हूं, जिसके बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।' नागर विमानन महानिदेशालय ने भी इंडिगो से रिपोर्ट मांगी है। सोशल मीडिया पर शेयर होने के बाद इस मामले में कार्रवाई की गई है।




**विजय** | **एशिया कप हॉकी : टीम इंडिया ने सुपर–4 मुकाबले में जापान को 2–1 से हराया**

# लीग की हार का लिया बदला, मनजीत और पवन ने दागे गोल

**जकार्ता, एजेंसी**

युवाओं से भरी टीम इंडिया शनिवार शाम एशिया कप हॉकी के सुपर-4 मुकाबले में जापान को 2-1 से हरा दिया। इसके साथ ही लीग मैच के दौरान मिली हार का हिसाब चुकता कर लिया। लीग मैच में जापान ने भारत को 2-5 गोल से हराया था। भारत ने पहले क्वार्टर का खेल खत्म होने तक जापान पर 1-0 की बढ़त बना ली थी। भारत की तरफ से पहला गोल मनजीत सिंह ने किया था और टीम को अहम बढ़त दिलाई थी। दूसरे हाफ के 18वें मिनट में जापान को पेनाल्टी कॉर्नर मिला जिसे टीम ने गोल में बदल दिया। जापान के नेवा ने गोल करके स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद दूसरे हाफ में कोई गोल भारत की तरफ से नहीं किया गया और हाफ टाइम तक दोनों का स्कोर एक-एक से बराबर रहा।



### सुपर-4 टीमें आपस में खेलेंगी तीन-तीन मुकाबले

- सुपर–4 में भारत के साथ जापान, दक्षिण कोरिया और मलेशिया ने जगह बनाई है। प्रतियोगिता के सुपर–4 राउंड में पहुंची चारों टीमें अब आपस में तीन–तीन मुकाबले खेलेंगी। इसके बाद टॉप–2 टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

**तीसरे क्वार्टर में जोरदार शुरूआत**

तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने जोरदार शुरूआत की और खेल के 34वें मिनट में पवन राजभर ने भारत के लिए दूसरा गोल दागकर टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी। इस दौरान जापान की टीम ने काफी कोशिश की, लेकिन भारत के मजबूत डिफेंस के सामने इस टीम की एक नहीं चली।

### जानकारी

- लीग मैच में जापान ने भारत को 2-5 गोल से हराया था
- भारत ने पहले क्वार्टर का तक जापान पर 1-0 की बढ़त बना ली थी
- दूसरे हाफ के 18वें मिनट में जापान को पेनाल्टी कॉर्नर मिला जिसे टीम ने गोल में बदल दिया

तीसरे क्वार्टर का खेल खत्म होने तक भारत ने जापान पर 2-1 की बढ़त बनाए रखी। इसके बाद चौथे क्वार्टर में भी बीरेंद्र लाकड़ा की कप्तानी में भारतीय टीम का अच्छा प्रदर्शन जारी रहा। जापान के खिलाफ भारत ने लीग मैच में जो गलतियां की थी वो इस बार कम ही नजर आईं। चौथे क्वार्टर में भी भारत ने जापान को एक भी गोल नहीं करने दिया और खेल खत्म होने तक बढ़त को 2-1 बनाए रखते हुए जीत हासिल की।

## संक्षिप्त खबरें

### गुरुग्राम में रविवार को सुनेंगे प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष

गुरुग्राम। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अजीत यादव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा रविवार 29 मई को सेक्टर 27 कम्युनिटी सेंटर गुरुग्राम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे। इस दौरान हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़, जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, वह पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### 13 साल की बच्ची पर बनाया युवक ने शादी का दबाव, आरोपी गिरफ्तार

सोहना भोंडसी थाना अंतर्गत 13 साल की बच्ची को एक 22 साल युवक काफी समय से परेशान करने का मामला सामने आया है। शुक्रवार को जब बच्ची कंप्यूटर क्लास के लिए जा रही थी, उसी समय आरोपी ने बच्ची का हाथ पकड़कर शादी करने का दबाव बनाने लगा। बच्ची ने ये बात अपने माता-पिता को बताई तो इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। बच्ची के पिता की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। बच्ची के पिता ने शिकायत में शुक्रवार को जब काम से घर पर पहुंचा तो पत्नी ने बताया कि बेटी जब कंप्यूटर क्लास के लिए जा रही थी। उसी समय आरोपी ने बेटी का हाथ पकड़ लिया और शादी का दबाव बनाने लगा। बच्ची ने जब सारी घटना अपनी मां से बताया जिसके बाद पुलिस को इसकी शिकायत दी गई। पिता का कहना है कि आरोपी पिछले काफी समय से बेटी को परेशान कर रहा था। बेटी डर के वजह से नहीं बता पाती थी।

### डीटीपी और एसटीपी ने सुनी आरडब्ल्यूए की समस्याएं

फरीदाबाद। डीटीपी रेणुका और सीनियर टाउन प्लानर रवि सिहाग ने बिल्डर प्रतिनिधियों के सामने आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों से उनके प्रोजेक्ट में पेंडिंग काम के बारे में बात करें लगभग 20 आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि शामिल हुए। पार्क एलिट प्रीमियम सोसाइटी के आरडब्ल्यूए प्रधान अवनिंद्र तिवारी ने भी अपनी समस्याएं रखी। अवनिंद्र तिवारी ने बताया कि उनकी सोसाइटी में 13 टावर हैं और बिल्डर ने 7 टावर का ऑक्युपेंसी नहीं लिया है।

# देश भर में लगाए जाएंगे आठ नये नैनो यूरिया कारखाने : नरेंद्र मोदी

गांधीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के गांधीनगर में विश्व के पहले नैनो (तरल) उर्वरक कारखाने का उद्घाटन किया और कहा कि देश में ऐसे कुल और आठ कारखाने स्थापित करने की योजना है। मोदी ने इस अवसर पर आयातित महंगे यूरिया पर निर्भरता कम करने के विकल्प तलाशने पर भी बल दिया।

सहकारी उर्वरक कंपनी इफको द्वारा स्थापित इस कारखाने की उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 500 मिलीलीटर की 1.5 लाख बोतल नैनो यूरिया बनाने की है। मोदी ने कहा कि एक बोतल यूरिया एक बोरी यूरिया का काम करेगी और किसान उसे बाजार से अपने जेब में डालकर घर ला सकता है। इससे उसकी परिवहन की लागत बचेगी। वैज्ञानिक दूसरे नैनो उर्वरकों पर भी काम कर रहे हैं और उम्मीद है कि किसानों को यूरिया के अलावा



उद्घाटन
● सहकारिता भी आत्मनिर्भरता का एक सशक्त मॉडल: प्रधानमंत्री

अन्य उर्वरक भी इस रूप में प्राप्त हो सकेंगे।

गांधीनगर में सहकारिता पर आयोजित कार्यक्रम के मंच से इफको के कलोल परिसर में स्थापित नैनो यूरिया संयंत्र के उद्घाटन करने के बाद मोदी ने कार्यक्रम से जुड़े लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत उर्वरकों के मामलों में आयात पर बहुत अधिक निर्भर रहा है। देश को अपनी जरूरत की एक चौथाई यूरिया आयात करनी पड़ती है। पोटाश और फास्फेट पर हम शत-प्रतिशत आयात पर निर्भर हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दो साल कोरोना संक्रमण के कारण वैश्विक बाजार में उर्वरकों की कीमत बढ़ गयी थी और उसके बाद युद्ध (रूस-यूक्रेन) आ धमका और कीमतें उससे भी कई गुना बढ़ गयीं और उपलब्धता घट गयी।

मोदी ने कहा, किसानों के प्रति संवेदनशील हमारी सरकार ने निर्णय किया कि हम सारी मुसीबत सह लेंगे लेकिन किसानों पर इसका असर नहीं पड़ने देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार सब्सिडी देकर किसानों को वैश्विक बाजार के आघात से बचाए रखा है। उन्होंने कहा कि 2021-22 में सरकार ने उर्वरकों पर 1.60 लाख करोड़ रुपए की सब्सिडी दी थी, जो इस साल दो लाख करोड़ से ऊपर हो सकती है। मोदी ने साथ में यह सवाल भी किया कि क्या विदेश से आने वाले महंगे उर्वरकों पर भारतीय किसानों की निर्भरता को दूर नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, क्या महंगे उर्वरकों का कोई सामाधान नहीं होना चाहिए?

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सवाल आज नहीं पिछली सरकार के सामने भी था, लेकिन हमने इस सवाल को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार इस समय जो देश प्राकृतिक खेती के तरीके अपनाने पर जोर दे रहे हैं, वही समाधान का एक हिस्सा हो सकता है। मोदी ने कहा कि केंद्र में सत्ता संभालने के बाद उन्होंने यूरिया के पांच बंद पड़े कारखानों को चालू करने का संकल्प उठाया था। इसमें उत्तर प्रदेश और तेलंगाना में दो कारखाने चालू हो गए, बाकी तीन भी जल्द शुरू हो जाएंगे।

प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के अपनी सरकार के मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि सहकारिता भी आत्मनिर्भरता का एक सशक्त मॉडल है। उन्होंने गुजरात में सहकारिता आंदोलन की मजबूती की सराहना की। कार्यक्रम को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं रसायन उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में देशभर में इफको के केंद्र पर के लाखों लोगों ने ऑनलाइन भाग लिया।

# थ्रीक्काकारा उपचुनाव को लेकर जोरों पर प्रचार

कोच्चि, एजेंसी

केरल में थ्रीक्काकारा उपचुनाव हाल के इतिहास में राज्य में सबसे धमाकेदार अभियान के रूप में देखा जा रहा है। यह निर्वाचन क्षेत्र, 2011 में अपनी स्थापना के बाद से, कांग्रेस का एक मजबूत गढ़ रहा है, जिसने जीत की हैट्रिक बनाई है और दो बार के थ्रीक्काकारा विधायक और कांग्रेस के दिग्गज पीटी थॉमस के आकस्मिक निधन के बाद चुनाव कराया जा रहा है।

सीपीआई-एम के नेतृत्व वाले वाम अभियान की टैग लाइन मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के अलावा और कोई नहीं है, वे 140 सदस्यीय केरल विधानसभा में विधायकों का शतक बनाना चाहते हैं। कांग्रेस ने थॉमस (उमा थॉमस) को को मौदान में उतारा है, वहीं वामपंथियों ने एक निजी अस्पताल में अभ्यास कर रहे एक इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट जो जोसेफ को मैदान में उतारकर आश्चर्यचकित कर दिया, जबकि भाजपा ने पार्टी के दिग्गज ए.एन. राधाकृष्णन पर दांव खेला है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ को अच्छी तरह से पता है कि अगर वे विजयन को थ्रीक्काकारा में नहीं रोक पाते हैं, तो केरल में सबसे पुरानी पार्टी का पदार्फाश होने जा रहा है, जो 2021 के विधानसभा चुनाव हारने के बाद बिखर गई है।

कांग्रेस के दिग्गज नेता एके एंटनी के अलावा और कोई नहीं है, जो शुक्रवार को अपने लंबे दिल्ली प्रवास के बाद स्वदेश लौटे हैं, उन्होंने थ्रीक्काकारा में मतदाताओं से पूछा कि अब समय आ गया है कि विजयन को एक शॉक ट्रीटमेंट दिया जाए क्योंकि अगर वाम उम्मीदवार जीत जाता है, तो उनका अहंकार कई गुना बढ़ जाएगा, जो केरल और लोगों के लिए अच्छा नहीं होगा। जैसा कि कांग्रेस उम्मीद के खिलाफ उम्मीद कर रही है कि थॉमस, जिन्होंने अप्रैल 2021 में 15,000 से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की, जब राज्य में विजयन लहर चल रही है, कांग्रेस उम्मीदवार उमा 20,000 से अधिक वोट के अंतर से जीतेगी।

# विभिन्न क्षेत्रों में दौरा कर लोगों को रैली में पहुंचने का दिया निमंत्रण

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

आज रविवार को गुरुग्राम कोर्ट के सामने पार्किंग स्थल पर हरियाणा प्रगति रैली को सफल बनाने के लिए बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राकेश दौलताबाद व नगर निगम वार्ड 15 की पार्षद सीमा पाहूजा ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दौरा कर लोगों को रैली में पहुंचने का निमंत्रण दिया।

उन्होंने लोगों को रैली में पहुंचने का न्यौता देते हुए कहा कि रैली के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल सहित अन्य नेतागण भी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में सभी जातियों को साथ लेकर काम किया गया है। प्रदेश में चहुंमुखी विकास कार्य कराया गया है। इससे पूर्व के मुख्यमंत्रियों द्वारा एक विशेष क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने पूरे प्रदेश का विकास कराया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल रैली में



● रैली के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल सहित अन्य नेतागण भी भाग लेंगे: विधायक

गुरुग्राम के लिए विभिन्न योजनाओं की घोषणा करेंगे तथा परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

\गुरुग्राम में नए विकास की योजनाओं के रूप में मुख्यमंत्री मनोहर लाल सौगात देंगे। उन्होंने लोगों से यह भी आग्रह किया कि वे न केवल स्वयं पहुंचे, बल्कि अपने सहयोगियों, मित्रों व आस-पास के लोगों के साथ मिलकर रैली को सफल बनाएं। समाजसेवी सुशील सहरावत ने विधायक राकेश दौलताबाद व नगर निगम पार्षद सीमा पाहूजा का स्वागत किया और आश्वस्त किया कि वे बड़ी संख्या में लोगों के साथ रैली में पहुंचेंगे।

इस अवसर पर शिक्षाविद् अशोक सरदाना, नवदीप चौधरी, हरीश हसीजा, असीम वर्मा, केके जुनेजा, कमलेश गुप्ता, अश्विनी सिंह, सीएस तेवतिया, अजय यादव, संजय पाहूजा आदि मौजूद रहे।

### सरकारी स्कूल में घूमने गए दो युवकों के साथ मारपीट

**सोहना** । गांव अलीपुर सरकारी स्कूल में घूमने गए दो युवकों के साथ करीब पांच लड़कों ने मिलकर मारपीट की। मारपीट में दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने घायलों को सोहना के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया ,जहां से घायलों को गुरुग्राम नागरिक अस्पताल के रेफर कर दिया। घायल की शिकायत पर भोंडसी थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है पुलिस के अनुसार , अलीपुर निवासी सचिन ने बताया कि वो डीएसडी कालेज में बीए की पढ़ाई कर रहा है। पीड़ित ने बताया कि अपने ताऊ के लड़के और दोस्त के साथ बुधवार शाम करीब छह बजे अलीपुर - घामड़ोज के सरकारी स्कूल में घूमने गया था। उसी दौरान घामड़ोज निवासी केशव और मनीष वहां पर आ गए , उनसे वहां पर पार्क में घूमने को लेकर कहा सुनी हो गई। पीड़ित ने बताया कि पार्क में घूम रहे उनके गांव के लड़के भी वहां पर बैट और डंडों के साथ मौके पर आ गए। पीड़ितने बताया कि मनीष ने अपने साथियों से बैठ लेकर मेरे और मेरे भाई के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। बताया कि मनीष ने अपनी जेब में से लोहे का पंच निकालकर सिर पर हमला कर दिया, जिससे मेरे सिर मे से खुन निकलने लगा।

# सांप्रदायिक नारे लगाने वाले बच्चे के पिता को लिया हिरासत में

कोच्चि, एजेंसी

केरल उच्च न्यायालय द्वारा कड़ा रुख अपनाए जाने के एक दिन बाद और 21 मई को अलाप्पुझा में एक पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया की रैली में गैर-मुसलमानों के खिलाफ भड़काऊ नारे लगाने वाले 10 साल के बच्चे के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सरकार को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया, जिसके बाद शनिवार को पुलिस ने लड़के के पिता को हिरासत में ले लिया।

एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि उसे यहां उसके घर से पकड़ा गया और अलाप्पुझा पुलिस को सौंप दिया गया। लेकिन लड़के के पिता ने कहा कि किसी ने भी लड़के को नहीं पढ़ाया और उसने खुद ही ऐसा किया। पुलिस द्वारा उठाए जाने से पहले लड़के के पिता ने पूछा, इसी तरह के नारे पहले भी कई बार लगाए गए हैं और आश्चर्यजनक रूप से, जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो इस बार ऐसा कैसे हो गया। पुलिस जब लड़के के घर पहुंची, तो काफी संख्या में पीएफआई कार्यकर्ता मौजूद थे और उन्होंने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। शुक्रवार को अलाप्पुझा में आयोजित रैली में नारेबाजी करने वाले करीब 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। यहां पास के थोप्पुमपडी में रहने वाले लड़के की पहचान कुछ दिन पहले हुई थी, लेकिन घर में ताला बंद होने के कारण पुलिस को कोई नहीं मिला, जब वे आए। इस बीच पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या लड़के को काउंसलिंग के लिए भेजने की जरूरत है और यह भी विचार कर रही है कि उसकी मां के साथ क्या किया जाना चाहिए, क्योंकि अभिभावकों को जिम्मेदार ठहराया गया है। जैसे ही घटना का वीडियो वायरल हुआ, इसके खिलाफ कई विरोध प्रदर्शन हुए, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और उच्च न्यायालय ने इस सप्ताह की शुरूआत में इस मामले को उठाया और शुक्रवार को अदालत ने इस अधिनियम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा।

### उत्तराखंड में ट्रेकिंग पर निकले 07 ट्रैकर्स लापता, रेस्क्यू शुरू

**देहरादून**। उत्तराखंड में जनपद रूद्रप्रयाग के पांडव शेरा ट्रैक पर सात ट्रैकर्स लापता हो गए हैं। इनकी तलाश के लिए देहरादून से एक हेलीकॉप्टर से एसडीआरएफ का सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन टीम को भेजा गया है। एसडीआरएफ प्रवक्ता ललिता दास नेगी ने बताया कि शनिवार को जिला नियंत्रण कक्ष रुद्रप्रयाग से सात ट्रैकर्स पांडव शेरा ट्रैक पर ट्रैकिंग के दौरान लापता हो जाने की सूचना मिली है। इन ट्रैकर्स पास भोजन व पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। जिन्हें मदद की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि सूचना के बाद फोर्स की उप महानिरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल द्वारा उक्त घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित रेस्क्यू हेतु नागरिक उड्डयन विभाग से चॉपर की व्यवस्था कर टीम मौके पर भेज दी गई है। नेगी ने बताया कि यह टीम हाई एल्टीट्यूट रेस्क्यू टीम (उच्च तुंगता रेस्क्यू टीम) है, जो आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों व सेटेलाइट फोन के साथ सहस्त्रधारा हेलीपैड से चॉपर के माध्यम से अगस्त्यमुनि हेलीपैड में पहुंच गई है व ट्रैक रूट पर सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ कर दिया गया है।

# डायग्नोस्टिक सेंटर की आड़ में चल रहा था शिशु जांच का खेल

करनाल, प्रात : किरण संवाददाता

डायग्नोस्टिक सेंटर की आड़ में गर्भ शिशु की जांच का खेल खेल रहे सेंटर चालकों को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने धर-दबोच है। विभागीय टीम ने आरोपियों से करीब 14 हजार रूपए की नकदी भी बरामद कर ली है। दरअसल, बीते दिनों स्वास्थ्य विभाग की टीम को सोशल वर्कर के माध्यम से सूचना मिली थी कि शहर में गुड होप्स डायग्नोस्टिक सेंटर में मोटी रकम लेकर लिंग जा रही है।

सोशल वर्कर के माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की डा. सीनू चैधरी ने अपनी टीम के साथ शनिवार को उक्त सेंटर पर छापेमारी मारी की। इस दौरान दो आरोपियों को काबू किया गया। विभागीय टीम सदस्य सीनू चैधरी ने बताया कि उन्हें सोशल वर्कर के माध्यम से उक्त सेंटर में लिंग जांच की



● स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 14 हजार राशि सहित दो को किया काबू

सूचना मिली थी, इसके बाद उन्होंने एक टीम का गठन किया और कर्मी को ग्राहक बनाकर सेंटर में भेजा गया, जहां दलाल से संपर्क किया गया। उसने बताया कि वह करनाल में ही अल्ट्रासाउंड करवा देगा, इसके लिए 40 हजार रूपए देने होगी। इस दौरान 40 हजार में सौदा तय हो गया। डा. चैधरी के मुताबिक 25 हजार रूपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए। जबकि बाकी की 15 हजार रूपए की रकम शनिवार को देनी तय हुई थी, जैसा ही आज ग्राहक बनाकर दलाल के पास भेजे गए टीम सदस्य को दलाल ने 15 हजार रूपए लिए तभी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आरोपी को रंगे हाथों काबू कर लिया। डा. चैधरी का कहना है कि मामले से पुलिस को अवगत करवाया गया, जहां पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों आरोपियों को काबू कर लिया है, फिलहाल मामले की जांच चल रही है, वहीं दूसरी और डाग्योनस्टिक सेंटर का सील कर दिया गया है।

# रेत माफियाओं ने पुलिस पर किया जानलेवा हमला

पलवल, प्रात : किरण संवाददाता

● पुलिसकर्मियों की वर्दी फाडी

रेत माफियाओं द्वारा चांदहट थाना पुलिस पर जानलेवा हमला करने, पुलिस के साथ मारपीट लूटपाट व वर्दी फाडने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार चांदहट थाना पुलिस एसएचओ रमेश ने बताया कि पुलिस टीम गस्त पर थी तभी अवैध तरीके से यमुना से रेती भरकर ला रही एक ट्राली ट्रैक्टर की सूचना मिली।

सूचना के आधार पर पुलिस गांव लुलवाडी के नजदीक नाका लगा दिया। पुलिस उक्त ट्रैक्टर ट्राली का इंतजार करने लगी। तभी पुलिस को रेती से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली आती दिखाई दी। पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया लेकिन वह नहीं रुकी तो पुलिस पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की। एक सिपाही ने दूसरी तरफ कूदकर अपनी जान बचाई। जब चालक ट्रैक्टर ट्राली को लेकर भागने लगा तो पुलिस ने उसका पीछा किया। ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्राली को लेकर खेतों में फंसा गया और मौके से भाग गया।

जब ट्रैक्टर के कागजात चेक किए तो उसमें कोई कागजात नहीं मिले तो पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया और थाना में ले जाने लगे तभी 15-20 युवक आए जिनके हाथों में लाठी डंडे थे और एक युवक के हाथों में देशी कट्टा था। उन्होंने पुलिसकर्मियों पर सीधी गोली चलाई जो एक पुलिसकर्मी के कान के पास से गोली निकल गई और वह बाल बाल बच गया। एक लडके ने सिपाही फजर को पकड लिया और उसकी वर्दी फाड दी और मारपीट कर ट्रैक्टर को लूटकर ले गए।

### हाईवे पर ट्रक खड़ा कर, रास्ता रोकने के जुर्म में वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फरीदाबाद**। पुलिस चौकी सेक्टर 11 प्रभारी प्रदीप मोर की टीम एरिया में गश्त कर रही थी थी कि ट्रैफिक पुलिस से सूचना प्राप्त हुई की बाटा फ्लाईओवर के नीचे बल्लभगढ़ से दिल्ली की तरफ जाने वाली सर्विस लाइन पर ट्रैफिक जाम लगा हुआ था। पुलिस टीम ने वहां पर पहुंचकर जाम हटवाने की कोशिश की परंतु किसी ने अपना 22 टायर ट्रक हाईवे पर बीच सड़क छोड़कर पूरा रास्ता अवरुद्ध कर दिया था। पुलिस टीम ने ट्रक ड्राइवर की काफी देर तक तलाश की और वहां पर मौजूद लोगों से उसके बारे में पूछताछ की परंतु ट्रक चालक की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई। काफी देर पूछताछ करने के पश्चात पुलिस ने वहां पर मौजूद अन्य ट्रक ड्राइवरों की मदद से ट्रक को वहां से हटाया और उसे पुलिस के कब्जे में ले लिया गया। पुलिस थाना सेक्टर 8 में बीच रास्ते वाहन खड़ा करके रास्ता अवरुद्ध करने के जुर्म में अज्ञात ट्रक ड्राइवर के खिलाफ दर्ज किया गया। ट्रक के नंबर से पता चला कि है किसी वेद प्रकाश के नाम पर है जिसे नोटिस दिया गया है जैसे मामले में आगे पूछताछ की जाएगी।

# स्वास्थ्य जांच शिविर में 178 लोगो ने अपने स्वास्थ्य की कराई जांच

तावडू, प्रात : किरण संवाददाता

तावडू उपमंडल के गांव डीढारा में स्थित श्री शनिदेव मंदिर शक्तिपीठ के प्रांगण में शनिवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया । यह शिविर मेदांता अस्पताल गुरुग्राम एवं लंगोटिया यार सेवा समिति तावडू के तत्वाधान में लगाया गया और इसमें संत शिरोमणि नरेश गिरी जी महाराज का विशेष योगदान रहा।शिविर में 178 लोगो ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। जहां पर 48 लोगो के एक्स-रे ,175 लोगो के शुगर टेस्ट बीपी टेस्ट बिल्कुल मुफ्त में किया गया व 32 लोगो की ईसीजी भी मुफ्त में की गई ओर सभी को मुफ्त में दवाइयां भी दी गई। लंगोटिया यार सेवा समिति तावडू के सचिव देशराज ने बताया कि इस समिति का गठन 2 वर्ष पहले क्या गया था। उनकी समिति का उद्देश्य गरीब ,बेसहाय, जरूरतमंद लोगों की हर संभव मदद करना है। उन्होंने



बताया की उनकी संस्था ने यह स्वास्थ्य जांच शिविर पहली बार लगाया है। इससे पहले उनकी संस्था समय-समय पर भंडारे का आयोजन करती रही है।उन्होंने यह भी बताया कि अब उनका प्रयास रहेगा की हर महीने इस तरह के स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों को सुविधा मैया कराई जाए इस शिविर में उन्हें ग्रामीणों का पूरा सहयोग मिला है।इस मौके पर शिविर में पहुंचे डॉ केशव खेरा डॉ अनु यादव डॉक्टर प्रिंस गुप्ता इन की पूरी टीम का फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया गया। इस अवसर पर लंगोटिया यार सेवा समिति के प्रधान रोहित गुप्ता, सदस्य मनीष, दीपक आदर्श सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद थे।

### उद्धव सरकार में राकांपा का वर्चस्व : संजय जाधव

**मुंबई**। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास आघाड़ी सरकार में राकांपा का वर्चस्व है, जबकि शिवसेना की अनदेखी हो रही है। यह आरोप शिवसेना सांसद संजय जाधव ने लगाया है। जाधव ने कहा कि वे इसकी जानकारी मुख्यमंत्री एवं शिवसेना के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे को देंगे। महाराष्ट्र के परभणी लोकसभा क्षेत्र के सांसद जाधव ने पत्रकारों से कहा कि सूबे में शिवसेना का मुख्यमंत्री होने के बावजूद पार्टी कार्यकताओं को ताकत नहीं मिल रही है। ठाकरे सरकार में राकांपा पदाधिकारियों का वर्चस्व है। वहीं, शिवसेना के पदाधिकारी हर स्तर पर उपेक्षा के शिकार हैं। इससे शिवसेना कार्यकताओं में सरकार के प्रति नाराजगी है। जाधव ने बताया कि शिवसेना की ओर से इस समय शिवसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। पुणे में 25 से 29 मई तक शिवसेना का शिव संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। यहां आम शिवसैनिकों ने कहा है कि उनका मुख्यमंत्री होते हुए भी शिवसैनिकों को कुछ भी हासिल नहीं हो पा रहा है। जाधव ने बताया कि वे पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की भावनाओं को समझते हुए पार्टी को रिपोर्ट सौंपेंगे।

# म्यांमार, बांग्लादेश के साथ कनेक्टिविटी से बड़ा बदलाव आएगा : एस. जयशंकर

गुवाहाटी, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत म्यांमार के माध्यम से सड़क संपर्क और बांग्लादेश के माध्यम से समुद्री संपर्क पर विचार कर रहा है और इससे क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

गुवाहाटी में नाडी (नदी) कॉन्क्लेव 2022 को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच छह पुराने सीमा पार रेल लिंक को बहाल करने की आवश्यकता है। भारत और बांग्लादेश के बीच 10 जलमार्ग प्रोटोकॉल मार्ग हैं। भारत और बांग्लादेश के बीच नौ नए बॉर्डर हाट (बाजार) स्थापित किए जा रहे हैं। डॉ जयशंकर ने कहा, हम नेपाल और भूटान के साथ कनेक्टिविटी में सुधार कर रहे हैं। यह कहते हुए कि म्यांमार के माध्यम से भूमि संपर्क और बांग्लादेश के माध्यम से समुद्री संपर्क वियतनाम और फिलीपींस के




साथ आसान कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, आगामी कनेक्टिविटी न केवल आसियान देशों और जापान के साथ मजबूत साझेदारी का निर्माण करेगी, बल्कि वास्तव में इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क में फर्क करेगी। यह भौगोलिक अड़चन को दूर करने और इतिहास को फिर से लिखने की हमारी क्षमता के भीतर है।

विदेश मंत्री ने कहा कि आसियान देशों और उससे आगे तक पहुंच में सुधार के लिए बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और म्यांमार के साथ संपर्क बढ़ाकर इस दृष्टिकोण को उत्पादक रूप से साकार किया जा सकता है। बांग्लादेश के विदेश मंत्री ए.के. अब्दुल मोमेन और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी शिलांग स्थित थिंग टैंक और शोध समूह एशियन कॉन्फ्लुएंस द्वारा आयोजित नाडी कॉन्वलेव-2022 में शामिल हुए। असम के मुख्यमंत्री ने ट्विटर पर कहा, अपनी रणनीतिक स्थिति के कारण, असम आर्थिक विकास के लिए एक बड़ा अवसर प्रदान करता है। राज्य में वन्यजीव पर्यटन, चाय पर्यटन और नदी पर्यटन सहित पर्यटन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। हमारी सरकार इस दिशा में आवश्यक कदम उठा रही है। सरमा ने एक अन्य ट्वीट में कहा, असम सहित पूर्वोत्तर भारत न केवल भारत और आसियान क्षेत्र के बीच एकमात्र भूमि लिंक प्रदान करता है, बल्कि एक सांस्कृतिक और सभ्यतागत पुल के रूप में भी कार्य करता है। हम आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दृष्टिकोण को साझा करते हैं कि पूर्वोत्तर भारतीय अर्थव्यवस्था का सूर्योदय क्षेत्र है।

### लद्दाख हादसा: एयर लिफ्ट पर चंडीमंदिर लाए गए जवानों में तीन की हालत गंभीर

**चंडीगढ़**। लद्दाख हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए सेना के जवानों को शुक्रवार देर रात एयर लिफ्ट करके चंडीमंदिर स्थित कमांड अस्पताल में लाया गया। जहां डाक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। लद्दाख की श्योक नदी में ट्रक गिरने से सेना के सात जवानों की मौत हो गई थी जबकि 19 घायल हो गए थे। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद शुक्रवार की देर रात एयर लिफ्ट करके चंडीमंदिर स्थित सेना की पश्चिमी कमान के कमांड अस्पताल में पहुंचाया गया। यहां पर सेना के डॉक्टरों और स्टाफ ने घायलों का उपचार शुरू कर दिया है। कमांड अस्पताल प्रवक्ता के अनुसार तीन घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है जबकि अन्य घायलों की हालत स्थिर है। उन्होंने बताया कि हादसे के समय घायलों को पहले प्रतापपुर अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें चंडीमंदिर शिफ्ट किया गया। उन्होंने बताया कि घायलों को चंडीमंदिर लाए जाने से पहले ही अस्पताल में वार्ड तथा आपात सेवाएं मुहैया करवाए जाने की तैयारी हो चुकी थी। सेना के आला अधिकारियों को समय-समय पर हेल्थ बुलेटिन दिया जा रहा है।

# धर्मक्षेत्र, कुरूक्षेत्र में होने वाली आप रैली में डीटीसी सेवानिवृत कर्मचारी लेंगे हिस्सा: मुंजाल

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

हरियाणा की धर्मनगरी कुरूक्षेत्र में 29 मई को होने वाली आम आदमी पार्टी की विशाल रैली में सामाजिक संस्था केयरिंग हैंड्स सोशल वेलेफेयर सोसायटी, के बैनर तले सैंकडों की संख्या में दिल्ली परिवहन निगम के सेवानिवृत कर्मचारी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

इस अवसर पर सभी रिटायर्ड कर्मचारी एकजुट होकर जहां आम आदमी पार्टी को अपना समर्थन देंगे तो वहीं अपनी सालों पुरानी व अपने हम की पेंशन बहाली के लिए एक प्रार्थना पत्र भी रैली में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचने वाली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सौंपेंगे। यह जानकारी देते हुए सोसायटी चेयरपर्सन एवं अधवित्का ऋतु मुंजाल ने बताया कि सीसीएस पेंशन नियम-1972 के अनुसार वी.आर.एस. लेने पर भी कर्मचारियों



● केयरिंग हैंडस सोशल वेलफेयर सोसयाटी के बैनर तले मुख्यमंत्री को सौपेंगे अपनी पेंशन बहाली का प्रार्थना पत्र

के लिए पेंशन की सुविधा अनिवार्य की गई थी। जिसके चलते रिटायर्ड कर्मचारियों ने पेंशन की मांग की और कई बार उनसे पेंशन बहाली हेतु फार्म भी भरवाए गए। डीटीसी पेंशन विभाग को कर्मचारियों ने पत्राचार के माध्यम से लिखा और पेंशन की मांग की, परंतु भ्रष्टाचार के चलते भ्रष्टाधिकारियों की मिलीभगत से सभी कर्मचारियों को पेंशन नहीं मिल पाई, रिश्वत लेकर अपनी मनमर्जी चलाकर कुछेक कर्मचारियों को पेंशन का लाभ मिल रहा दिया गया। इन रिटायर्ड कर्मचारियों ने आरटीआई के माध्यम से भी पेंशन बहाली हेतु जानकारी ली और अपने जिंदा होने की जानकारी दी ताकि जल्द से जल्द उनका पेंशन का लाभ दिया जाए, परंतु दिल्ली परिवहन की भ्रष्टाचार की जड़ों को कर्मचारी काट नहीं पाए।

इसी कोशिश में रिटायर्ड कर्मचारियों ने दिल्ली सरकार के दरवाजे खटखटाए, परंतु 15 साल कांग्रेस सरकार ने भी भ्रष्टाचार के चलते गुमहार किया, तत्कालीन कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री रही शीला दीक्षित ने हजारों वायदे किए, परंतु पेंशन नहीं दी। अतः सभी कर्मचारी रैली मे मुख्यमंत्री को अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अपना हक की मांग करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### रंगदारी मांगने का विरोध करने पर नाबालिग को पीटा

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के हर्ष विहार में रंगदारी मांगने का विरोध करने पर बदमाश ने एक नाबालिग की पिटाई कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित 32 वर्षीय राजेश गाजियाबाद के लोनी में रहते हैं। वह हर्ष विहार में मंडोली चुंगी के आसपास ऑटो चलाते हैं। राजेश के अनुसार, सबोली एक्सटेंशन निवासी मिंटू उर्फ प्रशांत उनसे ऑटो चलाने के लिए तीन हजार रुपये महीने की रंगदारी मांग रहा है। 25 मई को भी उसने मंडोली चुंगी के पास उसे रोक कर रंगदारी मांगी थी। जब उसने रंगदारी देने से मना किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। इस पर उसके जानकार 17 वर्षीय मुरारी ने विरोध किया तो मिंटू उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद आरोपी साथियों के साथ वहां से भाग गया। पुलिस केस दर्ज कर मिंटू व उसके साथियों की तलाश कर रही है।

### पानी की किल्लत के विरोध में मटके फोड़े

नई दिल्ली। राजधानी में पानी की किल्लत के खिलाफ शनिवार को लोगों ने मटके फोड़कर गुस्सा जाहिर किया। दिल्ली नगर निगम के पूर्व महापौर जयप्रकाश सैकड़ों लोगों के साथ सदर बाजार बारा टूटी चौक पहुंचे और दिल्ली सरकार के खिलाफ मटका फोड़ पोल खोल अभियान की शुरुआत की। शनिवार को करीब 11 बजे प्रदर्शनकारी बारा टूटी चौक सदर बाजार में मटके लेकर जमा होने लगे। मटका फोड़ पोल खोल अभियान में आरडब्ल्यू, मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों समेत अन्य लोग भी शामिल हुए। इस दौरान पूर्व महापौर जयप्रकाश ने कहा कि दिल्ली सरकार पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने में नाकाम है। उन्होंने कहा कि इस अव्यवस्था के खिलाफ दिल्ली नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में 30 मई तक चलाया जाएगा। पूर्व महापौर ने कहा, दिल्ली में 1150 एमजीडी साफ पीने के पानी की जरूरत है, लेकिन दिल्ली सरकार 100 एमजीडी पानी भी बढ़ाने में नाकाम रही है। जितना पानी दिल्लीवासियों को उपलब्ध होता है, उसमें से 30 प्रतिशत पानी लीकेज के कारण बर्बाद हो जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार न केवल जनता को साफ पानी मुहैया कराने में विफल रही है, बल्कि लीकेज रोकने में भी नाकाम है। पूर्व महापौर ने बताया कि मटका फोड़ पोल खोल अभियान आनंद पर्वत, तिलक नगर, संगम विहार, गोकुलपुरी, यमुना विहार समेत विभिन्न क्षेत्रों में चलेगा।

### निगम के विशेष अधिकारी ने सवारकर को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के विशेष अधिकारी अश्वनी कुमार तथा निगमायुक्त ज्ञानेश भारती ने स्वतंत्रता सेनानी वीर सवारकर को उनके जन्मदिवस की 139वीं वर्षगांठ पर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद लाजपत नगर सेंट्रल मार्केट और निगम हाट का दौरा किया। साथ ही निगम हाट की सराहना की। इस अवसर पर प्रमुख अभियंता पीसी मीणा, उपायुक्त दानिश अशरफ और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। विशेष अधिकारी अश्वनी कुमार ने हाट की सराहना करते हुए कहा कि अनूठे तरीके से बेकार वस्तुओं का सार्थक प्रयोग किया गया है। उन्होंने घरों में खाद बनाने की प्रक्रिया को देखा और समझा कि लोग किस तरह से घर में गीले कूड़े से जैविक खाद बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को कूड़े के पृथक्करण व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए।

### बिना फीस बढ़ाए कॉलेज ऑफ आर्ट में आवेदन शुरू

नई दिल्ली। अंबेडकर विश्वविद्यालय ने कॉलेज ऑफ आर्ट में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी है। दूसरे दिन छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन किया। एयूडी के रजिस्ट्रार डॉ. नितिन मलिक ने बताया कि विश्वविद्यालय ने कॉलेज ऑफ आर्ट की न तो फीस बढ़ाई है और न ही पाठ्यक्रम में परिवर्तन किया है। अंबेडकर विश्वविद्यालय पर आरोप लग रहा था कि यह कॉलेज ऑफ आर्ट की फीस बढ़ा देगा और पाठ्यक्रम में भी बदलाव करेगा। ज्ञात हो कि कॉलेज ऑफ आर्ट की संबद्धता को लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय और दिल्ली सरकार के बीच जारी तकरार की पृष्ठभूमि में यह प्रक्रिया शुरू हुई है। दिल्ली सरकार अंबेडकर विश्वविद्यालय को धन मुहैया कराती है। शुक्रवार को विश्वविद्यालय ने एक अधिसूचना जारी कर दाखिला प्रक्रिया शुरू होने की सूचना साझा की थी। कॉलेज ऑफ आर्ट में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून है।

# राजेंद्र नगर सीट से दुर्गेश पाठक होंगे 'आप' प्रत्याशी, भाजपा को दी चुनौती

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



राजेंद्र नगर विधानसभा उपचुनाव की तैयारी को लेकर सभी पार्टियों ने कमर कस ली है। आम आदमी पार्टी हो या कांग्रेस या फिर भारतीय जनता पार्टी सभी पहले प्रत्याशी का नाम घोषित कर बढ़त बनाने की कोशिश में जुटी है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को कहा कि राजेंद्र नगर विधानसभा उपचुनाव के लिए उसकी तैयारी जोरों पर है। नगर निगम के प्रभारी दुर्गेश पाठक को पार्टी ने इस सीट से उम्मीदवार बनाया है। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने इनके नाम की घोषणा की। बता दें कि फिलहाल निगम की राजनीति करने वाले दुर्गेश पाठक को आगे कर पार्टी ने बढ़त बनाने की घोषणा की है। प्रत्याशी का नाम पहले घोषित होने से वह प्रत्याशी अपनी जीत के लिए मैदान में जी तोड़ मेहनत करना शुरू कर देता है। आम आदमी पार्टी ने जताया जीत पर भरोसा आम आदमी पार्टी ने कहा कि उसे उस सीट से जीत का भरोसा है, जिसे हाल ही में पंजाब से राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद आप के वरिष्ठ नेता राघव चड्ढा ने खाली किया था। चुनाव आयोग ने बुधवार को घोषणा की कि दिल्ली में राजेंद्र नगर सीट के साथ-साथ छह अन्य विधानसभा क्षेत्रों और विभिन्न राज्यों में तीन लोकसभा सीटों के लिए उपचुनाव 23 जून को होंगे। दुर्गेश पाठक बने उम्मीदवार पार्टी ने कहा है कि इस निर्वाचन क्षेत्र के लोग उपचुनाव की तारीख की घोषणा के साथ उत्साहित थे, क्योंकि वे एक नए विधायक का चुनाव करना चाहते हैं, जो जल्द से जल्द सरकार के साथ काम कर सके। बता दें कि जहां पार्टी ने अभी तक इस सीट के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। वहीं भाजपा और कांग्रेस फिलहाल रणनीति बनाने में ही जुटे हैं। इससे पहले इस महीने की शुरूआत में पार्टी ने उपचुनाव के लिए पाठक को प्रभारी नियुक्त किया था। संजय सिंह का भाजपा पर बड़ा आरोप आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दुर्गेश पाठक के नाम की घोषणा करने के दौरान ही भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष इस सीट से चुनाव ही नहीं लड़ना चाहते हैं। वह भाजपा के पोलखोल अभियान पर भी जमकर हमला बोला। भाजपा भी जल्द करेगी घोषणा ऐसा माना जा रहा है कि जल्द ही पार्टी कोई नाम पर फैसला ले सकती है। इधर भाजपा ने 2013, 2015 और 2020 के चुनाव में इस सीट से पंजाबी चेहरे आरपी सिंह पर दांव लगाया था, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। 2015 के चुनाव में आरपी सिंह को आप के विजेंदर गर्ग ने हरा दिया था वहीं, 2020 में राघव चड्ढा ने हरा कर इस सीट पर आम आदमी पार्टी का पताका लहराया था।

# आरोपित शाहरुख पठान के स्वागत पर उठे सवाल

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली दंगे में जाफराबाद इलाके में हेड कांस्टेबल पर पिस्तौल तानने का आरोपित शाहरुख पठान हाल ही में कुछ घंटों के कस्टडी पैरोल पर घर आया, लेकिन उसकी हरकतों पर सवाल उठने लगे हैं। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि उसे लापरवाह ढंग से लाया गया और भीड़ को जमा होने दिया गया। पुलिसकर्मी उसे उसके घर पर ले जा रहे थे तो उसके स्वागत के लिए लोगों का हुजूम उमड़ गया। अब इसके कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। वीडियो में वह लोगों का अभिवादन स्वीकारता दिखाई दे रहा है। यह हाल तब है, जब कोर्ट ने कस्टडी पैरोल देते वक्त टिप्पणी की थी कि शाहरुख पर लगे आरोप बेहद गंभीर हैं। यहां तक स्पष्ट किया था कि उसे सिर्फ बीमार पिता से मिलने के लिए मानवीय आधार पर कस्टडी पैरोल की अनुमति दी गई है। एक वीडियो में तो भीड़ उसे पुलिस वैन तक विदा करती हुई नजर आ रही है। उसके वीडियो वायरल होने के बाद इंटरनेट मीडिया पर लोग अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं जाहिर कर रहे हैं। कड़कड़डूमा कोर्ट ने आरोपित शाहरुख पठान की अर्जी पर सुनवाई करते हुए उसे कस्टडी पैरोल पर 23 मई को घोंडा में अरविंद नगर स्थित घर पर बीमार पिता साबिर खान से मिलने की इजाजत दी थी। मार्च में साबिर की एंजियोग्राफी हुई थी। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो उसी दिन के हैं। जाफराबाद में ही एक युवक पर गोली चलाने के मामले में शाहरुख और उसके साथियों पर कोर्ट आरोप भी तय कर चुका है। अपराधियों को हीरो बनाने की कोशिश : कपिल मिश्रा इस प्रकरण को लेकर भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने निंदा करते हुए एक वीडियो जारी किया है। उन्होंने कहा कि राजधानी के एक खास इलाके में पुलिस पर बंदूक उठाने वाले शाहरुख पठान का हीरो की तरह स्वागत किया गया। इसी तरह जहांगीरपुरी में अंसार को हीरो बनाया गया था। जैसे कश्मीर में आतंकवादियों को हीरो बनाते थे, ठीक वैसे ही दिल्ली में अपराधियों को हीरो बनाने की कोशिश की जा रही है। ऐसे स्थानों पर भारत के कानून और संविधान का मखौल उड़ाया जा रहा है। वीडियो में वह यह भी कह रहे हैं कि इसी मानसिकता के चलते दिल्ली में दंगे हुए थे।


## उत्तर रेलवे

**संशोधन संख्या–5**

**विषयः** संशोधन संख्या–5 NIT No. 325-DY.CEE/C/NDLS/2021-2022 के लिए–

"दिल्ली डिवीजन के चिपियाना में 220/25 केवी, 50 हर्ट्ज, ट्रैक्शन सब–स्टेशन के डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग के साथ–साथ ट्रैक्शन सब स्टेशन के बिल्डिंग में शामिल सिविल इंजीनियरिंग कार्य और एनडीएलएस/एसएसपी (गैन्ट्री ए सहित), एनडीएलएस/गैन्ट्री(बी), डीएफआरएन/एसएसपी, डीएसबी/एसएसपी, डीएसए/एसएसपी, डीएलआई (गैन्ट्री ए, बी, सी), डीएलआई/एसएसपी, टीकेजे/एसपी (नया), जीजेडबी/एसपी (एमटीसी लाइन)–नया, जीजेडबी/एसएसपी (एएलजेएन लाइन)–नया, जीजेडबी/एसपी (एमबी लाइन)–नया एएनवीआर/एसएसपी और सीएनकेपी टीएसएस के संशोधन सहित सामान्य बिजली आपूर्ति कार्य और चाणक्यपुरी में मौजूदा 66 केवी ट्रैक्शन सबस्टेशन का निराकरण, मौजूदा नई दिल्ली–मुंबई पर गति को 160/200 KMPH तक बढ़ाने के सिलसिले में"

निविदा में आंशिक संशोधन करते हुए, निविदा दस्तावेज में निम्नलिखित परिवर्तन किए गए हैं जिन्हें नीचे पढ़ा जा सकता है:–

| क्र. सं. | मद/क्लॉज नं. | मौजूदा प्रावधान | संशोधित प्रावधान |
|---|---|---|---|
| ए. | (टॉप शीट) निविदा दस्तावेज का पृष्ठ संख्या–2 | | |
| 1 | रेलवे वेबसाइट पर निविदा दस्तावेज की बिक्री/उपलब्धता | निविदा दस्तावेज IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर **24.05.2022 से 07.06.2022 तक 11:30 बजे** तक उपलब्ध रहेंगे। | निविदा दस्तावेज IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर **08.06.2022 से 22.06.2022 तक 11:30 बजे** तक उपलब्ध रहेंगे। |
| 2 | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | **07.06.2022, 11:30 बजे** तक। निविदा दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा IREPS वेबसाइट पर **दिनांक 24.05.2022 से 07.06.2022** तक अपलोड किए जा सकते हैं। | **22.06.2022, 11:30 बजे** तक। निविदा दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा IREPS वेबसाइट पर **दिनांक 08.06.2022 से 22.06.2022** तक अपलोड किए जा सकते हैं। |
| 3 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | **07.06.2022** को **11:30 बजे** निविदा अपलोड करने के तुरंत बाद। दो पैकेट प्रणाली के मामले में, पात्र निविदाकर्ताओं की वित्तीय बोलियां बाद में अधिसूचित की जाने वाली तिथि और समय पर खोली जाएंगी। | **22.06.2022** को **11:30 बजे** निविदा अपलोड करने के तुरंत बाद। दो पैकेट प्रणाली के मामले में, पात्र निविदाकर्ताओं की वित्तीय बोलियां बाद में अधिसूचित की जाने वाली तिथि और समय पर खोली जाएंगी। |

**बी. निविदा दस्तावेज का पृष्ठ संख्या–14 (महत्वपूर्ण तिथि)**

| क्र.सं. | मद/क्लॉज नं. | मौजूदा प्रावधान | संशोधित प्रावधान |
|---|---|---|---|
| 1 | **www.ireps.gov.in** पर निविदा दस्तावेज उपलब्ध होने की तिथि | 07.06.2022 | 22.06.2022 |
| 2 | **www.ireps.gov.in** पर प्रस्ताव जमा करने की शुरूआत | 24.05.2022 | 08.06.2022 |
| 3 | **www.ireps.gov.in** पर निविदा दस्तावेजों की उपलब्धता की समाप्ति निविदा/प्रस्ताव खोलना | 07.06.2022 | 22.06.2022 |

**बी. कार्य का पूरा नाम**

| क्र.सं. | मद/क्लॉज नं. | मौजूदा प्रावधान | संशोधित प्रावधान |
|---|---|---|---|
| 1 | **1.** शीर्ष शीट पर **2.** निविदा दस्तावेज के क्रमांक 02 पर **3.** निविदा दस्तावेज के क्रमांक–14 पर (निविदा सूचना) **4.** निविदा दस्तावेज के क्रमांक 30 पर (निविदा प्रपत्र पत्रक) **5.** निविदा दस्तावेज के क्रम संख्या 33 पर खंड 1.1.1 के पैरा (iii) पर **6.** समान प्रकृति के कार्य के निविदा दस्तावेज पैरा सी (i) के क्रमांक 46 पर **7.** निविदा दस्तावेज खंड 3.1 के क्रमांक 397 पर | "दिल्ली डिवीजन के **चिपियाना में** 220/25 केवी, 50 हर्ट्ज, ट्रैक्शन सब–स्टेशन के डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग के साथ–साथ ट्रैक्शन सब स्टेशन के बिल्डिंग में शामिल सिविल इंजीनियरिंग कार्य और एनडीएलएस/एसएसपी (गैन्ट्री ए सहित), एनडीएलएस/गैन्ट्री(बी), डीएफआरएन/एसएसपी, डीएसबी/एसएसपी, डीएसए/ एसएसपी, डीएलआई (गैन्ट्री ए, बी, सी), डीएलआई/एसएसपी, टीकेजे/एसपी (नया), जीजेडबी/एसपी (एमटीसी लाइन)–नया, जीजेडबी/एसएसपी (एएलजेएन लाइन)–नया, जीजेडबी/एसपी (एमबी लाइन)–नया एएनवीआर/एसएसपी और सीएनकेपी टीएसएस के संशोधन सहित सामान्य बिजली आपूर्ति कार्य और चाणक्यपुरी में मौजूदा 66 केवी ट्रैक्शन सबस्टेशन का निराकरण, मौजूदा नई दिल्ली–मुंबई पर गति को 160/200 KMPH तक बढ़ाने के सिलसिले में" | "दिल्ली डिवीजन के **साहिबाबाद (एसबीबी) गाजियाबाद (जीजेडबी) खंड** में 220/25 केवी, 50 हर्ट्ज, ट्रैक्शन सब–स्टेशन के डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग के साथ–साथ ट्रैक्शन सब स्टेशन के बिल्डिंग में शामिल सिविल इंजीनियरिंग कार्य और एनडीएलएस/एसएसपी (गैन्ट्री ए सहित), एनडीएलएस/गैन्ट्री(बी), डीएफआरएन/एसएसपी, डीएसबी/एसएसपी, डीएसए/एसएसपी, डीएलआई (गैन्ट्री ए, बी, सी), डीएलआई/एसएसपी, टीकेजे/एसपी (नया), जीजेडबी/एसपी (एमटीसी लाइन)–नया, जीजेडबी/एसएसपी (एएलजेएन लाइन)–नया, जीजेडबी/एसपी (एमबी लाइन)–नया एएनवीआर/एसएसपी और सीएनकेपी टीएसएस के संशोधन सहित सामान्य बिजली आपूर्ति कार्य और चाणक्यपुरी में मौजूदा 66 केवी ट्रैक्शन सबस्टेशन का निराकरण, मौजूदा नई दिल्ली–मुंबई पर गति को 160/200 KMPH तक बढ़ाने के सिलसिले में" |

निविदा दस्तावेज के अन्य सभी नियम और शर्तें समान रहेंगी।

**निविदा No. 325-Dy.CEE/C/NDLS/2021-22 दिनांक: 23.05.2022** **1251/22**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


## तीन बदमाशों ने दो भाइयों पर की फायरिंग

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



● एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान गुलशन की मौत हो गई

अंबेडकर नगर इलाके के मदनगीर में तीन बदमाशों ने दो भाइयों को गोली मार दी। गोली लगने से घायल गुलशन (30) की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, दूसरे घायल रोहित (27) को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। टहलने निकले थे उसी वक्त हुई फायरिंग वारदात उस वक्त हुई जब शुक्रवार देर रात खाना खाकर दोनों भाई टहलने के लिए निकले थे। इसी बीच बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने गोली चलाने वाले एक आरोपित मदनगीर निवासी सुमित (24) को गिरफ्तार कर लिया है वहीं, गोपाल और साहिल की तलाश कर रही है। एम्स में कराया गया था भर्ती दक्षिणी दिल्ली जिले की पुलिस उपायुक्त बेनिता मेरी जैकर के अनुसार, शुक्रवार रात करीब साढ़े 11 बजे पीसीआर से अंबेडकर नगर थाना पुलिस को फायरिंग की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को दो लोग घायल अवस्था में मिले। उन्हें एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान गुलशन की मौत हो गई। वहीं, मौके की छानबीन करने पर पुलिस को गोली की खोखे मिले। शराब पीकर नईम और गोपाल कर रहे थे झगड़ा स्थानीय लोगों ने बताया कि नईम और गोपाल शराब पीकर झगड़ा कर रहे थे। इस दौरान रोहित ने झगड़ा सुलझाने की कोशिश की तो शोर सुनकर उसका बड़ा भाई गुलशन भी वहां आ गया। उनके बीच हाथापाई होने लगी और आरोपित सुमित ने फायरिंग कर दी। इससे रोहित व गुलशन को गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपित सुमित को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ पहले से ही आर्म्स एक्ट के दो मामले दर्ज हैं।

# दिल्ली के होटलों, क्लबों और रेस्तरां मालिकों को केजरीवाल सरकार ने दी बड़ी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवादादाता



- सभी लाइसेंसधारकों को नवीनीकरण के लिए अपना आवेदन जमा करने का निर्देश दिया गया है
- विस्तार के लिए लाइसेंसधारकों को 31 मई तक दो महीने के लिए लाइसेंस शुल्क का भुगतान करना होगा

वर्ष 2022-23 के लिए शहर की आबकारी नीति को मंजूरी देने में देरी के मद्देनजर दिल्ली के होटलों, क्लबों और रेस्तरां के आबकारी लाइसेंस की अवधि 31 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। इससे पहले दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग ने सोमवार को जारी आदेश में आबकारी नीति 2021-22 को दो महीने के लिए 31 जुलाई तक बढ़ा दिया था। बता दें कि आबकारी नीति 2022-23 को दिल्ली कैबिनेट ने पांच मई को मंजूरी दी थी। इसे उपराज्यपाल (एलजी) द्वारा अनुमोदित किया जाना बाकी है। विस्तार के लिए लाइसेंसधारकों को 31 मई तक दो महीने के लिए लाइसेंस शुल्क का भुगतान करना होगा। सभी लाइसेंसधारकों को नवीनीकरण के लिए अपना आवेदन जमा करने का निर्देश दिया गया है। विभाग के आदेश के अनुसार लाइसेंस शुल्क में कोई वृद्धि नहीं की गई है। बता दें कि अनिल बैजल ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए 18 मई को उपराज्यपाल के पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके बाद विनय कुमार सक्सेना ने बृहस्पतिवार को इस पद की शपथ ली है। दिल्ली सरकार ने पिछले साल नवंबर में नई आबकारी नीति लागू की थी जिसके तहत निजी आपरेटरों को खुली निविदा के जरिये शराब की खुदरा बिक्री के लाइसेंस जारी किए गए थे। गौरतलब है कि दिल्ली सरकार ने वर्ष 2021-22 के लिए नई आबकारी नीति को लागू कर दी है, जो 17 नवंबर 2021 से प्रभावी हो चुकी है। नई अबकारी नीति से प्रत्येक वार्ड में तीन से चार शराब की दुकानें खुल रही हैं। पहले 272 वार्ड में 79 ऐसे वार्ड थे, जहां एक भी शराब की दुकानें नहीं थीं। वहीं 45 वार्ड ऐसे थे, जहां एक से दो दुकानें ही थीं। इसके साथ नई आबकारी नीति लागू होने के बाद से दिल्ली में शराब और बियर दोनों ही

# उत्तर पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास में 19 साल के लड़के की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




उत्तर पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास इलाके में शुक्रवार बीती रात एक 19 साल के लड़के की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, रात करीब 10.40 बजे लड़के के सीने में गोली मारी गई। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, मृतक का नाम सोहेल है। सोहेल पिछले छह साल से श्रीराम कालोनी में अपने चाचा के साथ रह रहा था। वह एक गारमेंट फैक्ट्री में काम करता था। सोहेल की नहीं थी किसी से दुश्मनी सोहेल के चचेरे भाई मुबारक अंसारी ने कहा, 'सोहेल मेरी मौसी का बेटा है। वह यहां (श्रीराम कालोनी) हमारे साथ रहता था। मुझे अपने दोस्त से घटना के बारे में पता चला। जब मैं पहुंचा तो वो जमीन पर गिरा था।' अंसारी ने आगे जानकारी देते हुए कहा, 'मुझे बताया गया कि कुछ लोगों ने उसे गोली मार दी और भाग गए। अंसारी ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और सोहेल को अस्पताल ले गई है। हम चाहते हैं कि पुलिस जल्द ही हत्यारे की पहचान करे। सोहेल की किसी दुश्मनी को लेकर जब मुबारक अंसारी से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उसका (सोहेल) कोई दुश्मन नहीं था। वह काम पर जाता थे और सीधे घर आता थे। पिछले छह साल से हमारे साथ वह रह रहे थे। हमने आज तक किसी के साथ उनकी लड़ाई के बारे में नहीं सुना।' आइपीसी की धारा 320 के तहत मुकदमा दर्ज इस घटना पर ज्यादा जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि घटना के तुरंत बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि एक व्यक्ति खून से लथपथ पड़ा है। जांच करने पर उसके सीने पर गोली लगने का निशान पाया गया। सोहेल को जेपीसी अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने जानकारी दी है कि फारेंसिक व क्राइम टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, आइपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार एक संदिग्ध की पहचान कर ली गई है और उसकी तलाश की जा रही है।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड पर लगाया 50 हजार का जुमार्ना



नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

सहायक शिक्षक पद के लिए सफल उम्मीदवार घोषित होने के बाद महिला शिक्षिका के मामले में सुनवाई में देरी पर दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। न्यायमूर्ति नज्मी वजीरी और न्यायमूर्ति स्वर्ण कांत शर्मा की पीठ ने कहा कि यह एक गलत धारणा है कि वह दो अवसरों के बावजूद दस्तावेज जमा करने में विफल रहीं थीं। पीठ ने कहा कि महिला को बगैर किसी गलती के केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) और इस अदालत का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर किया गया है। ऐसे में महिला को हुए वित्तीय नुकसान की कुछ हद तक भरपाई की जानी चाहिए। पीठ ने एक महीने के अंदर याचिकाकर्ता को नियुक्ति पत्र जारी करने और इसी समयाविधि के अंदर डीएसएसएसबी को उक्त धनराशि का याचिकाकर्ता को भुगतान करने का निर्देश दिया। महिला याचिकाकर्ता सहायक शिक्षक (नर्सरी) के पद के लिए 19 नवंबर 2019 को संबंधित भर्ती परीक्षा में शामिल हुई थीं और 106 अंक हासिल करने के बाद एक सफल उम्मीदवार घोषित की गई थीं। डीएसएसएसबी की वेबसाइट पर अपनी उम्मीदवारी के लिए आवश्यक सहायक दस्तावेज अपलोड करने की अनुमति दी गई थी। हालांकि, निर्धारित समयसीमा के अंदर दस्तावेज अपलोड नहीं किए गए। महिला ने कहा था कि यात्रा के दौरान दस्तावेज से भरा बैग खो गया था।


## BIHARIJI ISPAT UDYOG LIMITED

**CIN:L27109DL1974PLC007047**

**Registered Office: 602, CHIRANJIV TOWER, 43, NEHRU PLACE, NEW DELHI - 110019**

**Ph. No:- 011-26234244, E-mail Id: biharijiispat@gmail.com, Web-site:www.biharijiispat.com**

### Extract of Audited Standalone Financial Results for the Quarter and Financial year ended March 31, 2022

(₹ in Lakhs)

| S. No. | PARTICULARS | Quarter Ended | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2022 | 31.12.2021 | 31.03.2022 | 31.03.2021 |
| | | Audited | Un-audited | Audited | Audited |
| 1 | Total income from operations | 1689.84 | 1610.12 | 4516.12 | 1237.25 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items) | 75.21 | (17.23) | (81.60) | (103.22) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | 75.21 | (17.23) | (81.60) | (103.22) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | 91.12 | (17.23) | (65.69) | (84.74) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | 92.43 | (17.23) | (64.38) | (86.25) |
| 6 | Equity Share Capital | 600.00 | 600.00 | 600.00 | 600.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserves as shown in the Audited Balance Sheet of previous year - 31.03.2022) | - | - | 2824.15 | - |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)- (a) Basic (b) Diluted | 1.54<br>1.54 | (0.29)<br>(0.29) | (1.07)<br>(1.07) | (1.44)<br>(1.44) |

1. The above is an extract of the detailed format of standalone Audited Financial Results for the quarter and Financial year ended on March 31, 2022, filed with the Mertopolitan Stock Exchange of India under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Audited Financial Results for the quarter and Financial year ended on March 31, 2022 is available on the Stock Exchange website viz. **www.msei.in** and on Company's website viz. **www.biharijiispat.com**.
2. The above Audited financial results for the quarter and Financial year ended on March 31, 2022 have been reviewed by the Audit Committee and have been approved by the Board of Directors in its meeting held on 28-05-2022.

**BIHARIJI ISPAT UDYOG LIMITED**
**Sd/-**
**(O.P. Bhardwaj)**
**Managing Director**
**DIN : 00060405**

**Place: New Delhi**
**Date: 28-05-2022**


**सुविधा** 600 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह प्लांट अगले एक साल में बन जाएगा

# दिल्ली के 22 लाख लोगों को मिलेगा शुद्ध पानी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली सरकार ने हर घर को नल से 24 घंटे साफ पानी मुहैया कराने क घोषणा की है। इसी घोषणा को साकार करने के लिए सरकार द्वारा चंद्रावल में नया वाटर ट्रीट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) बनाया जा रहा है। 600 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह प्लांट अगले एक साल में बन जाएगा। इस प्लांट की क्षमता 477 एमएलडी पानी को ट्रीट करने की होगी। चंद्रावल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से राजधानी दिल्ली की 22 लाख आबादी शुद्ध पेयजल मिलेगा। शुक्रवार को दिल्ली जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने चंद्रावल प्लांट का मुआयना किया। साथ ही अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सत्येंद्र जैन ने कहा है कि चंद्रावल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट दिल्ली के सबसे आधुनिक प्लांट्स में से एक है। इस प्लांट के शुरू होने के बाद दिल्ली के पानी का उत्पादन करने की क्षमता बढ़ जाएगी। इसकी खासियत यह होगी कि यह अमोनिया वाले पानी को भी ट्रीट कर पाएगा। फिलहाल पुरानी टेक्नालाजी में लगाए गए डब्ल्यूटीपी अमोनिया ट्रीट करने में अक्षम हैं, इससे प्लांट को शटडाउन करना पड़ता है। अप्रैल 2023 तक इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। डब्ल्यूटीपी बंद होने की समस्या का होगा समाधानवर्तमान में चंद्रावल में दो डब्ल्यूटीपी चल रहे हैं। इनमें से एक प्लांट 35 एमजीडी का है, जो 1940 में बना था। दूसरा प्लांट 55 एमजीडी का है, जो 1960 में बना था। दोनों प्लांट काफी पुराने हो चुके हैं। ऐसे में अभी तक हरियाणा से आने वाले पानी में अधिक अमोनिया लेवल होने पर प्लांट को बंद करने की नौबत आ जाती है, जिससे जल आपूर्ति बाधित हो जाती है, लेकिन चंद्रावल में बनाए जा रहे आधुनिक डब्ल्यूटीपी के शुरू होने के बाद डब्ल्यूटीपी बंद होने की समस्या का समाधान हो जाएगा। यह डब्ल्यूटीपी उच्च स्तर के अमोनिया कंटेंट (4 पीपीएम तक) को ट्रीट कर सकेगा। इसके अलावा मौजूदा 55 एमजीडी वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को भी पुनर्विकसित किया जाएगा। इस डब्ल्यूटीपी में ओजोनेशन जेनरेशन सिस्टम, ओजोन कांटेक्ट टैंक, रैपिड ग्रेविटी फिल्ट्रेशन सिस्टम, पंप हाउस (ट्रीटेड वाटर ट्रांसमिशन पंप्स), केमिकल हाउस और केमिकल डोजिंग सिस्टम की सुविधा होगी। इसमें ओजोनेशन और एक्टिव कार्बन तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। यह डब्ल्यूटीपी पानी से आर्गेनिक मैटर, बैक्टीरिया और वायरस को भी निकाल सकेगा।

पानी के टेस्ट और बदबू को भी ट्रीट करेगा। चंद्रावल डब्ल्यूटीपी पानी की मानिटरिंग भी करेगा। यूजीआर यूटिलिटी को मानिटर व कंट्रोल करना, पंप यूटिलिटी को मानिटर और कंट्रोल करना, कितना पानी किस एरिया में दिया गया और वहां कितना पानी पहुंचा आदि से संबंधित डेटा, डब्ल्यूटीपी की यूटिलिटी कंट्रोल करना आदि को भी मानिटर करेगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, रविवार, 29 मई, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### बॉलीवुड की मेकअप आर्टिस्ट के घर 40 लाख की लूट

नई दिल्ली। ग्रेटर कैलाश पार्ट-2 में बॉलीवुड की मेकअप आर्टिस्ट के घर में शुक्रवार की शाम 40 लाख की लूट की वारदात हुई। हालांकि सीआर पार्क थाना पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए पीड़िता के चालक और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों प्रमोद और फूल कुमार यादव के पास से लूट के 37.40 लाख रुपये, एक पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। जांच में सामने आया कि पीड़िता के यहां चालक के तौर पर काम करने वाले प्रमोद ने ही लूट की साजिश रची थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 27 मई की शाम 5 बजे ग्रेटर कैलाश इलाके में 60 लाख रुपये की लूट की सूचना मिली। सीआर पार्क थाना एसएचओ रितेश शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां मौजूद शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि उसने अपनी बहन के साथ होटल हयात में एक मेकअप क्लास का आयोजन किया था, जिसमें हिस्सा लेने वाली छात्राओं ने 40 लाख रुपये फीस जमा की थी। पीड़िता रकम लेकर गाड़ी से घर पहुंची और चालक प्रमोद को रुपयों वाला बैग लाने के लिए कहकर खुद अंदर चली गई। कुछ देर में प्रमोद ने बताया कि कुछ बदमाश आए और उसकी आंखों में लाल मिर्च पाउडर डालकर बैग लूटकर फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर इंस्पेक्टर रितेश के साथ एसआई जितेंद्र मलिक और एसआई अमित की टीम को जांच में लगाया गया। दोनों टीम ने मौके से सीसीटीवी फुटेज, प्रमोद की कॉल डिटेल और अन्य सुराग जमा कर जांच शुरू की। फुटेज की जांच में पुलिस को सिर्फ एक व्यक्ति बैग ले जाता हुआ दिखाई दिया तो प्रमोद की कहानी पर शक हुआ।

### प्रगति मैदान टनल : एक महीने में नहीं बनी 50 मीटर की सड़क

नई दिल्ली। जाम के लिहाज से अहम प्रोजेक्ट प्रगति मैदान टनल को पूरा करने की समय सीमा लगातार बढ़ाई जा रही है। मौके पर निर्माण की गति बेहद धीमी है, जिसके चलते समय लग रहा है। सबसे कम काम रिंग रोड पर प्रगति पावर केंद्र से आगे टनल में वाहनों के प्रवेश के लिए बनाई जा रही करीब 50 मीटर की संपर्क (अप्रोच) रोड का है। इस रोड को तैयार करने में ही एक महीने से ऊपर का वक्त लग गया है। बता दें कि टनल को 25 अप्रैल तक खोला जाना था, लेकिन टनल से जुड़ा काम मई में भी पूरा नहीं होने की संभावना है। जून में भी दूसरे सप्ताह तक टनल का काम खींच सकता है। प्रोजेक्ट पर मशीनरी और श्रम शक्ति बेहद कम है, जिसके चलते काम लगातार पीछे खींचता जा रहा है। उधर, टनल न खुल पाने के कारण भैरो मार्ग, रिंग रोड और पटियाला हाउस कोर्ट रोड पर लाखों लोगों को रोज जाम से जूझना पड़ रहा है। 21 मार्च को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने टनल का निरीक्षण किया था, जिसके बाद एक महीने में (25 अप्रैल तक) टनल को खोले जाने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका है। कंकरीट डालने का काम भी अधूरा : करीब 30 मीटर के हिस्से में अब तक कंकरीट डालने का भी काम पूरा नहीं हुआ है। उधर, मथुरा रोड से मंडी हाउस की तरफ जाने वाली सड़क से सीधे टनल के अंदर जाने के लिए संपर्क रोड बनकर तैयार हो गई है।

### मुंडका में लेंटर गिरने से एक मजदूर की मौत, दो घायल

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के मुंडका गांव स्थित फिरनी रोड पर शुक्रवार शाम एक निर्माणाधीन इमारत का लेंटर ढह गया। जिसकी चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दो अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। मुंडका थाना पुलिस ने 24 वर्षीय मानस के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों में 54 वर्षीय गरीब शाह और सचिन कुमार शामिल हैं। दोनों घायल पिता-पुत्र हैं और मुंडका इलाके में ही किराए पर रहते हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस उपायुक्त समीर शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना शुक्रवार शाम 5.19 बजे मिली। इसके बाद पुलिस और दमकलकर्मी मौके पर पहुंच गए। इस बीच मकान मालिक कपिल अपने भतीजे सुभाष के साथ घायलों को संजय गांधी अस्पताल ले जा चुका था। पुलिस की एक टीम तुरंत अस्पताल पहुंची। जहां डॉक्टरों ने मजदूर मानस को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे मजदूर गरीब शाह व उनके बेटे सचिन कुमार का उपचार चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि लेंटर कुछ ही देर में ढह गया।

# धरातल पर समस्याओं को समझते दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



- मतलब पिंक बाल पर दूधिया रोशनी में खेलने जैसी चुनौती का मुकाबला करने में भी ये सक्षम हो सकते हैं

एक अच्छा कप्तान जब टास के लिए मैदान में आता है तो वहां उसके भीतर जो आत्मविश्वास का भाव होता है, वह अहसास करा देता है कि टीम के साथ सामंजस्य बैठाकर एक अच्छी पारी खेल सकता है या जल्दी निपट जाएगा। यहां बात हो रही है दिल्ली के नए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की। सक्सेना साहब भले ही क्रिकेटर नहीं हैं, लेकिन उनका अनुभव कहता है कि दिल्ली की पिच पर दिल्ली और प्रदेश सरकार के बीच तालमेल बैठाकर पारी को बहुत सहज तरीके से खेला जाएगा। इनकी पिच दिल्ली में विकास को और पुष्पित-पल्लवित करने व सभी धर्मो के लोगों को साथ लेकर चलने में कितनी सक्षम होगी, इस बात की झलक इनके आरंभिक संबोधन से ही प्रतीत होती है। मतलब पिंक बाल पर दूधिया रोशनी में खेलने जैसी चुनौती का मुकाबला करने में भी ये सक्षम हो सकते हैं। वैसे भी शपथ लेते ही बात सिटी आफ ज्वाय की है तो निश्चित ही ज्वाय मूड से ही सभी को लेकर चलेंगे। दरअसल दिल्ली ज्वाय सिटी तब ही बन पाएगी जब जिनके हाथों शहर की कमान है, वे आपसी खींचतान को दरकिनार कर केवल जनहित की बात करें। सभी योजनाओं पर अपनी मुहर की चिंता छोड़ निर्णयों को प्राथमिकता दें जिससे देश की राजधानी एक आदर्श शहर की तर्ज पर खरी उतर सके। अभी इस दिशा में केवल बातें होती हैं। आपसी टकराव और खींचतान में दिल्ली की कई हितकारी सुविधाएं अटकी रह गईं। केंद्र व प्रदेश सरकार के बीच सहज संवाद : पुलिस को लेकर दिल्ली में हमेशा तलवारें खींची रहती हैं। दिल्ली सरकार हर बड़ी आपराधिक घटना के बाद उस पर अधिकार और नियंत्रण को लेकर अपने अधिकारों का हवाला देती है। फिलहाल यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। केंद्र की दलील यही रहती है कि दिल्ली देश की राजधानी है और दुनिया भारत को दिल्ली की नजर से देखती है। इसलिए, केंद्र के पास अपने प्रशासन पर विशेष अधिकार हो और अहम मुद्दों पर नियंत्रण हो। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार ने पिछले साल गवर्नमेंट आफ एनसीटी आफ दिल्ली एक्ट पारित किया था। इसमें दिल्ली के एलजी को कुछ अधिकार दिए गए थे। आम आदमी पार्टी ने इसी कानून के खिलाफ सर्वोच्च अदालत में याचिका दायर की थी। आम आदमी पार्टी अक्सर केंद्र सरकार पर चुनी हुई सरकार के कामकाज में बाधा डालने के लिए उपराज्यपाल का इस्तेमाल करने का आरोप लगाती रहती है। यह लड़ाई वर्षो से चली आ रही है। वजह वही कि दिल्ली पूर्ण राज्य नहीं है और यहां केंद्र का नियंत्रण भी है। इस बारे में पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की भी शिकायत रहती थी, लेकिन उस समय कभी पुरजोर तरीके से मांग नहीं उठी। बहरहाल दिल्ली को सिटी आफ ज्वाय बनाने के संदर्भ में भौगोलिक दृष्टि से भी देखना होगा कि यह न केवल शहर है, बल्कि राज्य और नेशनल कैपिटल टेरिटरी भी है। वहीं नेशनल कैपिटल रीजन भी एक तरह की योजना है जिसका उद्देश्य दिल्ली और आसपास के क्षेत्र को सुनियोजित रूप से विकसित करना था। इसका दायरा आसपास की सीमाओं से सटे राज्यों तक विस्तृत है। दुनिया के कई अन्य देशों के शहरों में भी ऐसी व्यवस्था लागू है जिसके तहत उनका प्रशासन वहां की केंद्र सरकार के अधीन है। अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन, आस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा और कनाडा की राजधानी ओटावा में वहां की संघीय सरकार का ही नियंत्रण है।

## कांग्रेस नेता संदीप तंवर आम आदमी पार्टी में हुए शामिल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता संदीप तंवर शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। संदीप तंवर कांग्रेस के ओबीसी विभाग मीडिया के राष्ट्रीय प्रभारी थे। आप से राज्यसभा सांसद संजय सिंह और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) प्रभारी दुर्गेश पाठक ने संदीप तंवर को पार्टी की टोपी और पटका पहनाकर उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। संदीप तंवर कांग्रेस के ओबीसी विभाग मीडिया के राष्ट्रीय प्रभारी थे। वह फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन ऑफ स्मॉल इंडस्ट्रीज ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी थे। इसके साथ ही 2008-2015 और 2015-2020 में वह दिल्ली छावनी विधानसभा के पार्षद रह चुके हैं। 2015 एवं 2020 में दिल्ली छावनी विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी रहे हैं। यूथ कांग्रेस कमेटी दिल्ली छावनी के ब्लॉक अध्यक्ष रह चुके हैं। संदीप तंवर दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के महामंत्री भी रह चुके हैं। संदीप तंवर के साथ सूर्यूश तंवर जोकि यूथ कांग्रेस में करोल बाग जिला महामंत्री थे, रजनीश तंवर, राजकुमार शर्मा और दिनेश निर्माण भी शनिवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि केजरीवाल मॉडल और आम आदमी पार्टी की काम की राजनीति से प्रभावित होकर न सिर्फ दिल्ली से बल्कि पूरे देश के विभिन्न क्षेत्रों और अलग-अलग पार्टियों से लगातार लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

## तीन हजार निवेशकों को दिया इकाइयों के आवंटन का झांसा, 543 करोड़ की ठगी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के प्रस्तावित टाउनशिप में व्यावसायिक और आवासीय इकाइयों के आवंटन का झांसा देकर निवेशकों से 543 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले दो निदेशकों को गिरफ्तार किया है। एएमआर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के दोनों निदेशक माडल टाउन निवासी आशीष गुप्ता और करोलबाग निवासी कपिल कुमार ने तीन हजार निवेशकों से 543 करोड़ रुपये की ठगी करने की है। दोनों भगोड़ा भी घोषित हो चुके थे। संयुक्त आयुक्त आर्थिक अपराध शाखा छाया शर्मा ने बताया कि वर्ष 2015 में पूठकलां निवासी सूर्य सोलंकी ने आर्थिक अपराध शाखा में धोखाधड़ी और ठगी की शिकायत की थी। शिकायत में बताया गया था कि एएमआर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के निदेशकों ने उन्हें ग्रेटर नोएडा स्थित आइटी परियोजना में इकाइयों के आवंटन के लिए निवेश करने के लिए प्रेरित किया। वर्ष 2006 से 2009 के बीच शिकायतकर्ता और उसके परिवार के सदस्यों ने 93.12 लाख रुपये का निवेश किया। कंपनी ने निवेशकों के निवेश पर उन्हें 12 फीसदी सुनिश्चित रिटर्न देने का भरोसा दिया था। निवेशकों से पैसे मिलने के बाद आरोपित परियोजना बंद कर फरार हो गए। जांच के दौरान पता चला कि आरोपितों ने करीब तीन हजार निवेशकों से 543 करोड़ रुपये की ठगी की है। पुलिस ने कंपनी के बैंक खातों की जांच की और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से दस्तावेज जुटाए। कंपनी के दस्तावेजों से पता चला कि गिरफ्तार दोनों आरोपित अपराध करने के दौरान कंपनी के शेयरधारक और निदेशक थे। इस मामले में निचली अदालत से उन्हें भगोड़ा घोषित किया गया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपितों ने सुप्रीम कोर्ट तक याचिका दाखिल की, लेकिन उनकी याचिकाएं खारिज हो गईं। इसके बाद पुलिस ने दिल्ली से आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित आशीष गुप्ता ने बताया वह कंपनी का पूर्णकालिक निदेशक था और कंपनी में उसकी 12.5 फीसदी हिस्सेदारी थी। वहीं, कपिल कुमार मणिपाल विश्वविद्यालय से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था, लेकिन कोर्स पूरा नहीं कर पाया। उसने गारमेंट कारोबार में हाथ आजमाया।

# सौर और पवन ऊर्जा उत्पादन में वैश्विक स्तर पर भारत टाप 5 में

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कोयले से चलने वाले संयंत्रों को बंद करने और अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर हो रहे प्रयास फलीभूत होने लगे हैं। भारत इस दिशा में वैश्विक स्तर पर टाप-5 में शामिल हो गया है। सौर ऊर्जा के मामले में भाती तीसरे जबकि पवन ऊर्जा के मामले में पांचवे नंबर पर है। नंबर एक पर चीन है, जिसके पास न सिर्फ सौर ऊर्जा की सबसे ज्यादा स्थापित उत्पादन क्षमता है बल्कि पवन ऊर्जा में भी सबसे आगे चीन ही है। यह जानकारी सामने आई है ग्लोबल एनर्जी मानिटर के ताजा रिपोर्ट से। ग्लोबल एनर्जी मानिटर ने रिन्यूबल एनर्जी के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर हो रहे एनर्जी ट्रांजिशन पर नजर रखने के लिए दो नए टूल जारी किए हैं। इनमें से एक पवन ऊर्जा ट्रैकर है जो 10 मेगावाट या उससे अधिक क्षमता वाले वायु ऊर्जा फार्म को कवर करता है। वहीं, दूसरा सौर ऊर्जा ट्रैकर है जो 20 मेगावाट या उससे अधिक क्षमता वाले सौर ऊर्जा फार्म पर नजर रखता है। सरकार, कारपोरेट जगत तथा अन्य सार्वजनिक डाटा के संयोजन से यह दोनों ट्रैकर परियोजना स्तरीय डाटा उपलब्ध कराते हैं ताकि इस बात का पता लगाया जा सके कि दुनिया भर के देश किस स्तर और किस रफ्तार से सौर एवं वायु ऊर्जा रूपांतरण की दिशा में काम कर रहे हैं। ग्लोबल विंड पावर ट्रैकर (जीडब्ल्यूपीटी) 144 देशों में 13263 संचालित यूटिलिटी स्केल विंड फार्म फेसेज को अपने दायरे में लेता है, जिनसे 681.7 गीगावाट बिजली पैदा होती है। साथ ही इसमें 5233 अतिरिक्त प्रस्तावित परियोजनाएं भी शामिल हैं जिनसे 882 गीगावॉट बिजली का उत्पादन होगा। सर्वाधिक क्रियाशील पवन ऊर्जा उत्पादन क्षमता की परियोजनाओं वाले देश इस प्रकार हैं :-1. चीन (261.2 गीगावाट)
2. अमेरिका (127.3 गीगावाट)
3. जर्मनी (39.6 गीगावाट)
4. स्पेन (26.8 गीगावाट)
5. भारत (23.7 गीगावाट)

ग्लोबल सोलर पावर ट्रैकर (जीएसपीटी) 148 देशों में 5190 संचालित सोलर फार्म फेसेज को अपने दायरे में लेता है जिनसे 289.7 गीगावाट बिजली पैदा होती है। साथ ही इसमें 3551 अतिरिक्त प्रस्तावित परियोजनाएं भी शामिल हैं जिनसे 651.6 गीगावाट बिजली का उत्पादन होगा। सर्वाधिक सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता की परियोजनाओं वाले देश इस प्रकार हैं :-1. चीन (130.3 गीगावाट)
2. अमेरिका (43.4 गीगावाट)
3. भारत (29.0 गीगावाट)
4. वियतनाम (11.3 गीगावाट)
5. मेक्सिको (10.5 गीगावाट)

## बहन से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को अग्रिम जमानत

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने सगी बहन से सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोपी वकील को राहत देते हुए अग्रिम जमानत दे दी है। न्यायालय ने मामले की जांच में शामिल होने, बिना अनुमति विदेश नहीं जाने सहित कई शर्तों पर आरोपी को अग्रिम जमानत दी है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने आरोपी की ओर से दाखिल याचिका का निपटारा करते हुए यह फैसला दिया है। याचिकाकर्ता ने अग्रिम जमानत की मांग करते हुए अपनी बहन द्वारा कथित घटना के तीन साल बाद मुकदमा दर्ज कराने पर भी सवाल उठाया है। न्यायालय ने 50 हजार रुपये के निजी मुचलका और इतनी ही रकम के एक जमानती जमा करने की शर्त पर जमानत दे दी। न्यायालय ने कहा कि ह्यकिसी व्यक्ति की स्वतंत्रता से संबंधित मामलों को सावधानी से निपटा जाना चाहिए। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता के वकील से मुकदमा दर्ज कराने में देरी का कारण पूछा। इस पर शिकायतकर्ता के वकील ने कहा कि चूंकि यह एक संवेदनशील रिश्ता था, इसलिए पीड़िता ने पिता के कहने पर शिकायत दर्ज नहीं की थी।

## संगम विहार में चाकू घोंपकर युवक की हत्या

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

संगम विहार थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने चाकू घोंपकर एक युवक की हत्या कर दी। युवक की पहचान संगम विहार निवासी आटो चालक संगम (24) के रूप में हुई है। हालांकि, पुलिस को आरोपितों और वारदात के कारण के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। पुलिस के अनुसार, पीसीआर के माध्यम से थाने में संगम विहार के गली नंबर 15 में एक व्यक्ति को छुरा घोंपने की शिकायत की गई। मौके पर पहुंची पुलिस को लोगों ने बताया कि कुछ लोगों ने एक व्यक्ति को छुरा घोंप कर घायल कर दिया था, जिसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपित फरार हो चुके थे। वहीं, मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि युवक पर आरोपितों ने चाकू से कई वार किए और उसे मरा समझने के बाद वहां से भाग गए। वहीं, ड्रग्स तस्करी के मामले में अक्सर पुलिस के हत्थे पुरुष चढ़ते हैं। लेकिन इस बार महिलाओं को एक गिरोह ड्रग्स की तस्करी करते




पकड़ा गया। मामला उत्तरी जिले के सदर बाजार थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने महिलाओं के पास से करीब 13 किलो गांजा बरामद किया है। जिला पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी के मुताबिक, तीनों गिरफ्तार आरोपितों की उम्र 42 से लेकर 57 साल के बीच है। ये महिलाएं दिल्ली ही नहीं, बल्कि हरियाणा के कुरुक्षेत्र में तस्करी करती थीं। गिरफ्तार महिलाओं में से दो हरियाणा के कुरुक्षेत्र की रहने वाली हैं। जबकि तीसरी दिल्ली के सदर बाजार इलाके की है। पुलिस टीम ने इनके पास से गांजे की खेप के साथ 60 हजार रुपये भी बरामद किया है। गिरोह को पकड़ने के लिए एसीपी प्रज्ञा आनंद की देखरेख में एसएचओ

- ड्रग्स तस्करी के मामले में अक्सर पुलिस के हत्थे पुरुष चढ़ते हैं
- पुलिस टीम ने इनके पास से गांजे की खेप के साथ 60 हजार रुपये भी बरामद किया है
- युवक पर आरोपितों ने चाकू से कई वार किए और उसे मरा समझने के बाद वहां से भाग गए

कन्हैया लाल यादव, इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक, एसआइ दीपक, विजय, विकास महिला सिपाही पूजा और राजबाला की टीम का गठन किया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने बताया कि वे दिल्ली से गांजा की खेप खरीदकर हरियाणा के कुरुक्षेत्र लेकर जाती थी।

## ऑटो चालक की चाकू से गोद कर हत्या, आरोपियों ने किए 20 वार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

संगम विहार इलाके में शुक्रवार शाम अज्ञात हमलावरों ने एक ऑटो चालक पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपियों ने 24 वर्षीय संगम शर्मा पर 20 से ज्यादा ताबड़तोड़ वार किए और मौके से फरार हो गए। संगम को घायल पड़ा देखकर लोगों ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने के बाद पहुंची संगम विहार थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया है और हत्या की धारा में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की पहचान का प्रयास कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक संगम शर्मा अपने परिवार के साथ रतिया मार्ग संगम विहार में रहता था। परिवार में माता-पिता के अलावा भाई भी शामिल है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शाम करीब 6.30 बजे सूचन मिली कि गली नम्बर 15 के एक खाली प्लांट में युवक के घायलावस्था में पड़ा हुआ है। युवक पर चाकू से वार किए गए थे। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो पता लगा कि युवक को तीन लोगों ने चाकू से हमला किया है। परिजनों ने पीड़ित संगम को बत्रा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# दिल्ली-एनसीआर में फिर शुरू होगा गर्मी का सितम

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह आंधी और फिर लगातार 3 घंटे तक चली झमाझम बारिश के बाद लगातार मौसम सुहाना बना हुआ था, लेकिन अब इसमें बड़ा बदलाव नजर आने वाला है। दरअसल, दिल्ली-एनसीआर का मौसम अब पूरी तरह शुष्क हो गया है। ऐसे में अब गर्मी धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, मई के अंत तक देश की राजधानी और एनसीआर में लू चलने की संभावना तो नहीं है, लेकिन अधिकतम तापमान में इजाफा जरूर होगा। मौसम विभाग के अनुसार, अब 28 मई यानी शनिवार को अधिकतम तामपान 40 डिग्री के आसपास या फिर पार भी पहुंच सकता है। इसके बाद 31 मई को अधिकतम तापमान 41 डिग्री तक दर्ज होगा। बता दें कि गर्मी से राहत का दौर अब खत्म हो गया है। तापमान और धूप की चुभन फिर से परेशान करेगी। हालांकि शनिवार को दिन भर आंशिक बादल छाए रहेंगे, लेकिन अधिकतम तापमान 41 डिग्री पार हो जाने के आसार हैं। अगले कुछ दिन तक मौसम शुष्क ही रहने की संभावना है। दिल्ली का अधिकतम तापमान शुक्रवार को सामान्य से एक डिग्री कम 39.3 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 25.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। हवा में नमी का स्तर 78 से 36 प्रतिशत रहा। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि शनिवार को आंशिक बादल छाए रहेंगे। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 41 और 27 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। रविवार तक दिल्ली का तापमान 42 डिग्री तक चला जाएगा। खराब श्रेणी में रही दिल्ली एनसीआर की हवा शुक्रवार को दिल्ली एनसीआर की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज की गई। सफर इंडिया का कहना है कि अभी एक दो दिन ये खराब ही रहेगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली का एयर इंडेक्स 206 रहा। एनसीआर के शहरों में फरीदाबाद का एयर इंडेक्स 255, गाजियाबाद का 201, ग्रेटर नोएडा का 220, गुरुग्राम का 226 और नोएडा का 220 दर्ज किया गया।

## दिल्ली नगर निगम में शिक्षा विभाग के 17 अधिकारियों का तबादला

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के एकीकृत होने के बाद का पहला सप्ताह अधिकारियों के तबादलों के नाम रहा। शुक्रवार देर रात शिक्षा विभाग में अतिरिक्त निदेशक प्रथम, द्वितीय और तृतीय सहित 17 अधिकारियों के तबादले किए गए। इसके साथ ही उद्यान विभाग में तीन निदेशकों को कार्यभार सौंपा गया और कहा गया कि राजधानी के अधिकांश पार्कों को ई-वेस्ट और री-यूज सामग्री से विकसित किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक शिक्षा विभाग में डॉक्टर सीमा शर्मा को अतिरिक्त निदेशक प्रथम का कार्यभार सौंपते हुए मध्य जोन, दक्षिण जोन, केशवपुरम और करोल बाग जोन का प्रमुख बनाया गया है। इसके अलावा उन्हें आर एंड ई, प्लान, आरटीआई, नर्सरी, छात्रों के वेलफेयरशिप सहित अन्य शाखाओं का कार्य सौंपा गया है। मिनी शर्मा को अतिरिक्त निदेशक द्वितीय का कार्यभार सौंपते हुए शाहदरा दक्षिण जोन, शाहदरा उत्तरी जोन, सिविल लाइंस और सिटी एसपी जोन का दायित्व दिया गया है। सामान्य शाखा, डीडीओ, टीआरसी, एनजीओ प्रोजेक्ट, स्कूल हेल्थ सहित अन्य शाखा का कार्य भी उनके पास रहेगा। मुक्तामय मंडल को अतिरिक्त निदेशक तृतीय बनाया गया है। उन्हें नजफगढ़, पश्चिम, रोहिणी और नरेला जोन दिया गया है। इसके अलावा प्रशासन, मिड डे मील, खरीदारी, आईटी सहित अन्य शाखा का कार्य भी सौंपा गया है। उप-निदेशक शिक्षा आरपी राणा, जेसी जोशी, राजीव कुमार डीडीई, डॉली कौर डीडीई, संगीता जैन एडीई, ऊषा एडीई, गीता कुमार डीडीई, मंजू खत्री डीडीई, शिव कुमार एडीई, नीलम एडीई, ओपी सिंह जेएलओ तथा कामिनी सिंह को जेएलओ का कार्यभार सौंपा गया है। निगम के उद्यान विभाग में निदेशक स्तर के तीन अधिकारियों को कार्यभार सौंपा गया है। इनमें दक्षिण निगम में रहे डॉक्टर आलोक सिंह को निदेशक उद्यान प्रथम, पूर्वी निगम के राघवेंद्र कुमार सिंह को निदेशक उद्यान द्वितीय तथा उत्तरी निगम में रहे डॉक्टर आशीष प्रियदर्शिनी को निदेशक उद्यान तृतीय बनाया गया। निदेशक प्रथम दक्षिण जोन, मध्य जोन, पश्चिम तथा नजफगढ़ जोन का कार्य संभालेंगे।

**सूचना** दूसरे फ्लाईओवर के तहत सराय काले खां से बारापुला लूप तक रिंग रोड होगा सिग्नल-फ्री

# सराय काले खां को जाम फ्री के लिए बनाए जाएंगे दो नए फ्लाईओवर

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



सराय काले खां जिस तरह से परिवहन हब बनता जा रहा है, इसे देखते हुए इस इलाके में जाम लगने की आशंका भी बढ़ रही है। इसे गंभीरता से लेते हुए अब सराय काले खां से लेकर बारापुला एलिवेटेड कारिडोर तक रिंग रोड को सिग्नल फ्री बनाने की योजना है। इसके तहत रिंग रोड के इस भाग में दो फ्लाईओवर बनाकर रिंग रोड को सिग्नल फ्री किया जाएगा। बात दें कि सराय काले खां में रेलवे स्टेशन पहले से ही है। लेकिन, जब से यहां से दक्षिण भारत के लिए ट्रेनें शुरू हुई हैं, यहां यातायात का दबाव बढ़ गया है। यहां अंतरराज्यीय बस अड्डा है, मेट्रो स्टेशन है और अब रैपिड रेल का भी स्टेशन बन रहा है। ये तीनों इंटर कनेक्टेड भी होंगे। इससे यहां भीड़ बढ़ेगी और अभी जितना जाम लगता है, उससे कहीं अधिक जाम लगने की आशंका जताई जा रही है। इसी के मद्देनजर यह कवायद की जा रही है। सराय काले खां बस अड्डे के सामने का सिंगल फ्लाईओवर होगा डबल योजना के तहत सराय काले खां बस अड्डे के सामने पहले से बने तीन लेन के सिंगल फ्लाईओवर को डबल किया जाएगा। अभी इस फ्लाईओवर से आश्रम की ओर से आकर वाहन चालक आइटीओ या यमुनापर की ओर जाते हैं। इसी के साथ बनने वाले दूसरे तीन लेन के फ्लाईओवर से लोग आइटीओ या यमुनापार की ओर से आकर आश्रम की तरफ जा सकेंगे। इससे उन्हें सराय काले खां पर जाम में नहीं फंसना पड़ेगा। फ्लाईओवर निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। इस पर 57.7 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। फ्लाईओवर करीब 600 मीटर लंबा होगा। इसके ठीक नीचे टी-जंक्शन पर दो यू-टर्न भी बनाए जाएंगे। मंजूरी के लिए परियोजना को दिल्ली अर्बन आर्ट कमीशन (डीयूएसी) में लगाया गया है। जल्द ही इसे अनुमति मिलने की उम्मीद है। दूसरे फ्लाईओवर के तहत सराय काले खां से बारापुला लूप तक रिंग रोड होगा सिग्नल-फ्री दूसर सरे फ्लाईओवर के तहत सराय काले खां से लेकर बारापुला एलिवेटेड कारिडोर के फेज-एक के लूप तक च्रग रोड को सिग्नल-फ्री किया जाएगा। इसके तहत सराय काले खां बस अड्डा वाले सिंगल बने फ्लाईओवर से शुरू होकर दोतरफा यातायात वाला, यानी छह लेन का फ्लाईओवर बनेगा। इस परियोजना को भी स्वीकृति के लिए यूटिपेक (यूनिफाइड ट्रैफिक एंड ट्रासपोर्टेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग एंड इंजीनियरिंग सेंटर) में लगाया गया है। वहां से अनुमति मिलने के बाद इसे डीयूएसी में लगाया जाएगा और टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के सूत्रों का कहना है कि अभी इस फ्लाईओवर परियोजना को दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल के लिए काम कर रहे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रीय परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) आगे बढ़ा रहा है। अगर पीडब्ल्यूडी को इस परियोजना के लिए जिम्मेदारी और राशि मिली तो वह इस पर काम करेगा।

## भाजपा प्रवक्ता नुपुर शर्मा का आरोप, दी जा रहीं दुष्कर्म व हत्या की धमकियां

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता नुपुर शर्मा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि ज्ञानवापी मामले में उनकी एक हालिया टीवी डिबेट का जबर्दस्त तरीके से संपादित वीडियो तथाकथित फैक्ट-चेकर द्वारा सकुर्लेट किए जाने के बाद से उन्हें इंटरनेट मीडिया पर दुष्कर्म और गला काटकर हत्या करने की धमकियां मिल रही हैं। नुपुर शर्मा ने आरोप लगाया कि आल्ट न्यूज के प्रोपराइटर ने उनके खिलाफ ट्रोल को बढ़ावा देने के लिए संपादित वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने कहा, 'मैंने पुलिस कमिश्नर और दिल्ली पुलिस को टैग किया है। मुझे संदेह है कि मुझे और मेरे परिवार के सदस्यों को नुकसान पहुंचाया जाएगा। अगर मुझे या मेरे परिवार के सदस्यों को कोई नुकसान पहुंचाया जाता है तो मोहम्मद जुबैर, जो शायद आल्ट न्यूज का प्रोपराइटर है, पूरी तरह जिम्मेदार होगा।' उन्होंने कहा कि वह जल्द ही इस संबंध में शिकायत दर्ज कराएंगी। वहीं, दिल्ली पुलिस ने एक ट्वीट में कहा कि जरूरी कार्रवाई के लिए मामला संबंधित अधिकारियों को फारवर्ड कर दिया गया है। उनसे (नुपुर से) जल्द ही संपर्क किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही इस संबंध में शिकायत दर्ज कराएंगी। वहीं, दिल्ली पुलिस ने एक ट्वीट में कहा कि जरूरी कार्रवाई के लिए मामला संबंधित अधिकारियों को फारवर्ड कर दिया गया है। उनसे (नुपुर से) जल्द ही संपर्क किया जाएगा। कौन है नुपुर शर्मा नूपुर शर्मा दिल्ली भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी समिति की सदस्य हैं। नुपुर शर्मा भाजपा की युवा शाखा भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) का प्रमुख चेहरा रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रॉपर्टी टैक्स असेसमेंट नोटिस में सुधार के लिए टोल फ्री नंबर पर करें संपर्क

गुरुग्राम। नगर निगम क्षेत्र में याशी कंसल्टिंग कंपनी द्वारा वितरित किए जा रहे प्रॉपर्टी टैक्स असेसमेंट नोटिस में कमियों के सुधार के लिए नागरिक टोल फ्री नंबर पर संपर्क करके अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इसके लिए नगर निगम द्वारा कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। नगर निगम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा द्वारा जारी किए गए आदेशों में कहा गया है कि प्रॉपर्टी टैक्स असेसमेंट में गलतियों संबंधी आ रही शिकायतों को देखते हुए नागरिकों की सुविधा के लिए कॉल सैंटर में कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। ये कर्मचारी प्रॉपर्टी टैक्स एसेसमैंट संबंधी प्राप्त शिकायतों को प्राप्त करके संबंधित को भेजेंगे, ताकि नागरिकों को निगम कार्यालय में चक्कर ना लगाना पड़े। नगर निगम के जोनल टैक्सेशन अधिकारी गुलशन सलूजा ने बताया कि निगमायुक्त द्वारा जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वे सैक्टर-34 स्थित निगम कार्यालय में उपस्थित रहेंगे तथा रोजाना प्राप्त होने वाली शिकायतों को संबंधित एजेंसी या अधिकारियों को भेजेंगे। प्राप्त शिकायतों का समाधान करके संबंधित रिपोर्ट याशी कंसल्टिंग द्वारा प्रतिदिन 10 बजे से पूर्व सबमिट करनी होगी।

# पांच साल में तेल की कीमतें 150 प्रतिशत बढ़ीं, पंप डीलर्स का कमीशन नहीं बढ़ा: यादव

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



**पत्रकार वार्ता**

- अगामी 31 मई को किसी कंपनी से नहीं होगी पेट्रोल, डीजल की खरीद

ऑल हरियाणा पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के प्रधान अ निल यादव ने पत्रकार वार्ता का आयोजन करते हुए कहा कि सरकार और तेल कंपनियों की मनमानी से पम्प डीलर्स को करोड़ों का घाटा हो रहा है। वर्ष 2017 के बाद अब तक पिछले पांच साल में पम्प डीलर्स का कमीशन तेल कंपनियों ने नहीं बढ़ाया है, जबकि नियम यह है कि हर छह महीने के बाद डीलर कमीशन बढ़ाया जाना चाहिए। यह तेल कंपनियों ने खुद भी लिखित में स्वीकार किया हुआ है।

उन्होंने कहका कि पिछले पांच साल में पेट्रोल की कीमत 160 प्रतिशत और डीजल की 150 प्रतिशत बढ़ चुकी है, लेकिन इस समय अंतराल में पंप डीलर्स का कमीशन एक बार भी रिवाइज नहीं किया गया है। भारत सरकार की ओर से गठित अपूर्व चंद्रा कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में भी यह कहा है कि पम्प डीलर्स को जो कमीशन मिलता है, उसका 90 फीसदी हिस्सा तो पम्प संचालित करने में ही खर्च हो जाता है। उनका जो खर्चा बढ़ा है, उसकी पूर्ति आज के दिन कमीशन से नहीं हो पा रही।

उन्होंने कहा कि नवंबर 2021 व मई 2022 में भारत सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में 15 से 20 रुपये प्रति लिटर की कटौती की है। जुलाई 2015 में पेट्रोल 17.46 रुपये, डीजल 10.26 रुपये तथा जुलाई 2021 में पेट्रोल 32.90 रुपये, डीजल 31.80 रुपये (कुल पेट्रोल 50.36 रुपये व डीजल 42.06 रुपये) की बढ़ोतरी की है, लेकिन बढ़ोतरी को डीलर के बिक्री मूल्य में नहीं जोड़ा गया है, जबकि घटाई गई एक्साइज ड्यूटी की राशि दोनों बार ही डीलर के बिक्री मूल्य से घटा दी गई हैं, जिससे प्रत्येक डीलर को लाखों रुपये का नुकसान भुगतना पड़ा है जो कि किसी भी प्रकार से न्यायसंगत नहीं है।

महसचिव एमसी गुप्ता ने कहा कि पम्प डीलर्स को एक्साइज के घटने-बढने.से बाहर रखना चाहिए। डीलर को एक्साइज ड्यूटी का पूरा भुगतान करने पर ही पेट्रोल, डीजल की पूरी सप्लाई दी जाती है। ऐसे में उनके बिक्री मूल्य में से एक्साइज ड्यूटी की राशि वापस कम करना ज्यादगी है। मनीष यादव व राकेश जैन ने बताया कि हरियाणा में 4000 तेल पम्प हैं। एक्साइज ड्यूटी कम करने से प्रत्येक पम्प को कम से कम 5 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इस हिसाब से डीलर्स को 200 करोड़ रुपये से भी अधिक का नुकसान झेलना पड़ा है, जो कि न्यायसंगत नहीं है।

डीलर्स को निर्णय लेना पड़ा है कि आगामी 31 मई 2022 को हरियाणा राज्य में सभी तेल कंपनियों का कोई भी डीलर पेट्रोल व डीजल की सप्लाई नहीं लेगा। यानी पेट्रोल, डीजल नहीं खरीदा जाएगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राहुल जैन, पवन गोयल, महासचिव नकुल अग्रवाल, खजांची अशोक जैन, गुडगांव अध्यक्ष मनीष यादव के अलावा राकेश जैन, पवन गुप्ता, राज यादव, अनिल आदि मौजूद रहे।

# केन्द्रीय मंत्री ने करोड़ों रूपए के विकास कार्यों का किया शिलान्यास व उद्घाटन

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



**उद्घाटन**

- नगर निगम गुरूग्राम के वार्ड-24 में 15 करोड़ रूपए, वार्ड-23 में 4.62 करोड़ रूपए तथा वार्ड-2 में 13 करोड़ रूपए के विकास कार्य शामिल हैं

केन्द्रीय मंत्री एवं गुरूग्राम के सांसद राव इन्द्रजीत सिंह शनिवार को गुरूग्राम पहुंचे। उन्होंने यहां पर लगभग 33 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं उदघाटन किया। इनमें नगर निगम गुरूग्राम के वार्ड-24 में 15 करोड़ रूपए, वार्ड-23 में 4.62 करोड़ रूपए तथा वार्ड-2 में 13 करोड़ रूपए के विकास कार्य शामिल हैं।

इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले 2 वर्ष कोविड काल के चलते विकास कार्यों में हालांकि परेशानी आई, लेकिन सभी जनप्रतिनिधियों ने लगातार संपर्क साधते हुए विकास कार्यों की गति को बनाए रखा। उन्होंने तीनों वार्डों के निगम पार्षदों को बधाई दी तथा कहा कि सभी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी शिद्दत से कर रहे हैं। वार्ड के नागरिकों द्वारा रखी गई समस्याओं के बारे में बोलते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इन सभी समस्याओं का समाधान करवाने का पूरी तरह से प्रयास किया जाएगा तथा कोई कोताही नहीं होगी। जो भी व्यक्ति आशा लेकर मेरे पास आते हैं, उन्हें कभी निराश नहीं किया जाता।

उन्होंने कहा कि मैं आप सभी की उम्मीदों पर खरा उतरूंगा तथा आप भी समय-समय पर मुझसे संपर्क करते रहें। वार्ड निवासियों द्वारा केन्द्रीय मंत्री का पगड़ी एवं फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इसके अलावा, वार्ड-2 में 91 लाख रूपए की लागत से तैयार किए गए निगम पार्षद कार्यालय का उदघाटन भी केन्द्रीय मंत्री द्वारा किया गया।

इस मौके पर गुरूग्राम की मेयर मधु आजाद, भाजपा जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़, पूर्व मेयर विमल यादव, निगम पार्षद सुनील गुर्जर, अश्विनी शर्मा, संजय प्रधान, शकुंतला यादव, रविन्द्र यादव, पूर्व पार्षद सतीश यादव, एडवोकेट अशोक आजाद, प्रो. हंसराज, उद्योगपति के के गांधी, भाजपा नेता मनीष गाड़ौली, राकेश यादव, नीरज यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# आईडीए ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता



सैक्टर 37 क्षेत्र में ऐलिवेटिड रोड बनवाने की मांग को लेकर इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एसोसिशन (आईडीए) के अध्यक्ष केके गांधी ने केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा। आईडीए के अध्यक्ष केके गांधी ने कहा कि गुरुग्राम के सैक्टर 37 क्षेत्र में बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाईयां हैं, जिसमें 2 लाख से अधिक श्रमिक कार्य करते हैं।

क्षेत्र में आने-जाने के लिए श्रमिकों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उचित सडक मार्ग की व्यवस्था न होने से उद्यमियों को माल ढुलाई में परेशानी का सामना करना पड़ता है। हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार वाहन चालक व पैदल राहगीर दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि उद्यमी पहले से ही कोरोना महामारी के कारण आर्थिक मंदी की समस्या झेल रहे हैं। यदि उन्हें समुचित सडक मार्ग की व्यवस्था नहीं मिलेगी तो वे कैसे इस समस्या से निजात पा सकेंगे। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की है कि इस समस्या के निदान के लिए ऐलिवेटिड रोड का निर्माण कराया जाए, ताकि क्षेत्र की इकाईयों में होने वाले उत्पादों को आराम से अन्य इकाईयों व क्षेत्रों में पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि केंद्रीय राज्यमंत्री ने उनकी बातों को ध्यान से सुना और आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर आईडीए के उपाध्यक्ष उमेश कुमार, महासचिव जगतपाल सिंह, पार्षद अश्विनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अब बदलेगा हरियाणा ऐतिहासिक रैली के लिए हजारों की संख्या में रवाना होंगे कार्यकर्ता

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता



**बैठक**

- रैली की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष मुकेश डागर कोच की अध्यक्षता में हुई बैठक

आम आदमी पार्टी 29 मई यानि कि आज रविवार को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में अब बदलेगा हरियाणा ऐतिहासिक रैली का आयोजन होगा, जिसमें गुरुग्राम सहित प्रदेश के अन्य जिलों से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व प्रदेशवासी भाग लेंगे और दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा पार्टी केराष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के विचारों को सुनेंगे। उक्त बात आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष मुकेश डागर कोच ने जिला कार्यालय में आयोजित कार्यकताओं की बैठक में कही।

बैठक में संगठन मंत्री समीर मेहला, विजेंद्र जिंदल उर्फ पप्पी भाई, रंगीला परिवार व व्यापार मंडल के अध्यक्ष गोपाल जिंदल, नगर निगम संयोजक हरी सिंह चौहान, मनोज शर्मा, राहुल दून, वेद धनराज गुरुग्राम मीडिया प्रभारी ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि रैली में जाने के लिए शक्ति नगर गुरुग्राम स्थित जिला कार्यालय को मुख्य प्वाईंट निर्धारित किया गया है।

गुरुग्राम, बादशाहपुर व अन्य क्षेत्रों से आने वाले सभी कार्यकर्ता धनकोट के पास एकत्रित होंगे और एक बड़े काफिले के रुप में कुरुक्षेत्र के लिए कूच करेंगे। बैठक में आने वाले नगर निगम चुनावों को लेकर चर्चा भी की गई।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी नगर निगम व निकाय के चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करेगी। आने वाले स्थानीय निकाय चुनाव में धमाकेदार विजय प्राप्त करने पर चर्चा की गई। दिल्ली की तरह विकास व बदलाव चाहती है प्रदेश की जनता उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक रैली में आप के राज्यसभा सांसद व हरियाणा के प्रभारी सुशील गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल होंगे ।

### रोटरी क्लब आफ गुडगांव साउथ सिटी 35 दिन तक लगा रहा रक्तदान शिविर : गजेंद्र

**गुरुग्राम।** रोटरी क्लब गुडगांव साउथ सिटी के अध्यक्ष व अखिल भारतीय उद्योग व्यापार सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं हरियाणा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष गजेंद्र गुप्ता ने बताया कि साईबर सिटी में रक्त की बहुत कमी महसूस की जा रही है। जिसको ध्यान में रखते हुए संस्था लगातार 35 दिन रक्तदान शिविर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित करने का निर्णय लिया है ताकि रक्त की कमी को पूरा किया जा सके। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया है कि युवा रक्तदान के लिए आगे आएं। रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी महसूस नहीं होती, बल्कि रक्त की शुद्धि होती है। रक्तदान करने से किसी जरुरतमंद व्यक्ति की रक्त की कमी का पूरा किया जा सकता है। हालांकि कुछ लोगों में रक्तदान को लेकर भ्रातियां अवश्य फैली हुई हैं, लेकिन उन्हें जागरुकता के माध्यम से दूर किया जा सकता है। हमें चाहिए कि रक्तदान के प्रति लोगों को अधिक से अधिक जागरुक करें। गुप्ता ने कहा कि रोटरी क्लब व सुरक्षा मंच एक जून से पूरे शहर में लगभग लगभग 10 हजार पेड़ लगाना, दो लाइब्रेरी खोलने का, बच्चों का मुफ्त में आखों का चेक अप व चश्मे देने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

# सुधा सोसायटी फाउण्डेशन ने किया महिलाओं को जागरुक



गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता

सामाजिक संस्था सुधा सोसायटी फाउण्डेशन द्वारा विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर जरुरतमंद परिवारों की महिलाओं व लड़कियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता रखने के लिए जागरुक किया गया।

संस्था की अध्यक्ष रुचि सक्सेना ने बताया कि विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस प्रति वर्ष 28 मई को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के महत्व को बताना है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं को आज भी मासिक धर्म से जुड़े कई तथ्यों की जानकारी नहीं है, जिसके कारण कुछ महिलाएं संक्रमण का शिकार हो जाती हैं। थोड़ी सी लापरवाही हेपेटाईटिस बी, सर्वाइकल कैंसर, योनि में संक्रमण जैसी गंभीर बीमारियां उत्पन्न हो जाती हैं। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें, सैनिटाईज उत्पादों का ही इस्तेमाल करें और चिकित्सक से परामर्श लें। इस अवसर पर संस्था द्वारा जिले के गांव गसोल, भौंडसी, बसई एंक्लेव आदि क्षेत्रों में महिलाओं व लड़कियों को सैनिटरी पेड वितरित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की दीप्ति, पूजा, गरिमा, दक्षता, अनीता, बबीता, मिनस आदि का सहयोग रहा।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रथम प्रोटोकोल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता



- जिला के पीटीआई व डीपीई के लिए आयोजित किए गए थे यह शिविर

आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला के तहत आज जिला में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के उपलक्ष्य में विभिन्न स्थानों पर प्रथम प्रोटोकॉल शिविरों का आयोजन किया गया। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनु श्योकंद व ज़िला आयुष अधिकारी डॉ शिव शंकर के निर्देशन में यह तीन दिवसीय शिविर जिला के पीटीआई व डीपीई के लिए आयोजित किए गए थे।

जिला आयुष विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि जिला के पीटीआई व डीपीई के लिए आयोजित किए जा रहे इन शिविरों में आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ भूदेव द्वाराआयुष विंग योग चिकित्सा केंद्र पालम विहार सी टू, विनोद कुमार द्वारा योग व्यायामशाला डाबोदा, हरीश शर्मा द्वारा खवासपुर व नितिन और जगदीश द्वारा भौंडसी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर शिक्षा विभाग, आयुष विभाग तथा पतंजलि योग समिति गुरुग्राम के सहयोग से चलाया जा रहे हैं। प्रोटोकॉल शिविरों में प्रशिक्षण लेने वाले पीटीआई व डीपीई द्वारा अपने अपने स्कूलों में एक से तीन जून तक तीन दिवसीय प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जिसमें वे सूक्ष्म व्यायाम तथा खड़े होने होकर किए जाने वाले हसन ताड़ासन, वृक्षासन पादहस्तासन अर्धचकरासन , त्रिकोणासन, वक्र आसन, उत्थान मंडूक आसन उष्ट्रासन , शशांक आसन के अभ्यास कराएंगे। प्रोटोकोल प्रशिक्षण शिविर के स्थानों पर आयुष डॉक्टर्स की भी ड्यूटी लगायी गई है।

# मुख्यमंत्री की हरियाणा प्रगति रैली की तैयारियां जोरों पर : गार्गी

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता



**तैयारियां**

- सभी कार्यकर्ताओं की अलग-अलग जिम्मेदारियां तय की गई है

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अजीत यादव ने बताया कि भाजपा की जिलाध्यक्ष की जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की हरियाणा प्रगति रैली की तैयारियों में कार्यकर्ता जोर-शोर से लगे हुए है। सभी कार्यकताओं की अलग-अलग जिम्मेदारियां तय की गई है।

रैली में आने वाले जनसमूह को किसी भी तरीके की दिक्कत न हो। अलग-अलग कार्यकताओं की जिम्मेदारियां लगाई गई। लोगों को पार्किंग की व्यवस्था मैं किसी तरीके दिक्कत ना हो इसके लिए अलग-अलग पार्किंग जोन बनाए गए। गर्मी को ध्यान में रखते हुए एंबुलेंस की व्यवस्था भी रहेगी ताकि किसी को कोई मेडिकली दिक्कत हो तो तुरंत उपचार मिल सके। लोगों की सुविधा के लिए टॉयलेट की उचित व्यवस्था रहेगी। सभी व्यवस्थाओं मैं पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता पूरी तन्मयता से लगा हुआ है गुरुग्राम जैसे हाईटेक शहर को ध्यान में रखते हुए रैली भी हाईटेक होगी । यह हरियाणा प्रगति रैली गुरुग्राम के विकास कार्य को गति देने का कार्य करेगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल शहर की मूलभूत सुविधाओं को देखते हुए मंच से कई अहम घोषणाएं भी करेंगे।

# बारिश में गिरी घर की छत प्रशासन से लगाई आर्थिक सहायता की गुहार

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता



**परेशानी**

- उपायुक्त ने आश्वस्त किया है कि जिला प्रशासन वह सब करेगा, जो संभव होगा: बंसल

पिछले दिनों गुडगांव में हुई बेमौसम की बारिश ने शहरवासियों व ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों की परेशानियां बढ़ाकर रख दी हैं। जहां शहरवासियों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ा, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के मकान तक भी क्षतिग्रस्त हो गए। शहरी क्षेत्र स्थित झाड़सा गांव की महिला विमला की घर की छत भी बारिश के कारण टूट गई। जिसके कारण उसे बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

शौचालय आदि की भी समस्या खड़ी हो गई है। उसकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह छत का निर्माण करा सके। जब महिला की परेशानी की जानकारी स्वयंसेवी संस्था साईं सेवा फाउण्डेशन के अध्यक्ष रवि बंसल को मिली तो वह अपने सहयोगियों निधि मल्होत्रा, पायल चौहान, कांता आदि के साथ पीड़िता से मिले और पीड़िता को उपायुक्त से भी मिलवाया गया। उपायुक्त से गुहार लगाई गई कि पीड़िता की यथासंभव सहायता की जाए। रवि बंसल का कहना है कि उपायुक्त ने आश्वस्त किया है कि जिला प्रशासन वह सब करेगा, जो संभव होगा।

जिला प्रशासन पीड़िता की सहायता करेगा। रवि बंसल का कहना है कि पीड़िता के लिए राशन आदि की व्यवस्था कर दी गई है। यदि जिला प्रशासन अगले 2-3 दिन में इस ओर कोई कार्यवाही नहीं करता है तो संस्था पीड़िता की यथासंभव पूरी मदद करेगी।

# वसुधैव कुटुंबकम सेवा संस्थान की पहल

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सेक्टर 4/7 में वसुधैव कुटुंबकम सेवा संस्थान अध्यक्ष डॉ गगनदीप चौहान व अजय शर्मा द्वारा स्कूली बच्चों के लिए एक मेडिकल रूम तैयार किया गया है। जिसमें तीन मेडिकल बेड व एक ऑक्सीजन कंसट्रेटर लगाया गया है। गुडगांव में इस तरह का पहला सरकारी स्कूल तैयार हुआ है।

जिसका उद्घाटन दो छोटी बच्चियों श्रेया दीप चौहान व राशि दीप चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर 150 छात्राओं को मेडिकल किट व नोटबुक भी दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुमन शर्मा ने वसुधैव कुटुंबकम सेवा संस्थान की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह की सुविधा सरकारी स्कूलों में देना एक अच्छा कार्य है। जिसकी मैं व्यक्तिगत प्रशंसा करती हूं। वसुधैव कुटुंबकम सेवा संस्थान अध्यक्ष डॉक्टर गगनदीप चौहान ने कहा कि हमने मानव सेवा के लिए यह कदम उठाया है। संस्था सचिव अजय शर्मा ने कहा कि हमें अपने आसपास के सरकारी स्कूलों को जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से गोद लेना चाहिए। इस अवसर पर सह संस्थापक सुकेश सैनी, प्रधानाचार्य सुमन शर्मा, डॉक्टर गगनदीप चौहान, सीमा चौहान, सूरज मेमोरियल स्कूल की निदेशक अरुणा यादव, अलीशा तोमर, ब्राहमण वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष अजय शर्मा, गुंजन मेहता, शंकर लाल शास्त्री आदि मौजूद थे।

# गुडगांव के सबसे पुराने सैक्टर 4 में लगे हैं समस्याओं के अंबार

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता




**मांग**

- ऊर्वा ने निगम प्रशासन से की है हस्तपेक्ष की मांग

सैक्टर 4/7 के निवासियों का प्रतिनिधित्व करने वाली अर्बन एस्टेट रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (ऊर्वा) की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन ऊर्वा के अध्यक्ष धर्मसागर की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में पिछले दिनों हुई बारिश के कारण सैक्टर 4 के काफी घरों में बारिश व सीवर का पानी घुस गया था। जिसके कारण सैक्टरवासियों को बड़ी समस्याओं का सामना भी करना पड़ा था। धर्मसागर का कहना है कि सैक्टर की जो रोड़ बनाई गई है, वह तकनीकी रुप से गलत तरीके से बनी है। सडक का लेवल ऊंचा कर दिया गया है। जिससे बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। सैक्टर 4 में पहले से ही जलभराव की समस्या का सामना सैक्टरवासियों को करना पड़ रहा है। सैक्टर में जो बारिश के पानी की निकासी के लिए नाले बनाए गए हैं उनकी ढंग से सफाई भी नहीं की गई है। उनमें कचरा भरा हुआ है। वॉटर हार्वेस्ट सिस्टम भी काफी समय से बंद पड़ा है। प्रमोद शर्मा कहना है कि इसकी शिकायत क्षेत्र की निगम पार्षद से लेकर उच्चाधिकारियों तक से भी कर ली गई है लेकिन समस्या का समाधान होता नजर नहीं आ रहा है। क्षेत्र में आए दिन बिजली व पेयजल की किल्लत भी बढ़ती जा रही है। ऊर्वा के पदाधिकारियों का कहना है कि यह सैक्टर गुडगांव का सबसे पुराना सैक्टर है, लेकिन इसकी हालत समुचित रखरखाव के अभाव में बद से बदतर होती जा रही है। बैठक में अन्य सदस्यों ने भी निगम प्रशासन से मांग की है कि सैक्टर की समस्याओं का समय रहते समाधान कराया जाए ताकि सैक्टरवासियों को कुछ राहत अवश्य मिल सके।

### ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार के लिए 20 तक करें आवेदन : विश्राम मीणा

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता

ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने और बिजली खपत को कम करने को लेकर प्रदेश सरकार की ओर से वर्ष 2020-21 के लिए दो लाख रुपये तक के राज्य स्तरीय पुरस्कार दिए जाएंगे। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा व हरेडा द्वारा वर्ष 2020-21 के लिए विभिन्न श्रेणियों के पात्र उपभोक्ताओं से राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जून 2022 है। अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि औद्योगिक, वाणिज्यिक, राजकीय, संस्थागत, समूह आवासीय भवनों द्वारा ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने तथा तकनीक व ऊर्जा दक्षता का उचित प्रयोग करने वाली संस्थाओं को राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार दिया जाता है। इसके अलावा, इनमें इनोवेशन या नई प्रौद्योगिकियों या अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं में नई प्रचार परियोजनाओं को शामिल किया गया है। ऊर्जा संरक्षण में अनुसंधान और नवाचार, ऊर्जा दक्षता, अपशिष्ट से ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र, कुशल प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में श्रेष्ठ कार्य करने वाली संस्थाएं भी राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकती हैं।एडीसी ने बताया कि इन पुरस्कारों में विजेता संस्था को नकद राशि, शील्ड तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर कर सम्मानित किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत दिशा निदेर्शों संबंधी जानकारी के लिए हरेडा की वेबसाइट पर लॉग इन किया जा सकता है।

# विधायक सिंगला ने चकरपुर में लोगों को दिया रैली का न्यौता

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता



गुरुग्राम में रविवार 29 मई 2022 को होने वाले मुख्यमंत्री मनोहर लाल की हरियाणा प्रगति रैली में पहुंचने के लिए गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने शनिवार को चकरपुर में लोगों के बीच जाकर उन्हें अधिक से अधिक संख्या में रैली में पहुंचने का न्यौता दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर नया रिकॉर्ड गुरुग्राम में बनाएं। यह सिर्फ एक राजनीतिक रैली ना होकर गुरुग्राम के विकास की नई योजनाओं, परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास की रैली है। गुरुग्राम में नए विकास की योजनाओं के रूप में मुख्यमंत्री मनोहर लाल सौगात देंगे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हमें खुद तो रैली में पहुंचना ही है, साथ में अपने आसपास के लोगों को, जान-पहचान वालों को भी रैली में लेकर पहुंचना है। गुरुग्राम जिला में रहने वाले हर व्यक्ति के लिए इस रैली में मुख्यमंत्री कोई ना कोई घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि अब से पहले भी गुरुग्राम के विकास पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का पूरा फोकस रहा है और भविष्य में भी वे यहां विकास की गति को प्रगति देंगे। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल यादव सरपंच, सरस्वती मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, स्वाति टंडन, वंदना जोशी, भावना, सिद्धार्थ सिद्धू, कर्मवीर, मोहित, विजय गुप्ता, सुनील शर्मा, जेके शर्मा, रत्नेश यादव, सुशील यादव, महेश चेयरमैन, जगदीश टंडन, जितेंद्र शर्मा, वेद, सुरेंद्र, सुशील मुरारी व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

रविवारीय

# आर्थिक विकास के अगले आठ साल

बीती 16 मई को केंद्र में राजनीतिक बदलाव के 8 साल पूरे हो गए। इस बदलाव को देश दुनिया में भारत के लिए आमूल-चूल परिवर्तन के रूप में देखा गया। उम्मीदों और अपेक्षाओं के रथ पर सवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर देश ने 2019 में दोबारा भरोसा भी जताया।

इन सबके बीच स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव मना रहे देश के सामने कई चुनौतियां दस्तक दे रही हैं। दो साल पहले शुरू हुई कोरोना महामारी ने सभी देशों का गुणा-गणित बिगाड़ दिया। भारत भी इसके प्रभाव से अछूता नहीं रहा। खासकर अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर। तमाम अंतर्विरोधों के बावजूद सवाल है कि क्या वर्तमान दशक के समाप्त होते-होते हम खुद को विकास पटल पर बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित कर पाएंगे?

दशक समाप्त होने के लिहाज से हमारे पास अभी आगे 8 साल का वक्त और है, और चुनौती उस सफर को आगे ले जाने की है, जो इस सरकार के कार्यकाल में 8 साल पहले शुरू हुआ था। 2014 में जब नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में अपने पहले कार्यकाल की शुरूआत की थी तब भारत विकास की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश था। तब से अब तक 40 फीसद की तरक्की करते हुए भारत छठे पायदान पर पहुंच गया है। इस अवधि में 53 फीसद ग्रोथ के साथ केवल चीन ही हम से आगे रहा। लेकिन भविष्य में स्थितियां तेजी से बदलने का अनुमान है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने हाल ही में 2022 में भारत के लिए 8.2 फीसद की काफी मजबूत वृद्धि का अनुमान लगाया है, जो चीन के लिए अनुमानित 4.4 फीसद की तुलना में लगभग दोगुनी तेज है।

विकास आर्थिक सेहत पर आईएमएफ के इस ताजे आकलन में भारत के लिए अनुमानित उच्च विकास दर केवल हमारे देश के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए सकारात्मक खबर है। इसका बड़ा श्रेय कोविड-19 के सफल व्यापक आर्थिक प्रबंधन को दिया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूत सुधार हुआ है। इतना कि जिसके कारण देश मौजूदा यूक्रेनी संकट में भी आर्थिक नतीजों का सामना करने के लिए बेहतर स्थिति में है जबकि अर्थव्यवस्था इस झटके के कारण बहुत मुश्किल हालात में पहुंच गई है। यह प्रधानमंत्री मोदी की आत्मनिर्भर भारत की पहल को मजबूती देता है जिसके कारण देश ने बिना झुके, बिना ठिठके महामारी के कहर को न केवल झेला, बल्कि उसमें भी खुद के साथ-साथ समूचे विकास को आगे लेकर जाने का मार्ग प्रशस्त किया है। सवाल यह है कि यह यात्रा आगे सुगम होने वाली है या इसमें अभी और संघर्ष बाकी है? अगले आठ साल में हमारी आर्थिक दिशा और दशा क्या रहने वाली है?

# खुशहाल खेती : खेत एक, फसलें अनेक

पवन नागर

रासायनिक खादों-दवाओं-कीटनाशकों की भरपूर मात्रा से विपुल पैदावार करने वाली हरित क्रांति ने अब अपने पैदा किए खतरों को उजागर करना शुरू कर दिया है। एक जमाने में कभी-कभार होने वाली कैंसर जैसी बीमारी अब घर-घर का संकट बन गई है। ऐसे में क्या वापस पुरानी कृषि-पद्धतियों की तरफ लौटना मुनासिब नहीं होगा? इस आलेख में इसी विषय पर चर्चा करेंगे। ओमीक्रॉन बहुत से देशों में तेजी से फैलता जा रहा है और वह भी तब, जब अधिकतर देशों में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन हो चुका है। तो क्या अब हम यह मानकर चलें कि इनसान के शरीर में इतनी ताकत नहीं रही कि वह किसी भी रोग से लड़ सके? क्या इनसानी शरीर पर आधुनिकता के दुष्प्रभाव दिखने लगे हैं? क्या हमारा भोजन पहले जैसा पौष्टिक और शुद्ध नहीं रहा? क्या हम पैसों के लालच में गुणवत्ता-युक्त खाद्य सामग्री का उत्पादन करना भूल गए हैं? क्या हमें सिर्फ दवाइयों के दम पर ही जिंदा रहना पड़ेगा? क्या हम कोरोना जैसी महामारियों से बच पाएंगे? ये कुछ ऐसे सवाल हैं जिनके उत्तर हम सबको खोजने ही पड़ेंगे, अन्यथा हम आगे आने वाली पीढ़ी को जवाब देने लायक नहीं रहेंगे। इसलिए जितनी जल्दी हो सके, उतनी जल्दी इन प्रश्नों के बारे में गंभीरता से सोचना शुरू करें। हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना पड़ेगा और इस आधुनिक जीवनशैली में बदलाव करना पड़ेगा, ताकि हमारा शरीर पहले जैसा मजबूत हो सके, इसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता पहले जैसी हो सके। हमारे शरीर की मजबूती और हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है, हमारे द्वारा लिए जाने वाले आहार का। अन्न को यूं ही ब्रह्म नहीं कहा गया है। हमारे अस्तित्व के सात तलों में से जो पहला तल है, यानी कि हमारा भौतिक शरीर, उसे योग की भाषा में अन्नमय कोष कहते हैं। जो अन्न या आहार से बनता हो, वह होता है अन्नमय कोष, यानी कि हमारा भौतिक शरीर। हम समझ सकते हैं कि शुद्ध और पौष्टिक आहार की अपने शरीर को स्वस्थ व ऊर्जावान बनाए रखने में क्या अहमियत है। सबसे पहले हमें इस बात पर विचार करना है कि हमारे परिवार को शुद्ध, सात्विक एवं पौष्टिक भोजन कैसे प्राप्त हो। अभी समय के अभाव और आधुनिकता के कारण हम फास्ट फूड अधिक ले रहे हैं जो कि हमारे शरीर के लिए बिल्कुल भी सही नहीं है। वहीं दूसरी ओर हम जो फल, सब्जी और अनाज खा रहे हैं उनको उगाने और पकाने में इतना केमिकल इस्तेमाल किया जा रहा है कि हमारा पूरा भोजन ही जहरयुक्त हो चुका है। इसको खाकर हम दिन-प्रतिदिन बीमार होते जा रहे हैं और हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता इतनी कमजोर हो चुकी है कि हमारा शरीर किसी भी रोग से दो दिन भी नहीं लड़ पाता, हमें तुरंत ही डॉक्टर के पास भागना पड़ता है। यहां फिर एक सवाल आता है कि हमारे इतने आधुनिक और अमीर होने का क्या फायदा जब हमारा शरीर ही स्वस्थ नहीं है? आप इतना समझ लीजिए कि आने वाला समय आपके लिए बहुत कठिन होने वाला है। यदि आपने अपने भोजन और अपनी जीवनशैली में परिवर्तन नहीं किया तो आगे और भी भयंकर परिणाम भुगतने होंगे। अब वक्त है संभल जाने का। बेहतर होगा कि जल्द से जल्द आप खेती के अपने वर्तमान तरीके को बदल लें और वापस अपने पूर्वजों के तौर-तरीकों को अपना लें, यानी कि फिर से बिना खर्चे की और बिना जहर वाली बहुफसली खेती अपना लें। इसी बहुफसली प्रणाली में सभी समस्याओं का हल है। हमें एकल फसल प्रणाली और रासायनिक खेती से छुटकारा पाने के लिए लड़ना होगा, तभी हमारी समस्याओं का हल निकलेगा। पहले अपने घर की जरूरत की हर चीज को अपने खेत में लगाएं और फिर बचे हुए रकबे में सरकार और बाजार के लिए उगाएं। अधिक से अधिक फसलें अपने खेत में लगाएं और रासायनिक खादों व कीटनाशकों की जगह देशी खाद व प्राकृतिक कीटनाशकों का उपयोग करें। अभी रासायनिक खादों व कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप आज गांव-गांव तक कैंसर जैसी बीमारी ने पैर पसार लिए हैं। वहीं दूसरी ओर जलवायु परिवर्तन की एक नई समस्या से भी हमें दो-दो हाथ करने पड़ रहे हैं। रासायनिक खेती के कारण हम सिर्फ उत्पादन के लालच में एक या दो फसलों तक ही सीमित हो गए हैं। और भारत में यह स्थिति है कि एकल फसल प्रणाली के कारण किसान अपने परिवार की जरूरत का अनाज भी अपनी जमीन से पैदा नहीं कर पा रहा है, उसे अपने परिवार की खाद्य सामग्री के लिए भी बाजार जाना पड़ रहा है। इसका हल यही है कि हमें बहुफसली प्रणाली या मिश्रित खेती को अपनाना होगा जिसमें पहले अपने परिवार की जरूरत की सभी फसलों का उत्पादन करना होगा। साथ ही रासायनिक खादों व कीटनाशकों का पूर्णतः बहिष्कार करना होगा। यदि आप एक स्वस्थ जीवन जीना चाहते हैं और अपने परिवार को बीमारियों से दूर रखना चाहते हैं तो इतना तो आपको करना ही पड़ेगा। हमें फिर से अपने खेत में ज्वार, बाजरा, जौ, मक्का, रागी, अलसी, चना, मसूर, धनिया, मूंगफली एवं हर उस फसल का उत्पादन करना होगा जो हमारा परिवार इस्तेमाल करता है। हमें मोटे अनाज को अपने भोजन में शामिल करना होगा। तभी हम इन अनिमंत्रित बीमारियों के जाल से बच सकते हैं। हम सब को प्रकृति का सहायक बनना है, उसका दुश्मन नहीं। एकल फसल प्रणाली से तौबा कर लें और प्रकृति की रक्षा करने वाली प्राकृतिक खेती की शुरूआत करें। हमेशा याद रखें कि खेत एक, फसलें अनेक से ही होगा कृषि में परिवर्तन। इसी से निकलेगा खुशहाली का रास्ता। सिर्फ एकल फसल से कृषि में परिवर्तन नहीं होने वाला, क्योंकि हम किसान होकर भी यदि अनाज के मामले में आत्मनिर्भर नहीं हैं और खुद जहरयुक्त अनाज खा रहे हैं तो फिर हम पूरे विश्व को कैसे स्वस्थ रख पाएंगे।

# स्वास्थ्य सुविधाओं की चिंता की जरुरत

**2021-22 में इस क्षेत्र के लिए 21000 करोड़ रुपए आवंटित किया गया था। अच्छी बात यह है कि बजट में एमबीबीएस और पीजी की सीटें बढ़ाने के लिए 500 करोड़ रुपए के इंतजाम के अलावा 14 नए मेडिकल कॉलेजों के निर्माण के लिए 2100 करोड़ रुपए का इंतजाम किया गया है। यह पहल इस मायने में महत्वपूर्ण है कि उत्तर प्रदेश में डॉक्टरों व अस्पतालों की भारी कमी है। किंतु इस पहल से डॉक्टरों और अस्पतालों की संख्या में वृद्धि होगी और उसका लाभ आम नागरिकों को मिलेगा। अब समय आ गया है कि देश की सभी सरकारें चिकित्सा व स्वास्थ्य के क्षेत्र को अपनी शीर्ष प्राथमिकता रखते हुए उसका तेजी से विस्तार करें। इसके लिए सबसे अधिक जरुरी यह है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति-2017 के सुझावों का अनुपालन हो।**





अरविंद जयतिलक
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

गत दिवस उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेश बजट में चिकित्सा व स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 19000 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान इस मायने में महत्वपूर्ण है कि इससे स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के ढांचागत विस्तार में मदद मिलेगी। हालांकि 2021-22 के मुकाबले यह बजट दो हजार करोड़ रुपए कम है। 2021-22 में इस क्षेत्र के लिए 21000 करोड़ रुपए आवंटित किया गया था। अच्छी बात यह है कि बजट में एमबीबीएस और पीजी की सीटें बढ़ाने के लिए 500 करोड़ रुपए के इंतजाम के अलावा 14 नए मेडिकल कॉलेजों के निर्माण के लिए 2100 करोड़ रुपए का इंतजाम किया गया है। यह पहल इस मायने में महत्वपूर्ण है कि उत्तर प्रदेश में डॉक्टरों व अस्पतालों की भारी कमी है। किंतु इस पहल से डॉक्टरों और अस्पतालों की संख्या में वृद्धि होगी और उसका लाभ आम नागरिकों को मिलेगा। अब समय आ गया है कि देश की सभी सरकारें चिकित्सा व स्वास्थ्य के क्षेत्र को अपनी शीर्ष प्राथमिकता रखते हुए उसका तेजी से विस्तार करें। इसके लिए सबसे अधिक जरुरी यह है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति-2017 के सुझावों का अनुपालन हो। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति-2017 में स्वास्थ्य के क्षेत्र में निवेश, स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं का प्रबंधन, रोगों की रोकथाम और चिकित्सा सुविधाओं को उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है। प्रति एक हजार की आबादी पर अस्पतालों में दो बिस्तरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ आपात स्थिति से निपटने की बात कही गयी है। स्वास्थ्य प्रणाली के त्रि-आयामी एकीकरण की परिकल्पना के तहत क्रास रेफरल, सह-स्थल और औषधियों की एकीकृत पद्धतियां शामिल की गयी है। गौरतलब है कि इस नीति में वित्तीय सुरक्षा के माध्यम से सभी सार्वजनिक अस्पतालों में निःशुल्क दवाएं, निःशुल्क निदान तथा निःशुल्क आपात तथा अनिवार्य स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने का प्रस्ताव किया गया है। यह किसी से छिपा नहीं है कि भारत गंभीर स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों से गुजर रहा है। भारत की आधी से अधिक आबादी श्वास संबंधी रोगों और फेफड़ों से जुड़ी शिकायतों से ग्रस्त है। प्रतिदिन तकरीबन साढ़े तीन करोड़ लोग डॉक्टरों के पास स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों के निदान के लिए जाते हैं। आंकड़ों के मुताबिक विश्व की कुल 7.3 अरब की जनसंख्या के मुकाबले भारत की 1.3 अरब की आबादी में सालाना विश्व भर में होने वाली मौतों का 18 प्रतिशत मौतें भारत में हो रही है। गत वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट से उद्घाटित हो चुका है कि विश्व में असंक्रामक रोगों से मरने वाले लोगों की तादात लगातार बढ़ रही है। इस रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में हर वर्ष 1.6 करोड़ लोग कैंसर, मधुमेह और हृदयघात जैसे असंक्रामक रोगों की वजह से मर रहे हैं। असंक्रामक रोगों से 30 से 70 साल के बीच मरने वाले लोगों की आशंका 26.1 से बढ़कर 26.2 प्रतिशत हो गया है। तुलनात्मक रुप से यह आंकड़ा दक्षिण एशिया और अफ्रीका के कुछ देशों की तुलना में बेहद खराब है। पी-5 देशों (चीन, फ्रांस, रुस, ब्रिटेन और अमेरिका) में केवल रुस की ही स्थिति (29.2 प्रतिशत के साथ) भारत से अधिक खराब है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने माना है कि असंक्रामक बीमारियों में कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग और सांस लेने में परेशानी संबंधी प्रमुख चार बीमारियां हैं। असंक्रामक रोगों की वजह से भारत ही नहीं विश्व की एक तिहाई आबादी भी मुश्किल में है। उसका कारण यह है कि इन असंक्रामक बीमारियों से निपटने के लिए अभी तक कारगर कदम नहीं उठाए गए हैं। अच्छी बात यह है कि इस दिशा में पार्टनरशिप टू फाइट क्रॉनिक डिजीज (पीएँसीडी) ने हाल ही में संकल्प दिशा स्वस्थ भारत की नाम से एक राष्ट्रीय रुपरेखा तैयार की है। इसका उद्देश्य देश में 2025 तक स्वस्थ भारत के संकल्प को हासिल करने में सहयोग देना है। चूंकि भारत में असंक्रामक रोगों से निपटने के लिए कोई ठोस नीति नहीं है लिहाजा ऐसे में इस ब्लू प्रिंट से राज्यों को स्वास्थ्य संबंधी मामलों को प्राथमिकता देने में मदद मिलेगी। अगर इसे जमीनी शक्ल दिया जाता है तो भारत में हृदय रोग, कैंसर, मधुमेह और मस्तिष्क आघात से मरने वाले लोगों की संख्या कम होगी। हालांकि भारत सरकार असंक्रामक रोगों से निपटने के लिए भारी धनराशि खर्च की जा रही है लेकिन उसके अपेक्षित परिणाम देखने को नहीं मिल रहे है। चिकित्सकों का कहना है कि अगर इन बीमारियों पर शीध्र ही नियंत्रण स्थापित नहीं किया गया तो यह बीमारी राष्ट्रीय आपदा का रुप ग्रहण कर सकती है। सरकार की कोशिश यह है कि 30 वर्ष से ज्यादा उम्र के व्यक्तियों में गैर संचारी रोगों को लेकर ज्यादा से ज्यादा जागरुकता पैदा किया जाय और व्यापक स्तर पर उनका शारीरिक परीक्षण कराया जाए। निःसंदेह यह एक सार्थक कहद है। अगर इस योजना को आकार दिया जाए तो देश की एक बड़ी आबादी को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने में मदद मिलेगी। भारत के महापंजीयक द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा जा चुका है कि देश के 35 से 64 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों में 42 फीसदी मौत की वजह असंक्रामक रोग है। अगर इन रोगों के लक्षणों को समझ लिया जाय तो इस पर नियंत्रण पाने में आसानी होगी। ऐसा माना जाता है कि असंक्रामक रोगों का जितना जल्दी इलाज शुरू होता है वह उतना ही लाभकारी होता है। सरकार को चाहिए कि वह असंक्रामक रोगों की दवाइयों की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण लगाए। सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार के लिए शहरों के साथ-साथ गांवों पर ज्यादा फोकस बढ़ाना चाहिए। इसलिए कि असंक्रामक रोगों से मरने वालों की ज्यादा तादाद गांवों में है। गांवों में स्वास्थ्य सेवा का बुनियादी ढ़ांचा पूरी तरह चरमराया हुआ है। गांवों में स्थापित अस्पताल जर्जर हैं। डॉक्टरों और दवाइयों की कमी है। ऐसी स्थिति में भला असंक्रामक रोगों से कैसे निपटा जा सकता है। विडंबना यह है कि गांव के लोगों को तब तक असंक्रामक रोगों के बारे में जानकारी नहीं होती जब तक कि वह पूरी तरह उसके चपेट में नहीं आ जाते। जब तक उन्हें अपनी बीमारियों के बारे में जानकारी मिलती है तब तक बीमारियां गंभीर रुप धारण कर चुकी होती हैं। चूंकि गांवों में इन रोगों के इलाज की बेहतर सुविधा नहीं है लिहाजा उन्हें शहर की ओर रुख करना पड़ता है। उचित होगा कि सरकार गांवों में बेहतर और सस्ता इलाज की सुविधा उपलब्ध कराए ताकि लोगों को असामयिक मौत के मुंह में जाने से बचाया जा सके। निःसंदेह पिछले कुछ वर्षों में कैंसर जैसी घातक बीमारियों के उपचार में नई तकनीक और दवाइयां ईजाद हुई हैं। लेकिन ये दवाइयां इतनी अधिक महंगी हैं कि आमलोगों की पहुंच से बाहर हैं। यहां ध्यान देना होगा कि नशाखोरी विशेष रुप से तंबाकू और शराब के कारण भी बीमारियां बढ़ रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि तंबाकू के सेवन से प्रतिवर्ष 60 लाख लोगों की मौत होती है और तरह-तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ता है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना : शहरी भारत में बदलता जीवन

**मई 2022 तक, 1 करोड़ से अधिक घरों का निर्माण शुरू हो चुका है और वे निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं; जिसमें से 60 लाख से अधिक मकान बनकर तैयार हो चुके हैंऔर लाभार्थियों को सौंप दिए गए हैं। पीएमएवाई-यू निसंदेह दुनिया में सबसे महत्वाकांक्षी और सबसे बड़ा आवास कार्यक्रम है। यह अत्यधिक प्रासंगिक है और सबके लिए आवास प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकताओं और वैश्विक लक्ष्यों के अनुरूप है। कार्यकाल सुरक्षा की आवश्यकता को मानते हुए, मिशन ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग सहित सभी आय वर्गों में आवास की मांग को स्वीकार किया, और इसका उद्देश्य पानी के कनेक्शन, रसोई और शौचालय की सुविधा के साथ सभी मौसमों के अनुकूल, शालीन आवासीय इकाइयां प्रदान करके पर्याप्त भौतिक और सामाजिक बुनियादी ढांचे का निर्माण करना है।**






डॉ. सेजल पटेल
लेखक प्रोफेसर एवं चेयर, हाउसिंग फैकल्टी ऑफ प्लानिंग, हेड, इंटरनेशनल ऑफिस I, CEPT यूनिवर्सिटी, I K.L कैंपस, अहमदाबाद हैं

प्रत्येक पात्र लाभार्थी को एक पक्का घर उपलब्ध कराने के माननीय प्रधान मंत्री के विजन को पूरा करने के उद्देश्य से, प्रधान मंत्री आवास योजना (शहरी) (पीएमएवाई-यू) वर्ष 2015 में शुरू की गई थी। पिछले सात वर्षों में, पीएमएवाई-यू में लगभग 8.31 लाख करोड़ रुपये के निवेश, जिसमें से 2.03 लाख करोड़ रुपये केंद्रीय सहायता है, के साथ लगभग 1.23 करोड़ घरों को स्वीकृति दी गई है। मई 2022 तक, 1 करोड़ से अधिक घरों का निर्माण शुरू हो चुका है और वे निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं; जिसमें से 60 लाख से अधिक मकान बनकर तैयार हो चुके हैंऔर लाभार्थियों को सौंप दिए गए हैं। पीएमएवाई-यू निसंदेह दुनिया में सबसे महत्वाकांक्षी और सबसे बड़ा आवास कार्यक्रम है। यह अत्यधिक प्रासंगिक है और सबके लिए आवास प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकताओं और वैश्विक लक्ष्यों के अनुरूप है। कार्यकाल सुरक्षा की आवश्यकता को मानते हुए, मिशन ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग सहित सभी आय वर्गों में आवास की मांग को स्वीकार किया, और इसका उद्देश्य पानी के कनेक्शन, रसोई और शौचालय की सुविधा के साथ सभी मौसमों के अनुकूल, शालीन आवासीय इकाइयां प्रदान करके पर्याप्त भौतिक और सामाजिक बुनियादी ढांचे का निर्माण करना है। आवास में लैंगिक समावेश में तेजी लाते हुए, मिशन आवास इकाइयों में संयुक्त रूप से या एकमात्र मालिक के रूप में महिलाओं का मालिकाना हक अनिवार्य करता है। मिशन ने व्यापक रूप से सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में प्रतिबद्धता को पूरा किया है: शून्य गरीबी का लक्ष्य 1, लैंगिक समानता का लक्ष्य 5, स्वच्छ पानी और स्वच्छता का लक्ष्य 6 , संवहनीय शहरों और समुदायों का लक्ष्य 11 और जलवायु कार्रवाई का लक्ष्य 13। पीएमएवाई-यू पांच मूलभूत तरीकों से कुकी कटर यूनिट्स और सिल्वर-बुलेट सॉल्यूशंस के साथ पूर्ववर्ती आवास योजनाओं से अलग है। सबसे पहले, पीएमएवाई-यू चार घटकों द्वारा आपूर्ति पक्ष या मांग पक्ष समर्थन के साथ, कैफेटेरिया दृष्टिकोण अपनाते हुए शहरी परिवारों के विभिन्न सेगमेंट्स की आवास मांग को पूरा करता है। स्थानीय स्तर पर महत्वाकांक्षी मांग सर्वेक्षणों के माध्यम से अलग-अलग आवास की मांग को जाना, जिससे इच्छुक लाभार्थियों को उपयुक्त घटक का विकल्प चुनने की अनुमति मिली और इससे शहर आवास की मांग तैयार कर पाये, जिसके आधार पर प्रत्येक घटक के लिए राष्ट्रीय लक्ष्य तैयार किए गए। इस तरह के बॉटम-अप दृष्टिकोण के साथ, मिशन ने आवास और सम्मानजनक जीवन के लिए विभिन्न लक्षित समूहों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जरूरत के अनुसार उचित रूप से विभिन्न डिजाइन तत्वों को विकसित किया है। पीएमएवाई-यू के लोकाचार समावेशी हैं तथा लिंग, जाति, पंथ या धर्म पर ध्यान दिये बिना सभी को समान अवसर प्रदान करते हैं। दूसरा, पीएमएवाई-यू के तहत विजन पहले के आवास कार्यक्रमों के स्लम-फ्री सिटी के बजाय सबके लिए आवास है, जिसका अर्थ है कि यह केवल एक सेगमेंट और सबमार्केट के बजाय सभी आय वर्गों के लिए आवास की जरूरत को पूरा करता है। तीसरा, यह शहरी स्थानीय निकायों को पीएमएवाई-यू को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अन्य मिशनों जैसे अमृत, एसबीएम, एनयूएलएम के साथ अभिशरण का अवसर प्रदान करता है और इस तरह आवास मूल्य श्रृंखला और सीढ़ी में एकीकृत आवास नीतिगत ढांचा प्रदान करता है। चौथा, मिशन सहकारी संघवाद की भावना को मजबूत करते हुए मांग आधारित दृष्टिकोण अपनाता है। यहाँ राष्ट्रीय और राज्य स्तर के संस्थान मौजूद हैं जो मिशन के कार्यान्वयन में सहायता प्रदान करते हैं। पांचवां, अनपेक्षित समूहों को लाभ कम करने के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए कि वास्तविक और पात्र लाभार्थियों तक इच्छित लाभ पहुंचें, डिजिटल प्रौद्योगिकी को अपनाया गया है। इसमें विभिन्न लिंकेज शामिल हैं जिन्हें लाभार्थियों के आधार सत्यापन के लिए यूआईडीएआई पोर्टल के साथ रखा गया है, पीएफएमएस के साथ डीबीटी मोड के माध्यम से निर्माण से जुड़ी सब्सिडी का हस्तांतरण और जीआईएस आधारित केंद्रीय एमआईएस आदि। एक व्यापक और मजबूत एमआईएस प्रणाली विकसित की गई है जो सभी हितधारकों को निर्बाध रूप से जानकारी का प्रबंधन करने और भौतिक और वित्तीय प्रगति से संबंधित रिकॉर्ड रखने में मदद करती है। मकानों के निर्माण की प्रगति की निगरानी के लिए एमआईएस पांच चरणों वाली जियो-टैगिंग सुविधाओं से युक्त है। सूचना के प्रसार के लिए एमआईएस को विभिन्न डैशबोर्ड और डीबीटी भारत पोर्टल के साथ भी एकीकृत किया गया है। प्रत्यक्ष भौतिक और वित्तीय प्रगति के अलावा, मिशन ने अपने बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज के कारण अर्थव्यवस्था पर एक व्यापक प्रभाव डाला है, जो अर्थव्यवस्था के लगभग 130 क्षेत्रों को प्रभावित करता है। यह अनुमान लगाया गया है कि मिशन के तहत निर्माण गतिविधि में लगभग 413 मीट्रिक टन सीमेंट और 94 मीट्रिक टन स्टील की खपत होगी, जो अर्थव्यवस्था के लिए बहुत आवश्यक प्रोत्साहन होगा। ऐसा अनुमान है कि मिशन 246 लाख रोजगार सृजित करने में सक्षम रहा है। इसके अलावा, पीएमएवाई-यू प्रौद्योगिकी नवाचार अनुदान (टीआईजी) के माध्यम से नई निर्माण प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा दे रही है। इस उद्देश्य के लिए ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज-इंडिया और इंडियन हाउसिंग टेक्नोलॉजी मेला आयोजित किया गया था। माननीय प्रधान मंत्री के विजन के तहत किफायती आवास को हकीकत में बदलने के प्रयास ने लाइट हाउस परियोजनाओं की शुरूआत की। देश के छह स्थानों- चेन्नई, इंदौर, राजकोट, लखनऊ, रांची और अगरतला में 6,000 से अधिक फ्लैटों का निर्माण चल रहा है। निर्माण प्रक्रिया में उपयोग की जा रही नवीन तकनीकों को जीएचटीसी-इंडिया के तहत शॉर्टलिस्ट किया गया था

# चिंतन और मंथन पर अमल ही कांग्रेस की प्राणवायु

निशिकांत ठाकुर

चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर से पिछले दिनों एक निजी खबरिया चैनल के एंकर ने पूछा कि राहुल गांधी की छवि को भारतीय जनता पार्टी ने बुरी तरह डेंट कर दिया है, तो क्या उनकी छवि सुधारी जा सकती है? इस पर प्रशांत किशोर ने कहा कि जब नरेंद्र मोदी जी की छवि वर्ष 2002 के गुजरात दंगों के बाद सुधारी जा सकती हैं तो फिर राहुल गांधी की क्यों नहीं? एक दूसरी बात, जब कुछ बुद्धिजीवियों से बात हुई तो उनका कहना था कि वे भारतीय जनता पार्टी के विचारों और कृत्यों से सहमत नहीं हैं, लेकिन वोट देकर अपने अधिकार का उपयोग करना चाहते हैं, लेकिन वोट दें तो किसे? बराबर में सामने कोई दावेदार नजर ही नहीं आता है। कांग्रेस जैसी पार्टी को देश की जनता इस नजरिए से इस प्रकार देखेगी, उसके प्रति इस तरह के विचार रखेगी शायद इस दल के संगठनकर्ता ने सपने में भी सोचा नहीं होगा। निश्चित रूप से इस दल के नेताओं ने अपने कृत्यों से इसका भारी अहित किया है और अब शायद देश की जनता के समक्ष गुनाहगार की अपनी छवि को बचाने का प्रयास करने लगी है। तभी तो उस दल के नेताओं के लिए कहा जा रहा है कि उसकी डेंट छवि को क्या सुधारा जा सकता है तथा मतदाता यह सोचने लगे हैं कि भारतीय जनता पार्टी को नहीं, तो किस और दल को अपना मतदान करें। पिछले दिनों हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में बुरी तरह फ्लॉप होने के बाद अब उसके बड़े नेताओं की समझ में यह बात आ गई है कि यदि अपनी कमजोरी को समय रहते अच्छी तरह जान-समझकर उसे दूर नहीं किया, तो संभव है कुछ वर्षों बाद इसका कोई नामलेवा भी नहीं बचेगा और भारतीय जनता पार्टी का ह्यकांग्रेस मुक्त भारतह्ल का नारा और सपना, दोनों साकार हो जाएगा। इन्हीं विकट परिस्थितियों के कारण पिछले दिनों राजस्थान के उदयपुर में कांग्रेस ने ह्यचिंतन शिविरह्ल का आयोजन कर यह जानने और समझने का प्रयास किया कि आखिर अपनी गिरती और दिनोंदिन हास्यास्पद होती जा रही स्थिति को कैसे दुरुस्त किया जाए। सच में मंथन से ही जहर और अमृत, दोनों निकलता है। देखना यह है कि इस ह्यनव संकल्प शिविरह्ल में हुए मंथन के बाद इस दल को क्या और कितना लाभ मिल पाता है और नेताओं की डेंट छवि कितनी सुधर पाती है। अब समझने का प्रयास करते हैं कि राजस्थान के उदयपुर में आयोजित कांग्रेस के इस तीन दिवसीय संकल्प शिविर में देशभर से आए कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने क्या चिंतन-मंथन किया। पार्टी में विखंडित एकता पर चिंता जताते हुए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इस बात को स्वीकारा कि पार्टी में एकजुटता अनिवार्य है और संगठन को जीवित रहने के लिए परिवर्तन की भी जरूरत है, इसलिए पार्टी में सुधार भी जरूरी है। पार्टी के कायाकल्प के लिए युवाओं को रिझाने की दिशा में कांग्रेस कार्य समिति से लेकर बूथ स्तर तक संगठन के हर स्तर पर पचास साल से कम उम्र के लोगों के लिए पचास प्रतिशत आरक्षण देने की बात की गई। संगठनात्मक ढांचे में आमूल परिवर्तन के प्रस्तावों को सामने लाया गया। अपवादों को छोड़कर एक परिवार को एक टिकट देने का फामूर्ला, पूरे साल जनता के मूड भांपने के लिए पार्टी का अपना सर्वे और आकलन विंग, पांच साल तक संगठन में काबिज रहे पदाधिकारी अनिवार्य रूप से पद त्यागें, 15-20 बूथों का एक मंडल और हर ब्लॉक में तीन से पांच मंडल समितियां बनाने का प्रस्ताव पेश किया गया है। संगठन को नकारा नेताओं से छुटकारा दिलाने और अच्छा काम करने वालों को प्रोत्साहन देने का भी कांग्रेस तंत्र बनाने जा रही है। इसके लिए पार्टी में अलग तंत्र बनाने और अनुशासन को भी सख्ती से लागू करने की भी जरूरत पर बल दिया गया। सम्मेलन का आयोजन तो ह्यचिंतन शिविरह्ल के रूप में किया गया था, लेकिन कांग्रेस ने शिविर से ह्यचिंतनह्ल शब्द हटा दिया है। पार्टी ने ह्यनव संकल्प शिविरह्ल के बैनर तले इसमें चर्चा की। इस पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि ऐसा इसलिए किया गया है, ताकि हार के कारणों पर कोई चर्चा न हो और सभी पार्टी के भविष्य की नई रणनीतियों पर चर्चा करें। ताओं का फोकस इस बात को लेकर रहा है कि आने वाले राज्यों के चुनाव और विशेष रूप से वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव को किस प्रकार लड़ा जाए और जिन कारणों से उनकी पार्टी पीछे चली गई है, उसे फिर से न दोहराते हुए चुनाव जीतने का संकल्प लिया जाए। विभिन्न मुद्दों पर अपनी चर्चा के दौरान ईवीएम का भी मुद्दा उठा, जिसके लिए कहा गया कि इस पर भी विचार किया जाना चाहिए। पार्टी के कई असंतुष्ट नेता संसदीय बोर्ड के गठन की मांग कर रहे थे जिसे एक सुझाव के रूप में पार्टी ने स्वीकार भी कर लिया है। सम्मेलन में यह भी योजना बनी कि विधानसभा चुनावों और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव तक आंदोलन के लिए पार्टी की देशव्यापी योजना कैसे तैयार हो, ताकि आम आदमी के बीच मुद्दों को लेकर बड़ा आंदोलन खड़ा किया जा सके। इसके लिए दल के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने जन जागरण अभियान के लिए भविष्य के कार्यक्रमों का खाका भी पेश किया।

## संक्षिप्त खबरें

### जयंती पर याद किए गए सावरकर

गजरौला। रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव समिति के संयोजन में विनायक दामोदर सावरकर जयंती पर ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित की गई। शुभारंभ प्रचार्य डा.रईस अहमद ने किया। वक्ताओं ने वीर सावरसर के जीवन वृतांत की जानकारी दी। देश सेवा के उनके कार्यो पर चर्चा की। कहा कि वीर सावरकर ऐसा व्यक्तित्व थे, जो अकेले देश में क्रांति ला सकते थे। एनएसएस छात्र ईशान कुमार वत्स ने कहा कि सावरकर कभी छुआछूत व जातिगत भेदभाव में नहीं पड़े। वह भारत को सशक्त राष्ट्र बनाना चाहते थे। संचालन सीमा सिंह ने किया। स्टाफ मौजूद रहा।

### ग्रीन डे पर की पौधरोपण की अपील

अमरोहा। नगर के गोल्डन पेटल्स इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को एलकेजी क्लास की ओर से ग्रीन डे मनाया गया। बच्चों को अधिक से अधिक पौधे रोपने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बच्चे हरे रंग की ड्रेस पहनकर आए। डांस आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। स्कूल चेयरमैन खुर्रम आजाद खान ने बच्चों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य फरमान हसन ने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए बच्चों को हरी सब्जियां खानी चाहिएं। उप प्रधानाचार्या शिल्पी रस्तोगी ने बच्चों को जीवन में हरे रंग की महत्ता समझाई। बच्चे लंच में हरे फल, सलाद, पालक की चपाती आदि लेकर आए। इस दौरान मुदब्बिरा, फिजा, चमन, सबा आमिर, बबीता गुप्ता, सदफ, आफरीन, स्वाति, रीना आदि अध्यापिका मौजूद रहीं।

### जुबिलेंट आफिसर्स ने गोद लिए 70 टीबी रोगी

गजरौला। जुबिलेंट आफीसर्स ने 70 टीबी रोगियों को गोद लिया है। शनिवार को पोषण किट वितरित की गईं। जिला क्षय रोग अधिकारी मुमताज अंसारी की मौजूदगी में ब्लाक क्षय रोग सन्वयक नवनीत कुमार को सौंपा गया। जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा कि टीबी मरीजों को दवाएं सरकार द्वारा निशुल्क दी जाती हैं लेकिन गरीब मरीज कुपोषित होते हैं, उन्हें प्रोटीन आयरन व विटामिन की पोषण किट जुबिलेंट आफिसर्स ने दी है। इससे उन्हें शीघ्र स्वास्थ्य लाभ होगा। इस दौरान हिमांशु शुक्ला, हितेंद्र अवस्थी, अनूप शुक्ला, सुरेश गुप्ता, सुनील दीक्षित, धर्मेंद्र मेहरा, डा.सुजिंद्र फोगाट, विकास कुमार, राम अवतार शर्मा आदि ने पांच-पांच मरीजों को छह माह के लिए गोद लिया। रोटरी क्लब भरतिया ग्राम ने भी 10 मरीजों को छह माह के लिए गोद लिया है। इस दौरान जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के नवनीत कुमार, विशाल कुमार, श्रेया वर्मा, जितेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### एसपी ने सुनीं थाना समाधान दिवस में जनसमस्यायें

बिजनौर। शनिवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कोतवाली शहर के प्रांगण में थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनसमस्याओं को सुना गया तथा जनशिकायतों के अतिशीघ्र एवं गुणवत्तापरक निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक, थाना कोतवाली शहर मौजूद रहे।

## समाधान दिवस मे चार शिकायतें दर्ज, एक का हुआ निस्तारण

नौगांवा सादात। थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ।जिसमें उपजिलाधिकारी अशोक शर्मा,क्षेत्राधिकारी विजय राणा एवं थाना प्रभारी संत कुमार ने शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुना। समाधान दिवस में सभी हलकों के लेखपाल मौजूद रहे। समाधान दिवस में दो शिकायतें राजस्व विभाग की एक शिकायत पुलिस और एक शिकायत राजस्व व पुलिस विभाग की आई। राजस्व व पुलिस विभाग की शिकायत का निस्तारण अधिकारियों ने मिलकर मौके पर ही करा दिए। शेष शिकायतें उप जिलाधिकारी अशोक शर्मा ने संबंधित विभाग को निस्तारण के लिए सौंप दिया गया और समय से निस्तारण करने की चेतावनी दे दी।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्टूडेंट फॉर सेवा के अंतर्गत शरबत वितरण का कार्यक्रम आयोजित

**मंडावली, प्रात: किरण संवाददाता**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नजीबाबाद में स्टूडेंट फॉर सेवा के अंतर्गत शरबत वितरण का कार्यक्रम नजीबाबाद के माल गोदाम चैराहे पर किया गया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समय समय पर विद्यालय और समाज के बीच में निरंतर कार्य करता रहता है आज उसी के अनुरूप विद्यार्थी परिषद में शरबत वितरण का कार्यक्रम किया गया। प्रांत सह संयोजक अभिषेक त्यागी ने बताया की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आज शरबत वितरण का जो कार्यक्रम चल रहा है वह नगर मंत्री विनायक गुप्ता के नेतृत्व में हुआ है जिस में मुख्य भूमिका परिवार प्रबोधन नगर सयोजक अभिषेक गुप्ता, कोमल कुमार नगर व्यस्त परमुखघ, जिला सयोजक धर्म जागरण मंच सचिन राठी, सिद्धार्थ चंद्रा पूर्व कार्यकर्ता एबीवीपी, नीरज राठौर, उज्वल कुमार,विशाल कुमार, प्रेरणा, आस्था, सुभम, अश्वनी, कोमल कुमार, अभिनव, ललित, उत्सव, राघव, रजत कुमार, सैकड़ों कार्यकताओं की भूमिका सराहनीय रही।

## सड़क में मानक अनुरूप सामग्री नहीं लगाने का आरोप, प्रदर्शन

हसनपुर। जिला पंचायत द्वारा बनवाई जा रही सड़क में मानक अनुरूप निर्माण सामग्री न लगाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि घटिया सामग्री लगाई तो आला अफसरों से शिकायत करेंगे। जरूरत हुई तो आंदोलन किया जाएगा।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जिला पंचायत द्वारा ब्लाक क्षेत्र के शाहपुर खुर्द के लिंक मार्ग को बनवाया जा रहा है। आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री नहीं लगाई जा रही है। घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जिसके चलते सड़क बनते ही उखड़ रही है। ग्रामीणों द्वारा चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर सड़क निर्माण मानक के अनुरूप नहीं हुआ तो उच्चाधिकारियों से शिकायत करेंगे। एसडीएम व डीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में अशोक, ब्रह्मानंद, जोगेश,जोगिंद्र, चमन, चेतराम, सत्यप्रकाश, नन्हे, राजू, टेकचंद, अरविंद, रामअवतार, कृष्णा, बनवारी, जसवंत, अर्जुन, सोमपाल,गंगासरन, विजय आदि रहे। उधर, एसडीएम ने बताया कि इस संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच व कार्रवाई की जाएगी।

# डिडौली में थाना समाधान दिवस आयोजित जिलाधिकारी, एसपी ने सुनी शिकायतें



**डिडौली, प्रात: किरण संवाददाता**

डीएम बीके त्रिपाठी, एसपी विनीत जायसवाल ने डिडौली थाने में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनीं। अमरोहा तहसील के अंतर्गत ग्राम समाज, तालाब, चकरोड पर अवैध कब्जे के संबंध में क्षेत्रीय लेखपालों से फीडबैक लिया।गांव बरखेड़ा से आई प्रार्थना पत्र में शिकायत की गई कि चक मार्ग संख्या 465,478 काफी दिनों से अवरूद्ध है, अतिक्रमण किया गया है। उच्च स्तर पर शिकायत की गई लेकिन लेखपाल की लापरवाही के चलते कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से ग्राम बरखेड़ा के लेखपाल निर्वेन्द्र शर्मा को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। तीन दिन का समय दिया गया। अतिक्रमण नहीं हटने पर निलंबन की चेतावनी दी। डीएम ने देखा कि अधिकतर शिकायतें चकरोड, तालाब, चारागाह ग्राम समाज की भूमि के अवैध कब्जे और पैमाइश संबंधी शिकायतें की गई हैं। नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि अगले समाधान दिवस में चकरोड, तालाब, चारागाह, ग्राम समाज की जमीन की भूमि पर अवैध कब्जे और पैमाइश संबंधी कोई शिकायत मिली तो संबंधित लेखपाल को निलंबित कर बर्खास्तगी की जाएगी। डीएम ने थाना दिवस के रजिस्टर को भी देखा। कहा कि जितने भी मुकदमें दर्ज होते है, उनका पूर्ण विवरण संबंधित रजिस्टर में अंकित करें। डीएम ने अपराध रजिस्टर, एनसीआर रजिस्टर, गुंडा एक्ट रजिस्टर, शस्त्र रजिस्टर, शिकायती रजिस्टर आदि अभिलेखों का अवलोकन किया। इस दौरान एसपी विनीत जयसवाल, एसडीएम सदर विजय शंकर मिश्र समेत संबंधित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल की क्रिकेट मैंच मे रोमांचकारी जीत



अमरोहा। राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल में टेनिस बॉल क्रिकेट लीग का शुभारम्भ हुआ। पहले मैच दा वारियर्स और राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल के बीच हुआ। राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। निर्धारित 16 ओवर मे राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल टीम ने मात्र 100 रन बनाए और उनके सभी खिलाड़ी आउट हो गए। राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल की तरफ से चैधरी अजय सिंह ने सर्वाधिक 52 रन बनाए और कोई भी बल्लेबाज ज्यादा समय तक द वारियर्स की गेंदबाजी के सामने टिक न सका। द वारियर्स की तरफ से कप्तान हर्षित ने चार विकेट , सुमित ने तीन विकेट और सुहैल ने दो विकेट लिए।द वारियर्स की टीम बल्लेबाजी करने आई और राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल की दमदार गेंदबाजी के सामने मात्र 33 रन पर आउट हो गई। राधा कृष्ण पब्लिक की तरफ से राघव ने 2 , फरमान ने 3 और शिवांग चैणरी ने 4 विकेट लिये।

## भाकियू भानु की मासिक बैठक आयोजित



नौगांवा सादात। तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन भानु गुट की एक बैठक का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता चंद्रकला और संचालन नौबहार सिंह ने किया।बैठक में वक्ताओं ने किसान की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा सरकार अनेकों प्रकार की योजनाएं चला रही है लेकिन सरकार की योजनाएं धरातल पर दिखाई नहीं दे रही हैं जिससे सरकार की किरकिरी हो रही है। तहसील अध्यक्ष महिपाल सिंह ने कहा जनपद अमरोहा में 41 हजार किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित रह रहे हैं जिनकी एक विशिष्ट नहीं आई उनको तुरंत किसान सम्मान निधि दिलाई जाए।जिला संरक्षक चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा आवारा पशुओं को पकड़वा कर गौशाला भिजवाया जाए।डग्गामार वाहनों का संचालन तुरंत बंद कराया जाए।कोराल विद्युत उप केंद्र की क्षमता में वृद्धि की जाऐ। कम से कम 12 घंटे बिजली सुचारू की जाए,बिजली के बिल जमा कराने के लिए ओटीएस योजना लागू की जाए।

## शॉर्ट सर्किट से जैकेट कारखाने में लगी आग, लाखों का नुकसान

नौगांवा सादात। थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के नई बस्ती मोहल्ला मक्का वाली मस्जिद में समीर पुत्र बुनियाद अली का घर में ही जैकेट का कारखाना चलता है। पिछले पार्टीशन में परिवार रहता है और उसी के आगे एक बड़े हाल में जैकेट कारखाना चला रखा है और घर का दरवाजा उसी कारखाने से होकर गुजरता है। शनिवार को समीर अपने घर में खाना खाने चला गया। किन्ही कारणों से कारखाने में शॉर्ट सर्किट होने के कारण कारखाने में आग लग गई जैसे ही कारखाने से धुआं उठा तभी समीर घर से कारखाने की ओर दौड़ पड़ा और धुआं देखकर पड़ोसी भी समीर के घर की ओर दौड़ने लगें। अग्निशमन विभाग को सूचना दे दी गई और नगर वासियों ने अपने-अपने समरसेबल चलाकर बड़ी मस्कत करने के बाद कारखाने की आग पर काबू पा लिया और दमकल की गाड़ी आने से पहले ही आग बुझा ले गई। लेकिन समीर ने जले हुए कच्चे माल की कीमत दो लाख रुपए बताई। यदि यह आग समीर के घर की तरफ रुख कर जाती तब अनहोनी होने का भी खतरा बढ़ रहा था। आग पर काबू पाकर परिजनों को घर से सही सलामत निकाल लिया गया।

# जिला प्रभारी ने किया तीन दिवसीय मेगा सर्विस कैम्प का उदघाटन



**बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता**

नूरपुर रोड स्थित महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा लि0 के आथोराइज्ड विक्रेता तिरूपति व्हीकल्स प्रा0लि0 में आयोजित तीन दिवसीय मेगा सर्विस कैम्प महिन्द्रा की थ्री व्हीकल्स गाडियों के लिये 27 मई से 29 मई तक लगाया गया है। जिसमें विशेष प्रकार की छूट दी जा रही है। साथ ही साथ लक्की ड्रा एवं लंच की भी सुविधायें दी जा रही हैं। शनिवार को कैम्प का उदघाटन एक अखबार के जिला प्रभारी व रिक्शा यूनियन के उपाध्यक्ष मुशब्बर हुसैन ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उनका बुके देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुशब्बर हुसैन ने कहा कि सभी लोगों को कैम्प में चल रहे विशेष प्रकार की छूट का लाभ उठाना चाहिए। साथ ही साथ लक्की ड्रा का भी लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर कम्पनी जीएम सर्विस सचिन अग्रवाल, सर्विस मैनेजर कुलवीर सिंह, तकनीकी मैनेजर गौरव गुप्ता, सीपीएम शिल्पी तोमर, मुनिषा इत्यादि ने सभी लोगों का स्वागत किया।

## शिक्षक हित में कार्य करेगा संगठन : पंकज

धनौरा। अनुदानित महाविद्यालय स्वावित्तपोषित शिक्षक संघ (महात्मा ज्योतिबाफुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली) की पहली बैठक आनलाइन संपन्न हुई। संगठन पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने अपनी समस्याओं को रखा। महामंत्री डा.पंकज शर्मा ने कहा कि संगठन शिक्षक हित में कार्य करेगा।मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव छज्जूपुरा निवासी एवं महामंत्री पंकज शर्मा ने कहा कि शिक्षकों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनके हक के लिए संगठन हमेशा साथ खड़ा रहेगा। संगठन में महात्मा ज्योतिबाफुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के विभिन्न शहरों के शिक्षक जुड़े हैं। कहा कि सभी को साथ लेकर व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा। शिक्षक अपनी समस्याएं ग्रुप पर शेयर कर सकेंगे। समापन पर संगठन पदाधिकारियों को ग्रुप से जुड़ने पर बधाई दी गई। इस दौरान डा.आरके शर्मा, डा.दीप सौरभ सिंह पार्थ, डा.तृप्ता वर्मा, डा.विजय अग्रवाल, डा.योगेश शर्मा, डा.आलोक दीक्षित, डा.विशाल सक्सेना, डा.नीरू शर्मा, डा.संदीप अवस्थी, डा.अजिता सिंह तिवारी आदि शामिल रहे।

# विशेष सड़क सुरक्षा अभियान : पुलिस अधीक्षक ने निकाली यातायात जागरूकता रैली

**अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता**



विशेष सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा नगर क्षेत्र में पुलिस के सभी राजपत्रित अधिकारियों के साथ यातायात नियमों के प्रति आमजन में जन जागरूकता बाइक रैली निकाली रैली को अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा गाँधी मूर्ति से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।यह बाइक रैली नगर के गांधी मुर्ति चौराहे से प्रारंभ होकर वासुदेव मंदिर रोड, चुना भठ्ठी, लकडा चौराहा, शाह विलायत चौराहा, अतरासी तिराहा, नल चौराहा आदि मुख्य-मुख्य चौराहों, गली-मौहल्लों एवं बाजारों से होते हुए टीपी नगर चौराहे पर समाप्त हुई।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने पब्लिक अड्रेस सिस्टम के माध्यम से जनपदवासियों से अपील कर यातायात सम्बन्धी नियमों के बारे में जानकारी दी गयी।जिससे जनपदवासी यातायात नियमों पर अमल कर अपने एवं अपने परिजनों को सुरक्षित रख सकें।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय कभी भी तीन सवारी न बैठाये, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाये, बिना नम्बर के वाहन न चलाये, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन से बात न करे, निर्धारित गति से अधिक गति से वाहन न चलाये, शराब पीकर वाहन कभी न चलाये, हमेशा सड़क पर बायी ओर चले, साइड मिलने पर ही ओवर टेक करे, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करें इससे आप एक नेक व्यक्ति बन सकते है, गोल्डन ऑवर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना के बाद घायल व्यक्ति के लिए पहला एक घंटा बहुत महत्वपूर्ण होता है यदि घायल को समय पर उपचार मिल जाये तो उसकी जान बच सकती है ।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर भारी जुमानें का प्रावधान है, याद रखे आपकी जरा सी असावधानी आपके लिये जानलेवा साबित हो सकती है साथ ही 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन नहीं चलाने दे। सभी यातायात नियमों का पालन करे तथा अपने आपको एवं अपनो को सुरक्षित रखे।इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्र प्रकाश शुक्ल, क्षेत्राधिकारी नगर विजय कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात अरुण कुमार सिहं, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, यातायात प्रभारी, थाना अमरोहा नगर पुलिस, डायल 112 के पुलिसकर्मी, यातायात कर्मी आदि अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# समाधान दिवस के दौरान छह शिकायतें दर्ज करायी गयीं



**अफजलगढ़, प्रात: किरण संवाददाता**

यहाँ कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस के दौरान छह शिकायतें दर्ज करायी गयीं जिनमें से दो शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। तहसीलदार अफजलगढ़ कमलेश कुमार के मुताबिक समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा छह शिकायतें दर्ज करायी गयीं जिसमें दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य शिकायतें सम्बंधित अधिकारियों को सौपते हुये शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये गये हैं। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने कहा कि समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तरण शीघ्र ही कराया जायेगा और पीड़ित की हर समस्या को निस्तारण कर समाधान कराया जायेगा। इस अवसर पर कोतवाल मनोज कुमार सिंह के अलावा एसएसआई दिनेश कुमार शर्मा, कस्बा इंचार्ज अनोखेलाल गंगवार, प्रधान कपिल कुमार, मेहर आलम एडवोकेट, सहित कानूनगो अफजलगढ़ नरेन्द्र कुमार,लेखपाल बेनीराम सिंह, शीशराम सिंह, रोहिताश चैहान, जितेन्द्र प्रताप सिंह, अंशारूलहक, अनुरूद्ध, सुरेशचंद, अनील कुमार, गौरव चैहान, योगेन्द्र कुमार, कश्मीर सिंह राणा, ऋषिपाल सिंह, आसाराम सिंह, सुरेंद्र सिंह छिम्वाल तथा संजीव कुमार सहित अधिकांश लेखपाल मौजूद थे।

## शादी की 50 वीं वर्षगांठ पर पाधों का रोपण किया

बिजनौर। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक मास्टर राजपाल सिंह सैनी एवं श्रीमती ओमवती सैनी ने अपनी शादी की 50 वी वर्षगांठ पर दयाल कुंज कॉलोनी के प्रवेश द्वार पर पौधों का रोपण करके शादी की वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाई गई। महात्मा ज्योतिबा फुले वेलफेयर सोसाइटी बिजनौर के संरक्षक राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित एवं अनेक सामाजिक शैक्षिक संस्थाओं से जुड़े दयाल कुंज निवासी मास्टर राजपाल सिंह सैनी ने अपनी शादी की 50 वीं वर्षगांठ के अवसर पर कॉलोनी के मुख्य गेट के पास पौधा रोपण किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण प्रकृति के लिए अनमोल है यह वृक्ष दिन प्रतिदिन बढ़ेगा और जन सामान्य को इसका लाभ मिलेगा उन्होंने कहा वृक्ष मानव के लिए अनमोल धरोहर है हम सबको चाहिए कि हम समय-समय पर वृक्षारोपण करते रहे और लगाए गए पौधों की परवरिश करें ताकि यह पौधे बड़े होकर जनसामान्य को लाभ दे सके इस अवसर पर अभिलाष कुमार डॉक्टर ओम लता सैनी देवेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे और मास्टर राजपाल सैनी एवं श्रीमती ओमवती सैनी को 50 वी शादी की सालगिरह पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# दरगाहे आलिया नज्फे हिन्द जोगीपुरा में सालाना मजलिसो का तीसरा दिन

## अजादारो ने मातम कर जलूस बरामद करते हुए हजरत इमाम हुसैन और कर्बला की शहीदों को याद

**नजीबाबाद , प्रात: किरण संवाददाता**




दरगाहे आलिया नज्फे हिन्द जोगीपुरा में सालाना मजलिसो के तीसरे दिन अजादारो ने मातम कर जलूस बरामद करते हुए हजरत इमाम हुसैन और कर्बला की शहीदों को याद किया। इस दौरान दरगाह में मौला अली की सदाऐं भी बुलंद हुई। शम्सुल हसन हॉल में मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना इरफान छोलस ने कहा कि इस्लाम अमन और भाईचारे का मजहब है, इसमें किसी तरह की कोई शिद्दत पसंदी नही है और जो शिद्दत एख्तियार करते हैं, वह इस्लाम की तालीम के खिलाफ होता है। उन्होंने कहा कि इस्लाम तमाम धर्मो और धार्मिक गुरुओं का पूरा सम्मान करने की तालीम देता है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे रसूल स० ने स्पष्ट कहा है कि जिस मुल्क में रहो,उसके साथ पूरी वफादारी के साथ रहो, इसलिए मुल्क का मुसलमान कभी भी मुल्क के नुकसान के बारे में सोच भी नही सकता। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखण्डता को मजबूत करने के लिए आपस मे सौहार्द को बढ़ाना होगा तभी देश तरक्की कर सकता है। उन्होने इल्म हासिल करने पर जोर देते हुए कहा कि इल्म से ही इस्लाम मुकम्मल होगा। उन्होंने बताया कि पहली वही का पहला लफ्ज ही ष्इकग्राष् है जिसके मानी ही पढ़ने के हैं, इसलिए मुसलमानो को चाहिए कि अपनी औलाद को दीन और दुनिया, दोनों की तालीम से आरासता कराएं,ताकि वह दीन और दुनिया को अच्छी तरह समझ सकें। मौलाना मिर्जा जावेद, मौलाना इरफान हैदर छोलस, मौलाना नईम अब्बास, मौलाना बाकर काजमी, मौलाना तसलीम महदी, मौलाना काजिम महदी, मौलाना जाफर रिजवी, मौलाना दानिश, मौलाना शबाब हैदर, मौलाना मिर्जा फरहत अब्बास आदि ने खिताब करते हुए देश में अमन का पैगाम दिया। इस दौरान अजुमन अंसारे हुसैनी, अंजुमन शैदाये हुसैनी, अंजुमन गुंचाये इस्लाम, अंजुमन दायरतुल अजाघ आदि ने जूलस बरामद किये और मातम किया।

## थाना समाधान दिवस में तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया

नगीना। थाना प्रभारी की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में पांच शिकायतें दर्ज हुई जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शनिवार को थाना प्रांगण में आयोजित थाना दिवस के अवसर पर थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा ने मौके पर पहुंचे पीड़ितों की समस्याएं सुनते हुए उनके समाधान करने का प्रयास करते हुए संबंधित लेखपाल व दरोगाओ से कहा कि पीड़ितों की समस्या का समाधान शासन के मंशानुरूप होना चाहिए ।थाना दिवस पर कुल पाच शिकायते दर्ज की गई जिनमे से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष दो को सम्बंधित लेखपाल दे दी गई। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य है कि पीड़ित हर प्रकार से संतुष्ट किया जाए इस अवसर पर थाना क्षेत्र के लेखपाल धीरज त्यागी, विजेंद्र कुमार ,अजय पाल सिंह, जयपाल सिंह, सुनील कुमार, मोहित शर्मा, शैलेंद्र कुमार, योगेश कुमार, सहित क्षेत्र के समस्त लेखपाल उपस्थित रहे।

# भारत मे गुरुकुल की पुन: स्थापना के संबंध में भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

**नजीबाबाद , प्रात: किरण संवाददाता**



भारत में हिंदुत्व की रक्षा करने वाला संगठन राष्ट्रीय युवा वाहिनी ने संकल्प लिया था कि योगी को पुनः मुख्यमंत्री बनने के उपलक्ष में गो यज्ञ एवं राम कथा 11 गौशालाओं का निर्माण किया जाएगा जिसको राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार कर रहा है एवं निरंतर सक्रिय रहकर समाज हित में भी कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक हिंदु देव प्रकाश शुक्ला द्वारा यह संकल्प लिया गया था,जिसको पूर्ण किया गया है। इसी सम्बन्ध में शनिवार को प्रातः 11 बजे राष्ट्रीय युवा वाहिनी जनपद बिजनौर के विधानसभा नजीबाबाद के पदाधिकारी तहसील परिसर में एकत्रित हुए तथा उप जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार गोपेश तिवारी को ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग की गई कि भारत में गुरुकुल की स्थापना की जाए तथा भारत को वैदिकता व सनातन संस्कृति की ओर अग्रसर किया जाए, गुरुकुल की संख्या कम हो जाने के कारण तथा पर्याप्त मात्रा में गुरुकुल ना होने के कारण आज की युवा पीढ़ी अपने लक्ष्य से भटक रही है तथा अपनी संस्कृति व परंपरा को भूल रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि सनातन संस्कृति को बनाए रखने के लिए आने वाली पीढ़ी को एक अच्छा लक्ष्य से परिपूर्ण अनुशासित स्वावलंबी वातावरण देने के लिए गुरुकुल की स्थापना होना अति आवश्यक है जिसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना चाहिए इसलिए राष्ट्रीय युवा वाहिनी संगठन भारत सरकार से यह मांग करता है कि संपूर्ण भारतवर्ष के तमाम जिलों में गुरुकुल की स्थापना की जाए। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष पंडित प्रफुल्ल वशिष्ठ, जिला उपाध्यक्ष हार्दिक अग्रवाल, जिला महामंत्री हिमांशु तायल, नगर अध्यक्ष पारस चैधरी, नगर मंत्री मोनू वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विशाल पंडित, कपिल ठाकुर, अजय कुमार, आशुतोष नामदेव, चैधरी ईशम सिंह, अभय सिंघल, पुष्पेंद्र कौशिक, सचिन पंडित आदि पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बंद पड़े सामुदायिक शौचालय को शुरू कराए जाने की मांग खंड विकास अधिकारी से की

**नजीबाबाद , प्रात: किरण संवाददाता**



ब्लाक की ग्राम पंचायत में बंद पड़े सामुदायिक शौचालय को शुरू कराए जाने की मांग खंड विकास अधिकारी से की गई है। आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने शनिवार को खंड विकास अधिकारी विजय कुमार यादव से संपर्क किया और उन्हें अवगत कराया कि रायपुर मार्ग स्थित गढ़मलपुर ग्राम पंचायत में लाखों रुपए की कीमत से पूर्व में शौचालय का निर्माण विभाग द्वारा कराया गया था परंतु उस शौचालय पर काफी समय से ताला लटका हुआ है जिसके कारण उनका उपयोग नहीं हो पा रहा है। उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को बताया कि मुख्य मार्ग पर स्थित इस शौचालय के बंद होने से आने जाने वाले लोगों तथा अन्य पर्यटक स्थल पर जाने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है खंड विकास अधिकारी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित ग्राम पंचायत सचिव गौसिया अंसारी को बुलाया जिस पर सचिव गौसिया अंसारी ने खंड विकास अधिकारी को बताया उक्त ग्राम पंचायत में बने सामुदायिक शौचालय को खोले जाने के लिए वह कई बार ग्राम प्रधान मनोज कुमार को पत्र लिख चुकी हैं परंतु प्रधान द्वारा शौचालय को शुरू नहीं कराया जा रहा है जोकि काफी चिंताजनक है इस पर खंड विकास अधिकारी ने संबंधित सचिव से अंतिम बार पत्र ग्राम प्रधान को लिखने को कहा ताकि बंद पड़ा सामुदायिक शौचालय शुरू हो सके उधर इस संबंध में ग्राम प्रधान मनोज कुमार ने बताया कि उक्त शौचालय में कुछ कार्य चल रहा है तथा 4 या 5 दिन के अंदर शौचालय को आमजन के लिए शुरू कर दिया जाएगा।

## माटी कला के परम्परागत कारीगरों, शिल्पियों को विद्युत चालित चॉक नि:शुल्क वितरण किया जाना प्रस्तावित

बिजनौर। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कुंवर सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि उ.प्र. माटी कला बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में माटी कला के परम्परागत कारीगरों, शिल्पियों के समन्वित विकास हेतु माटी कला टूल किट्स वितरण योजनान्तर्गत माटी कला के परम्परागत कारीगरों, शिल्पियों को विद्युत चालित चॉक निःशुल्क वितरण किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि ऐसे परम्परागत कारीगर व शिल्पी, जिनको राजस्व विभाग द्वारा मिट्टी निकालने का पट्टा आवंटित है अथवा मिट्टी सुलभ है तथा वे वर्तमान में माटी कला का कार्य कर रहे हैं, निशुल्क विद्युत चॉक प्राप्त करने के लिए कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, बिजनौर में आगामी 06 जून,,2022 तक अपने प्रार्थना पत्र जमा कर सकते है। उन्होंने उक्त योजना से लाभान्वित होने की पात्रता के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक माटी कला से सम्बन्धित परम्परागत कारीगरध्शिक्षिक बेरोजगार, माटी कला की किसी विधा के प्रशिक्षित, प्रमाण पत्र प्राप्त तथा स्वतः रोजगार में रूचि रखने वाले परम्परागत कारीगर परिवार की महिला होना अनिवार्य है।

# सबील लगाकर की राहगीरों की सेवा



**नजीबाबाद , प्रात: किरण संवाददाता**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नजीबाबाद द्वारा बता स्टूडेंट फॉर सेवा के अंतर्गत राहगीरों को शीतल पेय शरबत वितरण का कार्यक्रम माल गोदाम चैराहे पर किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समय समय पर विद्यालय और समाज के बीच में निरंतर कार्य करता रहता है, शनिवार को उसी के तहत विद्यार्थी परिषद ने शरबत वितरण का कार्यक्रम किया।इस अवसर पर प्रांतीय सह संयोजक अभिषेक त्यागी ने बताया की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का यह कार्यक्रम नगर मंत्री विनायक गुप्ता के नेतृत्व में चल रहा है है जिस में मुख्य भूमिका परिवार प्रबोधन नगर सयोजक अभिषेक गुप्ता, कोमल कुमार नगर व्यस्त परमुखघ, जिला सयोजक धर्म जागरण मंच सचिन राठी, वरिष्ठ भाजपा नेता चैधरी ईशम सिंह, अरविन्द विश्वकर्मा,सिद्धार्थ चंद्रा पूर्व कार्यकर्ता एबीवीपी, नीरज राठौर, उज्वल कुमार,विशाल कुमार, प्रेरणा, आस्था, सुभम, अश्वनी, कोमल कुमार, अभिनव, ललित, उत्सव, राघव, रजत कुमार, राजेन्द्र सिंह,शुभम प्रजापति, सुमित गुर्जर,सैकड़ों कार्यकताओं ने सेवा कार्य करने में सहयोग किया।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली के करंट उतरने से दो पशुओं की मौत

संभल। बिजली विभाग की लापरवाही के चलते जुनावई क्षेत्र के गांव असदपुर में मजदूर छोटे लाल पुत्र चंद्रपाल गांव के किनारे अपनी झोपड़ी डालकर गुजर बसर कर रहा था तथा छोटेलाल का आरोप है कि मेरे घर के किनारे पर एक बिजली का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है आज मेरी पत्नी पशुओं को चारा डालने जा रही थी बिजली के खंभे के अर्थ का तार से करंट उतरने से दो पशु तड़प तड़प कर जान दे रहे थे जभी पत्नी नेम बती ने पशुओं का हाल देखा और घबराने लगी खुद भी करंट से बचाव करते हुए गांव की तरफ दौड़ी जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे तब तक एक भैंस एक बैल की मौत हो चुकी थी पत्नी ने पति ने बताया यह जो मेरे घर में ट्रांसफार्मर लगा हुआ है इसी की वजह से मेरे साथ में घटनाएं हो रही है अब छोटे लाल का परिवार सदमे में है क्या उस गरीब किसान को क्या सहायता मिलेगी दो पशु की कीमत करीब 50000 रुपए बताई जा रही है।

### एक्सपोर्ट ड्यूटी बढ़ने से सरिया के रेट में और गिरावट, देखें अब क्या है रेट

लखनऊ। निर्यात (एक्सपोर्ट) ड्यूटी बढ़ने के बाद से सरिया की कीमतें घटना शुरू हो गई हैं। करीब चार हजार रुपये प्रति टन की गिरावट आई है। इस्पात मंडी हलकान है। सरिया के रेट 72,000 रुपये टन से घटकर 68,000 रुपये टन तक आ गए हैं। अप्रैल माह में इसके भाव 82,000 रुपये टन तक पहुंच गए थे। वहीं रायपुर, रायगढ़ आदि सामान्य ब्रांड 66,000 रुपये टन तक आ गए हैं। बडे.ब्रांड वाली सरिया 94,000 रुपये टन से घटकर 93,000 रुपये प्रति टन आ गई है। इसमें भी करीब एक हजार रुपये टन की गिरावट दर्ज की गई है। कारोबारियों का कहना है कि सरकार के ध्यान देने से हफ्तेभर में बड़ा अंतर देखने को मिला है।

### थाना हयातनगर पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का किया पदार्फाश

संभल। थाना हयातनगर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी थाना हयातनगर पुलिस द्वारा धरपकड़ अभियान चलाया गया जिसके तहत एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री का किया पदार्फाश पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र तथा अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार जयसवाल तथा क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन पाताल के अंतर्गत थाना हयातनगर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई जिसमें ग्राम हैबतपुर में ग्राम प्रधान के घर के पीछे से अवैध शस्त्र फैक्ट्री में से भारी मात्रा में बने अधबने शस्त्र एवं बनाने के उपकरण आदि के साथ दो अभियुक्तों1. तस्लीम पुत्र जहीर अहमद निवासी ग्राम हैबतपुर वर्तमान ग्राम प्रधान थाना हयात नगर 2. नौमान पुत्र तस्लीम निवासी ग्राम हैबतपुर थाना हयात नगर जनपद सम्भल को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से एक अदद तमंचा 12 बोर एक तमंचा 315 बोर ए तमंचा 315 बोर अधबना एक जिंदा तथा खोखा कारतूस 315 बोर एक जिंदा तथा एक खोखा कारतूस 12 बोर आयुध निर्माण करने के उपकरण बरामद किए गए हैं ।इन दोनों अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# 24 जनवरी 2024 को गर्भगृह में विराजमान होंगे रामलला

### इन दिनों भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य काफी गति पकड़ा चुका है

**अयोध्या, एजेंसी**



रामनगरी अयोध्या में इन दिनों भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य काफी गति पकड़ा चुका है। श्रीराम तीर्थ क्षेत्र की देखरेख में बन रहे मंदिर में गर्भ गृह लाल पत्थर से बन रहा है और इसका निर्माण कार्य पूर्ण होने पर रामलला शुभ मुहूर्त 24 जनवरी, 2024 को इसमें विराजमान होंगे। श्रीराम लला जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास जी महाराज ने बताया कि भगवान श्रीराम के मंदिर की प्रगति का कार्य 2023 में पूरा हो जाएगा। इस भव्य मंदिर का गर्भगृह लाल पत्थर से बन रहा है। इसी में शुभ मुहूर्त जनवरी 24, 2024 को श्रीराम लला को विराजमान किया जाएगा। अयोध्या में श्रीराम लला के भव्य मंदिर में गर्भगृह का निर्माण कार्य एक जून से प्रारंभ होगा। एक जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गर्भगृह के निर्माण कार्य का शुभारंभ करेंगे। इससे पहले उन्होंने 25 मार्च 2020 को श्रीराम लला को टेंट के मंदिर से निकालकर मानस मंदिर में भी स्थापित किया था।

अयोध्या में श्रीरामलला मंदिर के गर्भगृह निर्माण कार्य को लेकर मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय पूजन कार्य आज से प्रारंभ हो गया है। अयोध्या नगर निगम के महापौर ऋषिकेश उपाध्याय पूजन में यजमान बने हैं। पांच दिवसीय विशेष पूजन में देश के चुनिंदा 40 विद्वान सर्वदेव अनुष्ठान का संचालन कराएंगे। अनुष्ठान में सभी देवी- देवताओं को प्रसन्न करने के लिए विधिपूर्वक पूजन अर्चन किया जा रहा है। इस विशेष अनुष्ठान के तहत रुद्री, दुर्गा सप्तशती, विष्णु सहस्त्रनाम, चतुर्वेद का नियमित दो सत्रों में सुबह आठ से 11 व दोपहर तीन से 6.15 बजे तक पाठ हो रहा है। इसे संपन्न कराने के लिए राजस्थान से पंडित हितेश अवस्थी, सिद्धार्थनगर के उमेश ओझा, बंगाल के लीलाराम गौतम, दिल्ली के पवन शुक्ला, वाराणसी के रामजी मिश्रा तथा अयोध्या के दुर्गाप्रसाद, शिवशंकर वैदिक, रघुनाथदास शास्त्री, प्रमोद शास्त्री सहित 40 विद्वान मौजूद है। पांच जून को अनुष्ठान का समापन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या भी शामिल होंगे।

श्रीराम लला मंदिर के गर्भ गृह के भूमि पूजन पर गर्भ गृह को फूल बंगले से सज्जित किया जाएगा। यहां पर तो एक जून को होने वाले भूमि पूजन को लेकर साज-सज्जा की व्यापक तैयारी की गई है। साज-सज्जा की तैयारी उन्हीं आशीष मिश्र को सौंपी गई है, जिन्होंने राममंदिर के भूमि पूजन में साज-सज्जा की थी।

### नौ शत्रु संपत्तियों को बाजार रेट पर बेचने की तैयारी

कानपुर। शत्रु संपत्तियों को लेकर सरकार गंभीर है।इसी क्रम में जिला प्रशासन ने भी अब तेजी दिखानी शुरू कर दी है।शत्रु संपत्ति के अभिरक्षक का पत्र आने के बाद तय हुआ है कि इन संपत्तियों को बाजार की कीमत पर उन्हें बेचा जाएगा।पहली प्राथमिकता संपत्ति पर काबिज होने वालों को मिलेगी, उनके मना करने पर संपत्ति को सील कर दिया जाएगा। बाद में नीलामी करायी जाएगा। एसडीएम सदर के नेतृत्व में तीन सदस्यीय कमेटी इन संपत्तियों का मूल्यांकन करेगी। भारत सरकार के शत्रु अभिरक्षक के निर्देश के बाद जिले में घोषित नौ शत्रु संपत्तियों के मूल्यांकन की तैयारी पूरी हो चुकी है।इस संबंध में शत्रु संपत्ति के अभिरक्षक की ओर से पत्र आने के बाद एसडीएम सदर, एआइजी स्टांप और एक्सईएन पीडब्ल्यूडी की तीन सदस्यीय कमेटी बनायी गई है जो इन संपत्तियों को मूल्यांकन करेगी।अभिरक्षक के पत्र के मुताबिक यदि संपत्ति का मूल्यांकन एक करोड से कम होगा तो तीन सदस्यीय कमेटी संपत्ति पर काबिज व्यक्ति को मूल्यांकन रेट पर संपत्ति बेच सकेगी।यदि काबिज व्यक्ति संपत्ति खरीदने से इंकार करता है तो उसे सीज कर दिया जाएगा और फिर उसकी नीलामी होगी।

## किसानों ने चौधरी अर्जुन सिंह के आवास पर की पंचायत



**संभल, प्रात: किरण संवाददाता**

भारतीय किसान यूनियन असली की चौधरी अर्जुन सिंह के आवास पर किसानों की पंचायत हुई जिसमें ऊजा निगम पर बिल वसूली के नाम पर आम जनता का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया पंचायत में किसानों के गन्ना भुगतान आवारा पशुओं की समस्या पर भी विचार विमर्श किया गया पंचायत में 29 मई को पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती पर संभल चरण सिंह पार्क मैं मनाने का निर्णय लिया गया और 30 मई को संभल किसान गल्ला मंडी मैं ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर एडीएम ऑफिस संभल पर धरना प्रदर्शन किया जाने का निर्णय लिया गया। पंचायत में चौ अर्जुन सिंह युवा मंडल महासचिव ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी बिजली चोरी पकड़ने के नाम पर लोगों का उत्पीड़न कर रहे हैं नगर के कर्मचारी जबरन घरों में घुसकर लोगों को परेशान कर रहे हैं बिल वसूली के नाम पर लोगों का उत्पीड़न बंद करें और जिस में मुख्य रुप से गन्ना भुगतान का मुद्दा भी बना रहा जिसमें बिना शुगर मिल व राणा शुगर मिल पर किसानों का गन्ना भुगतान बकाया रहा है जिसमें किसानों को अपनी फसल में लागत लगाने के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और आवारा पशुओं से फसल बचाने के लिए दिन-रात खेतों की रखवाली करने के लिए विवश हो रहे हैं पंचायत में मुख्य रूप से चौधरी ओमपाल सिंह, सोमपाल सिंह, दिनेश सिरोही, मास्टर राजवीर सिंह, मास्टर सोराज सिंह, यशपाल सिंह, राजेंद्र बढ़ाई, इंद्रपाल सिंह जसपाल सिंह, समरपाल सिंह सतवीर सिंह जोगिंदर सिंह, मोनू सिंह, मोहित सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

## अस्पताल में दर्द से तड़पती रही गर्भवती, डाक्टरों के जांच-ब्लड-एम्बुलेंस में उलझकर रह गया पति

**बलरामपुर, एजेंसी**



जच्चा-बच्चा की जिंदगी से खुलेआम खिलवाड़ करना जिला महिला अस्पताल प्रशासन की नीयत बन चुकी है। मरीजों से धन उगाही के लिए मशहूर चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मियों के संवेदनहीनता की हद तब हो गई, जब खून की कमी व रक्तस्राव से तड़पती गर्भवती को बिना इलाज के अस्पताल से भगा दिया गया। चार माह की गर्भवती से पांच हजार रुपये की मांग की गई। रूपए न देने पर रेफर का पर्चा थमा दिया गया। यही नहीं, रक्त देने के नाम पर अस्पताल में घूमते बिचौलियों ने भी 20 हजार रुपये की मांग की। अस्पताल से निकाली गई गर्भवती प्राइवेट बस स्टैंड के निकट जमीन पर पड़ी तड़पती रही।

पचपेड़वा के नेतहवा गांव निवासी शब्बीर ने बताया कि उसकी पत्नी शाहिबा को चार माह का गर्भ था। दर्द होने पर उसे शुक्रवार सुबह 10 बजे जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गांव की आशा उसके साथ थी। शब्बीर का आरोप है कि शाहिबा को बाहर की जांच लिखी गई थी। अल्ट्रासाउंड में पता चला कि बच्चे का बचना मुश्किल है। अस्पताल कर्मियों ने इलाज के नाम पर शब्बीर से एक हजार रुपये वसूल लिया, लेकिन कोई इलाज नहीं किया।

दोपहर 12 बजे हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने दो यूनिट ब्लड लाने को कहा। करीब 10 मिनट बाद दो लोग आए और कहा कि दो यूनिट ब्लड का 20 हजार रुपये लगेगा। रुपये न होने के कारण शब्बीर ने उन दोनों को मना कर दिया। बाद में महिला चिकित्सक डा. नगमा ने उसे रेफर करने की बात कही। सीएमएस डा. विनीता राय का कहना है कि अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट के अनुसार, शाहिबा के पेट में कोई गुच्छेनुमा आकृति दिख रही थी। इस आधार पर उसे बहराइच रेफर किया गया था।

एंबुलेंस के लिए भटकता रहा पति : शब्बीर के मुताबिक, साहिबा को रेफर करने के बाद एंबुलेंस की सुविधा नहीं दी गई। उसके पास बहराइच जाने भर के पैसे भी नहीं थे। उसने पत्नी साहिबा को प्राइवेट बस स्टैंड के पास सड़क पटरी पर लिटा दिया। वह दर्द से कराहते हुए पटरी पर गिर गई। प्राइवेट बस यूनियन अध्यक्ष जब्बार खां ने मीडियाकर्मियों को गर्भवती की पीड़ा व महिला अस्पताल की संवेदनहीनता की जानकारी दी।

### गुठली बैंक आओ, पुरस्कार पाओ : स्नेहिल पांडेय

लखनऊ। हां,ये नवाचारी पहल की है,स्नेहिल पाण्डेय ने, जो सोहरामऊ, नवाबगंज उन्नाव में शिक्षिका हैं। उन्होंने विद्यालय में एक नवाचार का आगाज किया है। प्रधान शिक्षिका स्नेहिल पांडेय द्वारा लोगों से अपील की गई है कि वह आम और जामुन की गुठली खाकर फेंकें नहीं बल्कि उन्हें एक कंटेनर में एकत्रित करें। तथा गुठली बैंक नामक बैंक में जमा करें और उनको विद्यालय परिसर में जमीन पर लगाया जाएगा। छोटे-छोटे पौधे निकलने पर उन्हें आम जन मानस में वितरित किया जाएगा। एकत्र करने के बाद जो सबसे ज्यादा गुठलियां विद्यालय को देगा, उसे इस माह के अंत में पुरस्कृत भी किया जाएगा। ना केवल छात्रों तथा अभिभावकों एवं उन्होंने अन्य अधिकारी गणों तथा सभी मित्रों, शुभचिंतकों रिश्तेदारों को भी एक व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से इस बात की अपील की है, कि लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में गुठलियों खाकर फेंके नहीं बल्कि उन्हें एक जगह जोड़ें और किसी भी एरिया से उनकी और उनकी टीम के माध्यम से सोहरामऊ विद्यालय तक पहुंचायें।

## जीटी रोड की खोदाई में निकली ढाई क्विंटल की तिजोरी के रहस्य से उठा पर्दा, डीएम और पुलिस आयुक्त भी रहे मौजूद

**कानपुर, एजेंसी**



जीटी रोड चौड़ीकरण में खोदाई के दौरान मिली ढाई क्विंटल वजनी तिजोरी के रहस्य से आखिर पर्दा उठ गया। बिठूर थाने में रखी तिजोरी को समाधान दिवस में पहुंची डीएम ने खुलवाया। तिजोरी के खुलने पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और अफसर भी मौजूद रहे। हालांकि तिजोरी पर दावा करने वाले दुकानदार समेत अन्य लोगों को नहीं बुलवाया गया।

जीटी रोड चौड़ीकरण का काम चल रहा है। 9 मार्च 2021 को मंधना चौराहे के पास अतिक्रमण हटाने के दौरान किराना दुकानदार दिनेश त्रिवेदी की दुकान भी जीटी रोड चाड़ीकरण की जद में आई थी। दुकान की खोदाई में पुरानी तिजोरी निकली थी, जिसका वजन करीब ढाई क्विंटल की थी। तिजोरी में खजाना होने की चर्चा होने की वजह से अधिकारियों ने बिठूर थाने में रखवा दिया था। इसके बाद कई लोगों ने तिजोरी पर अपना दावा पेश किया था। इनमें मंधना बहलोलपुर निवासी अरुण मिश्रा, किराना दुकानदार दिनेश त्रिवेदी और मुन्नी किन्नर थे। तिजोरी पर दावा पेश करने वाले ये लोग कोई पुख्ता सबूत नहीं दे पाए थे। इस वजह से तिजोरी को अबतक खोला नहीं गया था।

शनिवार को बिठूर थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें जिलाधिकारी नेहा शर्मा और पुलिस कमिश्नर विजय सिंह मीणा, आईपीएस शिवा सिंह और तहसील के अफसरों के सामने तिजोरी का मामला रखा गया। इसपर डीएम ने तिजोरी खोलने का निर्देश दिया तो उसे निकाल कर बाहर लाया गया। तिजोरी खुलने की जानकारी पर आसपास के लोग भी पहुंच गए।

तिजोरी खुलने को लेकर लोगों में ही नहीं बल्कि अफसरों में भी उत्सुकता नजर आई। तिजोरी को काटकर खोला गया तो उसमें खजाना नहीं निकला, उसके अंदर मिट्टी की पलती परत जमी मिली, जिसे खरोंचकर देखा गया। इसपर जिलाधिकारी हंसते हुए कहा- खोदा पहाड़ निकली चुहिया भी नहीं...। तिजोरी खोलते समय दावा करने वालों को नहीं बुलाया गया।

## बेटियों के भविष्य का तोहफा है सुकन्या समृद्धि योजना

**अयोध्या, एजेंसी**



पोस्टमास्टर जनरल विवेक कुमार दक्ष ने बेटियों को देश का भविष्य बताया। सुकन्या समृद्धि योजना के जरिए उनके भविष्य को संवारने के लिए उससे आच्छादित करने को जरूरी बताया। बोले, आर्थिक आजादी मिलने मात्र से ही भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध पर रोक के साथ नारी शक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। 15 वर्ष तक इसमें जमा धनराशि से शादी विवाह व उनकी शिक्षा पर खर्च किया जा सकेगा। सुकन्या समृद्धि बचत एवं डाक जीवन बीमा को मेहनत और लगन से कार्य करने के लिए उन्होंने प्रोत्साहित किया। ग्रामीण डाक जीवन बीमा को गरीब किसानों के लिए इसे सस्ती एवं अधिक फायदेमंद बताया। पूराबाजार ब्लाक की सरायरासी ग्राम पंचायत में बचत सप्ताह के अंतर्गत आयोजित महामेला में लखनऊ मुख्यालय के पोस्टमास्टर जनरल ने 10 वर्ष आयु तक की प्रत्येक बेटी को सुकन्या योजना से आच्छादित करने का जिम्मा डाक कर्मियों को सौंपा है। विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों ने बेटियों के लिए इसे उनके सुरक्षित भविष्य का तोहफा बताया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रणधीर सिंह लल्ला ने सरायरासी गांव को संपूर्ण सुकन्या समृद्धि गांव बनाने के लिए लोगों को जागरूक करने का वादा किया। प्रवर अधीक्षक डाकघर पीके सिंह ने बताया कि मंडल के प्रत्येक डाकघर में बचत सप्ताह के अंतर्गत घर-घर जाकर खाता खोला गया। मंडल में चार हजार 580 से अधिक बचत खाते तथा 1105 सुकन्या समृद्धि खाता खोले गए।

## गश्त करती पुलिस को देख चौकी पहुंची बच्ची मासूम के सवालों से भर आया दिल

**लखनऊ, एजेंसी**



पुलिस के कई चेहरे हैं। अक्सर पुलिसकर्मियों की छोटी-छोटी गलतियों को लोग बड़ी बताकर उनके प्रति गुस्सा जाहिर करते हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस भी छवि में सुधार और लोगों के प्रति व्यवहार बदलने की दिशा में लगातार काम हो रहा है। इससे न केवल आम जनमानस, बल्कि बच्चों में भी पुलिस के प्रति सम्मान का भाव बढ़ा है। इसका ताजा उदाहरण पत्रकारपुरम पुलिस चौकी में देखने को मिला।

एसीपी गोमतीनगर श्वेता श्रीवास्तव मातहतों के साथ पत्रकारपुरम में गश्त कर रही थीं। इस बीच उन्हें एक बच्ची काफी देर से देख रही थी। गश्त के बाद एसीपी मातहतों के साथ पत्रकारपुरम पुलिस चौकी में गईं। पीछे-पीछे बच्ची भी पुलिस चौकी में दाखिल हो गई। बच्ची ने भीतर प्रवेश करते ही कहा कि मुझे आप लोगों से बात करनी है।

एसीपी ने बताया कि पहले तो उन्हें लगा कि बच्ची को कोई समस्या है। 10 साल की बच्ची ने बताया कि उसका नाम आराध्या है। एसीपी ने पूछा कि बताओ आपको क्या बात करनी है? बस, फिर क्या था। बालमन ने सवालों की झड़ी लगा दी। पुलिस दिन रात कैसे काम करती है? आप लोग सोते कब हैं? घर कब जाते हैं? आपके बच्चे कुछ नहीं कहते? परिवार को कब समय देते हैं? मैं क्या पढ़ाई करूं...?

आराध्या के सवालों ने सभी को चौका दिया। कुछ देर के लिए वहां सन्नाटा पसर गया, लेकिन जवाब तो देना था। ऐसे में एसीपी ने आराध्य को उसके सवालों के जवाब दिए। पूछने पर आराध्य ने बताया कि वह अपने माता पिता के साथ बाजार आई थी। इसके बाद आराध्य के माता-पिता को बुलाया गया। एसीपी ने आराध्य के साथ फोटो ट्वीट की जो वायरल हो गई। उन्होंने बताया कि बह्लचे अब पुलिस के पास जाने में संकोच नहीं कर रहे। वे जिज्ञासु हैं और ये अच्छे बदलाव का संकेत है।

## योगी सरकार की शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार की मंशा नहीं : संजय सिंह

**लखनऊ, प्रात: किरण संवाददाता**

यूपी की आदित्यनाथ सरकार प्रदेश में अच्छी शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं देना चाहती है। चुनाव के समय भाजपा के संकल्प पत्र में किसानों को मुफ्त बिजली, छात्राओं को मुफ्त स्कूटी महिलाओं को बस में फ्री यात्रा का वादा जुमला साबित हो गया। झूठे और खोखले वायदे कर जनता को गुमराह करके उनके वोट हासिल करने की राजनीति कर रही है। बुजुर्गों की भी चिंता यूपी की सरकार को नहीं है। यही कारण है कि उसने बजट में वृद्धा पेंशन में भी कोई खास बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने शनिवार को योगी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि यूपी में शिक्षा और स्वास्थ्य के नाम पर 3 प्रतिशत बजट दिया जाता है। जबकि दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार शिक्षा के लिए 22 प्रतिशत बजट जारी कर रही है। बजुर्गों का भी दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने ख्याल रखा है और 2500 रुपये वृद्धा पेंशन कर दी है। जबकि यूपी में वृद्धा पेंशन के नाम पर बुजुर्गों को मात्र 1000 रुपये दिये जा रहे हैं। इतनी महंगाई में वो इतनी कम रकम में क्या गुजर-बसर कर पाएंगे।

आप सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से जारी किये गये बजट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि शिक्षा व्यवस्था की आदित्यनाथ सरकार को कोई चिंता नहीं है। उन्होंने शनिवार को एक ट्विट जारी कर लिखा है कि क्या हम यू पी वालों को अच्छी शिक्षा नही चाहिये? क्या हम जाति-धर्म की राजनीति का शिकार होते रहेंगे? ध्यान से देखिये। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल जी ने रखा शिक्षा का बजट 22% यू पी में योगी आदित्यनाथ जी ने रखा शिक्षा का बजट 3%। क्या आपके बच्चे बदहाल स्कूलों में ही पढ़ेंगे? संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के स्कूल और स्वास्थ्य की व्यवस्थाओं की तारीफ दुनिया कर रही है। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार स्कूलों को निजी स्कूलों की तरह विकसित किया गया है।

## प्रेमी के तिलक में पहुंची गर्भवती प्रेमिका, खोली पोल पट्टी

**वाराणसी, एजेंसी**



चोलापुर थाना क्षेत्र में युवक की धोखेबाजी की करतूत देखकर प्रेमिका ने आखिरकार युवक को ऐसा सबक सिखाया कि नाते और रिश्तेदारों के बीच उजागर हो गया। दरअसल पहले प्रेमिका से प्रेम की पींगें बढ़ाई और खूब सब्जबाग दिखाकर शारीरिक संबंध तक कायम कर लिए। शारीरिक संबंध बनाने की परिणति यह हुई कि युवती गर्भवती तक हो गई। इसके बाद युवक ने युवती ने दूरी बनाना शुरू कर दिया और गुपचुप विवाह की तैयारियों में भी जुट गया। युवक की शादी जहां तय हुई वहां पूर्व का प्रेम और गर्भवती प्रेमिका के बारे में पूरी जानकारी छिपा ली गई। इसके बाद गुपचुप तिलक की तैयारी भी शुरू कर दी गई। वहीं किसी तरह गर्भवती हो चुकी प्रेमिका को तिलक चढ़वाने की जानकारी मिली तो युवक के घर तिलक समारोह के दौरान ही युवती पहुंच गई। तिलक चढ़ा रहे लोगों के सामने ही युवती ने अपने प्रेमी की करतूतों को उजागर कर दिया तो तिलक चढ़ाने आए लोग भी सन्न रह गए। वहीं धोखेबाज प्रेमी नजर चुराने लगा। एक एक कर युवक की धोखेबाजी को युवती ने उजागर किया तो कुछ लोग मौके पर चुपचाप निकल गए। दूसरी ओर तिलक चढ़ाने आए लोग भी युवती की बातें सुनकर फरार हो गया। चोलापुर थाना क्षेत्र के अजगरा चौकी अजगरा पुलिस चौकी अन्तर्गत एक गांव में गुरुवार रात एक युवक के तिलक समारोह में गांव की ही एक युवती मौके पर पहुंची और खुद को युवक की प्रेमिका बताते हुए हंगामा करने लगी। उसने आरोप लगाया कि जिस युवक का तिलक चढ़ रहा है वह उसका प्रेमी है और उसके पेट में इनका बच्चा है।

**बयान** देवबंद के जमीयत सम्मेलन में बोले मदनी...

## नफरतों की दुकान खोलने वाले मुल्क के दुश्मनों के एजेंट

**सहारनपुर, एजेंसी**



देवबंद में जमीयत उलेमा ए हिंद के देवबंद में चल रहे दो दिवसीय सम्मेलन का प्रथम सत्र संगठन के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी के भाषण के साथ संपन्न हुआ। महमूद मदनी ने इशारों इशारों में सत्तासीन पार्टी और आरएसएस पर जमकर निशाने साधे। उन्होंने कहा कि नफरतों की दुकान खोलने वाले मुल्क के दुश्मनों के एजेंट हैं। अखंड भारत की बात करने वाले वाले देश को बांटने में लगे हैं। जमीयत उलमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि देश में नफरत का कारोबार करने वालों की दुकानें ज्यादा दिन तक चलने वाली नहीं है। नफरत की दुकान खोलने वाले और नफरत का बाजार सजाने वाले लोग देश के दुश्मन हैं। नफरत का जवाब कभी नफरत नहीं हो सकता। कहा कि नफरत का जवाब हम भी नफरत से दे सकते हैं लेकिन देश का मुसलमान कभी ऐसा नहीं करेगा। ना पहले कभी ऐसा किया है और ना ही कभी ऐसा करेंगे। क्योंकि हम नफरत का जवाब मुहब्बत से देने वाले लोग है। उन्होंने यह भी कहा कि देश की एकता, अखंडता और अखंड भारत बनाने की बात करने वालों ने आज देश के मुसलमानों का रास्ते पर चलना मुश्किल कर दिया है। यह किस अखंडता और अखंड भारत की बात करते हैं? बोलें कि नफरती लोग देश के साथ दुश्मनी कर रहे हैं और देश के अमन शांति तथा यहां की गंगा जमुनी तहजीब को तबाह बर्बाद कर रहे हैं। मदनी ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि हमें सबसे ज्यादा प्यार इस देश की शांति से है। इसलिए हम राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र मजबूत करने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि हम धार्मिक स्थलों और इबादतगाहों के लिए प्रस्ताव लाएंगे और प्रस्ताव लाकर बात रखेंगे और फिर उससे पीछे नहीं हटेंगे।

महमूद मदनी ने कहा कि मीडिया में भी मुकाबले का दौर चल रहा है, जिससे देश में नफरत की खाई बढ़ रही है। कहा कि फिलहाल नफरत का जो माहौल बन रहा है। इस नफरत को खत्म करने की जिम्मेदारी सरकार की और उससे कहीं ज्यादा मीडिया की है। हालांकि जमीयत वाले इस जिम्मेदारी को पहले से निभा रहे हैं और आगे भी निभाते रहेंगे। सहारनपुर के देवबंद के ईदगाह मैदान में चल रहे जमीयत उलेमा ए हिंद के सम्मेलन के प्रथम दिन के सम्मेलन में देश भर से आए जमीयत से जुड़े उलेमा देश के हालात और मुस्लिमों के उत्थान को लेकर विभिन्न प्रस्ताव रखें। सम्मेलन में दारुल उलूम के मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने कहा कि हिंदुस्तान एक ऐसा चमन है, जिसमें हर धर्म, नजरिया व संस्कृति के लोग एक साथ आपस में प्यार मोहब्बत से रहते रहे है। लेकिन आज एक अजीब सा माहौल बनाकर देशवासियों को बांटने का षड्यंत्र रचा जा रहा है, जो कि देश की तरक्की के लिए नुकसानदायक है। उन्होंने आह्वान किया कि सम्मेलन में अमन भाईचारे, मुस्लिम शिक्षा समेत जो भी प्रस्ताव आए, यहां मौजूद लोगों को उन पर संजीदगी से काम करने का संकल्प लेना चाहिए।

सम्मेलन में दारुल उलूम के वरिष्ठ उस्ताद मौलाना सलमान बिजनौरी ने देश में नफरत के बढ़ते दुष्प्रचार को रोकने के लिए कार्य करने का प्रस्ताव रखा जबकि जमीयत के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत मौलाना कारी उस्मान मंसूरपुरी के पुत्र एवं दारुल उलूम के उस्ताद मुफ्ती सलमान मंसूरपुरी, मुफ्ती हबीबुर्रहमान इलाहाबाद और मौलाना शमसुद्दीन ने इस्लामोफोबिया की रोकथाम को कार्य करने का प्रस्ताव सम्मेलन में रखा।

## मुरादाबाद में बाइपास पर पुलिस और लुटेरों के बीच मुठभेड़

**मुरादाबाद, एजेंसी**



बाइपास पर शुक्रवार रात पुलिस और लुटेरों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया जबकि दूसरे ने सरेंडर कर दिया। पुलिस ने घायल लुटेरे को जिला अस्पताल भर्ती कराया। दोनों लुटेरों ने सिक्योरिटी गार्ड के साथ लूटपाट की थी। एसपी सिटी, सीओ हाईवे ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। घायल बदमाश का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

22 अप्रैल की रात को पाकबड़ा थाना क्षेत्र के मालीपुर निवासी सिक्योरिटी गार्ड दुर्गेश धारीवाल से ड्यूटी करके घर वापस आते समय लूट हुई थी। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया की पाकबड़ा पुलिस को सूचना मिली थी गार्ड से लूटपाट करने वाले दोनों बदमाश बाइपास पर पाकबड़ा थाना क्षेत्र के उमरी सब्जीपुर गांव के पास जंगल में बैठे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मोहित चौधरी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने चारों ओर से घेराबंदी करके लुटेरों को घेर लिया। पुलिस से घिरता देख लुटेरों ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। फिर पुलिस ने भी गोली चला दी। मुठभेड़ में एक लुटेरे के गोली लग गई। गोली लगने के बाद दूसरे लुटेरे ने खुद को पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया।

मुठभेड़ की सूचना मिलते ही एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, सीओ हाईवे देश दीपक सिंह मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। पुलिस ने घायल लुटेरे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस द्वारा पूछताछ में दोनों ने अपना नाम अशोक और अंकित निवासी हुसैनपुर थाना कुंदरकी बताया। पुलिस ने दोनों लुटेरों से लूट का सामान कड़ा, चेन, मोबाइल भी बरामद कर लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### 40 छात्रों को वितरित की हेल्थ केयर किट

पुन्हाना। पुन्हाना स्वयं व अपने परिजनों का प्राथमिक उपचार करने के उद्देश्य से सरकारी स्कूलों में वितरित की जा रही हेल्थ केयर किट शनिवार को सिरौली गांव के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंड्री स्कूल में 40 छात्र-छात्राओं को वितरित की गई। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल के प्रिंसिपल समून खान के अलावा गांव के निवर्तमान सरपंच अशरफ व हेड मास्टर कनीराम उपस्थित रहे। इस दौरान स्कूल के प्रिंसिपल समून खान ने बताया कि स्कूलों में पहली बार एनएसक्यूएफ के तहत हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने हेल्थ केयर किट वितरित की गई है। उन्होंने बताया की पीसीएम के सभी छात्रों को इसकी ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग के पश्चात विद्यार्थी स्वयं परिवार का व अपना फीवर इत्यादि चेक करके प्राथमिक उपचार ले सकेंगें।

### 1 जून से प्रदेश के किसानों को हर रोज 8 घंटे दी जाएगी बिजली

अंबाला प्रदेश में किसानों को 1 जून से हर रोज 8 घंटे बिजली मिलेगी बिजली विभाग ने शेड्यूल तैयार कर लिया है फिलहाल किसानों को 5 घंटे बिजली दी जा रही है अभी पांच 5 घंटे के तीन ग्रुप सुबह 4:00 बजे से बनाए गए हैं जिन से किसानों को दिन में बिजली मिल रही है 8-8 घंटे के ग्रुप बनने पर किसानों को रात में भी बिजली सप्लाई दी जाएगी दूसरी ओर किसानों ने धान रोपाई के लिए तैयारी शुरू कर दी है हालांकि प्रदेश में 15 जून से धान रोपाई का कार्य शुरू होगा किसान अभी से तैयारी करने लगे हैं धान की फसल के लिए किसानों को प्रतिदिन 5 घंटे से ज्यादा बिजली की जरूरत होगी इसे देखते हुए बिजली विभाग ने यह निर्णय लिया है।

### कौशल प्रशिक्षण केंद्र आईएमपॉवर एकेडमी फॉर स्किल्स का जिला उपायुक्त ने किया शुभारंभ

तावडू। क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए एमउएम ग्रुप की परोपकारी शाखा एमउएम फाउंडेशन ने शुक्रवार को शहर के वार्ड नंबर 1 सैनीपुरा में स्थित सैनी भवन में कौशल प्रशिक्षण केंद्र आईएमपॉवर एकेडमी फॉर स्किल्स का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्यअतिथि जिला उपायुक्त अजय कुमार ने किया। इस अवसर पर एमउएम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक अध्यक्ष बसंत बंसल, एमउएम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर रूप बंसल, एमउएम फाउंडेशन की ट्रस्टी डाक्टर पायल कनोडिया और लगभग 25 गांवों के सरपंच उपस्थित थे। द आईएमपॉवर एकेडमी फॉर स्किल्स फाउंडेशन का उद्देश्य अगले 3 वर्षों में विभिन्न रोजगार और एंटरप्रेन्योरशिप स्किल में 10 हजार युवाओं को कौशल प्रदान करना है। इस पहल के तहत मुख्य रूप से बेरोजगार युवाओं के लिए आजीविका के अवसर पैदा करने के लिए व्यापक कार्य किया जाएगा। ऐसे युवाओं की पहचान करने के लिए रोजगार क्षमता मूल्यांकन आयोजित किया गया है। जिला उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि एमउएम ने आईएमपॉवर एकेडमी फॉर स्किल्स की शुरूआत की है। जिसमें 1 साल में 500 युवाओं को ट्रेंड किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सहयोग और पहलों के माध्यम से शिक्षा और कौशल प्रदान किया जा सकता है।

# भाजपा और कांग्रेस की रैली से ज्यादा भीड़ आप की रैली में जुटेगी : चदींला

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता आभास चंदीला ने कहा कि 29 मई को आप की अब बदलेगा हरियाणा रैली प्रदेश की तस्वीर बदलने का काम करेगी। शुक्रवार को आभास चदींला ब्रह्म सरोवर, कुरुक्षेत्र के बाजार में आम नागरिकों व दुकानदारों से मिले और सब को न्योता दिया। उन्होने लोगो से अनुरोध किया के भारी से भारी सख्य में रैली में पहुचे और रैली को सफल बनाए।

उन्होने लोगो से कहा की इस रैली में प्रदेशभर से लाखों की संख्या में लोग दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुनने के लिए पहुंचेंगे। पंजाब में सत्ता संभालने के बाद अब आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में अपनी गतिविधियां बढ़ा दी हैं। पार्टी पूरे प्रदेश में अपनी पकड़ बढ़ाने और संगठन मजबूत करने में जुड़ी हुई है। कार्यकताओं में जोश भरने के साथ ही 2024 के विधानसभा चुनाव के लिए बिगुल फूंकने अरविंद केजरीवाल 29 मई को हरियाणा आ रहे हैं।

वह महाभारत की धरती कुरुक्षेत्र से चुनावी शंखनाद करेंगे। उन्होने कहा की 29 मई को होने वाली आप की रैली हरियाणा में एक नया इतिहास रचेगी और मौजूदा भाजपा जजपा गठबंधन की जड़ें हिलाने का काम करेगी। इस रैली में पार्टी के मुख्य सचेतक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुनने के लिए प्रदेश के कोने कोने से लाखो लोग आंएगे। यही वजह है कि आये दिन हजारों की संख्या में लोग पार्टी के साथ जुड़.रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर एक जिले में आप नेताओं को इस रैली में शामिल होने के लिए लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और लोग 29 मई का इंतजार कर रहे हैं।

चदींला ने कहा की दिल्ली के मुख्यमंत्री के निशाने पर प्रदेश सरकार तो रहेगी ही वह मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पर भी निशाना साधने से पीछे नहीं रहेंगे, 29 मई को भले ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा भी अपनी-अपनी रैलियां करेंगे, लेकिन इनसे अधिक भीड़ आप की रैली में जुटेगी।

# ऐतिहासिक होगी आप की कुरुक्षेत्र रैली: नायब हुसैन



गुरुदत्त भारद्वाज /प्रात : किरण संवाददाता

पुन्हाना 29 मई को कुरुक्षेत्र में होने वाली आम आदमी पार्टी की ₹ अब बदलेगा हरियाणा ₹ रैली प्रदेश में हुई अब तक सबसे बडी रैलियों को रिकॉर्ड तोडेगी। नूंह जिले से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता इस रैली में भाग लेगें।

कुरूक्षेत्र में होने वाली यह ऐतिहासिक रैली राजनीति को एक नई दिशा देगी। रैली को लेकर कार्यकताओं में भारी जोश है तो वहीं आम लोगों में भी काफी उत्साह है। रैली को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल संबोधित करेंगें। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष व यमुनानगर के कॉर्डिनेटर नायब हुसैन बीसरू ने लोगों को रैली के निमंत्रण के दौरान कही। आप नेता नायब हुसैन बीसरू ने कहा कि लोग प्रदेश में बदलाव की उम्मीद से आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल से काफी उम्मीदें लगाए बैठे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक प्रदेश में किसी भी पार्टी की सरकार रही हो उन्होंने केवल विकास के नाम पर अपना और अपने लोगों का विकास किया है।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने सरकार बनने के बाद वहां शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि रैली के लिए पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता उत्सुक है। कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को निमंत्रण दे रहे है। जिले से सैकड़ों वाहनों में हजारों लोग शिरकत करेगें।

# पत्रिका बॉंटकर पंजाबी संस्कृति का किया प्रचार



फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

आजाद विचार पत्रिका के संपादक मोनिक आजाद व सह संपादक नीतू लाम्बा ने द मॉडर्न स्कूल ग्रेटर फरीदाबाद के कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने प्रधानाचार्या नीतू बलेस्ट , कोऑर्डिनेटर मीना मल्हौत्रा व रोटरी क्लब दिल्ली की अध्यक्ष राधिका को पत्रिका भेंट कर पंजाबी संस्कृति का प्रचार किया। संपादक मोनिक आजाद ने पत्रिका भेंट करते हुए कहा कि आजाद विचार पत्रिका का मुख्य उद्देश्य देश की भिन्न-भिन्न संस्कृतियों का प्रचार करना है। सह संपादक नीतू लाम्बा ने कहा कि हम अपनी पत्रिका के अगले अंक में द मॉडर्न स्कूल के कार्यक्रमों को प्रकाशित करेंगे। हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ के अध्यक्ष हरीश चन्द्र आजाद ने पत्रिका के संपादक का धन्यवाद करते हुए कहा कि जिस तरह से पत्रिका में हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ के मुख्य कार्यक्रमों को प्रकाशित किया गया है, उससे समाज को यह संदेश जाता है कि आजाद पत्रिका हर अच्छे कार्य करने वाले संस्थाओं को प्रोत्साहित करता है।

# प्रधानमंत्री 30 मई को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत बच्चों को देंगे सौगात

## वर्चुअली संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

चंडीगढ़, प्रात : किरण संवाददाता



- गृह मंत्री अनिल विज और महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा भी कार्यक्रम से जुड़ेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई को कोरोना महामारी में अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत लाभ एवं सेवाएं देंगे। प्रधानमंत्री वर्चुअली इस कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में अंबाला से हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज और जींद से महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमति कमलेश ढांडा वर्चुअली जुड़ेंगी।गौरतलब है कि इस योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री द्वारा 29मई 2021 को की गई थी।

इसका उद्देश्य कोरोना महामारी में अपने माता-पिता को खो देने वाले बच्चों की व्यापक देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इन बच्चों को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना और २३ वर्ष की आयु तक वित्तीय सहायता के साथ आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना के लिए जिला बाल संरक्षण इकाइयों और नागरिक समाज के सदस्यों की सहायता से उपायुक्तों द्वारा बच्चों की पहचान की गई है। इन बच्चों के माता-पिता की मृत्यु के कारण को उचित सत्यापन के बाद पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन पोर्टल पर विवरण अपलोड किया गया था। यह योजना वित्तीय सहायता, भोजनालय, आवास, स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा और स्वास्थ्य बीमा के लिए सहायता प्रदान करती है। महिला एवं बाल विकास विभाग, डाक विभाग, सामाजिक न्याय और आधिकारिता, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि विभागों के सहयोग से योजना के क्रियान्वयन के लिए नोडल विभाग है और जिला स्तर पर उपायुक्त नोडल प्राधिकारी हैं।

हरियाणा राज्य में पायल और सौरभ नाम के २ बच्चों के खाते में पहले ही १० लाख रुपये का लाभ दिया जा चुका है। योजना के तहत राज्य के ९३ बच्चों को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा ७.१७ करोड़ की वित्तीय सहायता पहले ही प्रदान की जा चुकी है। इस योजना के अंतर्गत बच्चों को ५ लाख रुपये प्रति वर्ष बच्चे के स्वास्थ्य बीमा कवर के साथ आयुष्मान भारत-पीएम जय योजना में नामांकित किया गया है। प्रीमियम का भुगतान पीएम केयर्स द्वारा किया जाएगा। उपायुक्तों द्वारा स्वास्थ्य कार्ड पहले ही वितरित किए जा चुके हैं।

# घटिया निर्माण सामग्री लगाने को लेकर सोसाइटी वासी थाना प्रभारी से मिले

सोहना, प्रात : किरण संवाददाता



- एल्डिको सोसाइटी के चेयरमैन,सीओ सहित मैनेजमेंट के खिलाफ दी शिकायत।

सोहना एल्डिको में बीते शुक्रवार को आंधी तूफान से गिरे दर्जन भर फ्लैट्स की खिड़की दरवाजे व दीवारों में आई दरार को लेकर सोसाइटी के लोगों ने शनिवार को सोसाइटी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है।दर्ज कराई गई शिकायत में दीपक गुप्ता,स्मिता दंडवते,देव चौधरी एडवोकेट आदि का कहना है कि लोगों ने 85 लाख से लेकर करोड़ों रुपए तक के फ्लैट लिए जहां उन्होंने विश्वास में लेकर सोसायटी के लोगों के साथ धोखा किया है और निर्माण सामग्री घटिया लगाने के चलते बीते 27 मई शुक्रवार को आए आंधी तूफान के चलते दर्जन भर फ्लैटों के शीशे दरवाजे व दीवारों में दरार आ गई।फ्लैट में बेटी सोई थी लेकिन कुदरत का करिश्मा था अचानक बच गई वरना जान जा सकती थी।

वहीं बताया कि पिछले दो वर्षो से सोसाइटी में निर्माण को लेकर मैनेजमेंट को अवगत कराया लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हो रही।वहीं मामले को लेकर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार का कहना है कि शिकायत मिली है।मामला दर्ज किया जा रहा है।आपको बता दें कि बीते शुक्रवार को आए आंधी तूफान से एल्डिको सोसाइटी में दर्जन भर फ्लैट्स के खिड़की दरवाजे गिर गए और दीवारों में दरार आ गई थी।जिसको लेकर विधायक कंवर संजय सिंह मौके पर गए थे जहां उन्होंने जांच का आश्वासन दिया था।

# शहरी निकाय चुनाव लड़ने वालों के लिए व्यय सीमा की गई निर्धारित : डीसी

रेवाड़ी, प्रात : किरण संवाददाता

शहरी निकाय चुनाव की घोषणा के साथ ही चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए हरियाणा निर्वाचन आयोग की ओर से खर्च की सीमा को भी नए सिरे से निर्धारित कर दिया गया है। साथ ही इस बार के शहरी निकाय चुनाव में उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता का नियम भी लागू होगा। गौरतलब है कि रेवाड़ी जिला में बावल नगर पालिका के चुनाव 19 जून को होंगे और 22 जून को मतगणना उपरांत परिणाम घोषित किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अशोक कुमार गर्ग ने बताया कि 19 जून को शहरी निकाय चुनाव के लिए नियम एवं कानून निर्धारित किए गए हैं। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए खर्च कर संशोधित सीमा निर्धारित कर दी गई है और साथ ही शैक्षणिक योग्यता को लेकर भी निकाय चुनाव में नियमों को पालन किया जाएगा।

डीसी ने बताया कि खर्च के लिए निर्धारित की गई सीमा के अनुसार नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव 10.50 लाख रुपए, नगर पालिका सदस्य के लिए चुनाव खर्च की सीमा 2.50 लाख रुपए निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक उम्मीदवार को अपने-अपने चुनावी-खर्च का लेखा निर्धारित रजिस्टर में दर्ज करना होगा।

चुनाव का परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के अंदर यह ब्यौरा जिला निर्वाचन अधिकारी या राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा कराना होना। ऐसा न करने पर वह उम्मीदवार 5 वर्षों के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

शैक्षणिक योग्यता भी निर्धारित : डीसी

डीसी अशोक कुमार गर्ग ने बताया कि इस बार शहरी निकाय चुनाव में शैक्षणिक योग्यता का नियम भी लागू होगा, जिसके अनुसार ही अध्यक्ष अथवा पार्षद के लिए शैक्षणिक योग्यता होनी अनिवार्य है। अध्यक्ष और सदस्य के लिए अनारक्षित वर्ग में शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10वीं निर्धारित की गई है। अध्यक्ष और सदस्य के लिए चुनाव लडने. वाली महिलाओं और अनुसूचित जाति वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आठवीं पास होना आवश्यक है। इसके अलावा, अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने वाली अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं के लिए आठवीं कक्षा, जबकि सदस्य के पद का चुनाव लडने. के लिए पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

# आईजीयू द्वारा जीव तकनीकी खेती का किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करवाया

रेवाड़ी, प्रात : किरण संवाददाता



रेवाड़ी इंदिरा गांधीविश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के जैव तकनीकी विभाग द्वारा विश्व भुखमरी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों और विद्यार्थियों को जैव तकनीकी विधियों का उपयोग करके फसलों की उत्पादकता व गुणवत्ता को समझाना था ताकि किसान उन तरीकों को अपनाकर अपनी फसल और आमदनी बढ़ा सकें।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI), पूसा, दिल्ली के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ जय प्रकाश डबास ने किसानों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बड़े सरल शब्दों में खेती के आधुनिक तरीकों से अवगत कराया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ जे पी यादव के द्वारा की गई ।

उन्होंने किसानों और विद्यार्थियों को आधुनिक खेती और फसल उत्पादकता के बारे में जानकारी दी और सभी का स्वागत किया। कुलपति जी ने कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन में जैव तकनीकी विज्ञान की शिक्षा ग्रहण करके स्वावलंबी बनकर अपना रोजगार स्थापित कर सकते हैं।इस अवसर पर विद्यार्थियों को विभिन्न खाद्य पदार्थों को बढ़ाने में आधुनिक मॉलिक्यूलर तकनीक जैसे कि पीसीआर का प्रयोग सिखाया। जैव तकनीकी विभागाध्यक्ष डॉ रमेश कुमार ने डॉ रमेश कुमार ने सभी का धन्यवाद किया और विद्यार्थियों को जैव तकनीकी जानकारी सिखाते हुए प्रेरित किया।

विभाग से डॉ अर्चना, डॉ कनिका, डॉ रेनू ने इस कार्यक्रम को आयोजित करने में विद्यार्थियों को लगातार प्रेरित किया इस अवसर पर संकाय अधिष्ठाता डॉ सुमन ने भी विद्यार्थियों को भविष्य में इस तरह के आयोजन के लिए प्रेरित किया।

इस कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।

# शहर की बदहाली को बयां करती सडक, एक ही बरसात ने खोल दी विकास कार्यो की पोल

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



गर्मी की तपती दोपहरी और चलने वाली लू के बीच में हुई झमाझम बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली। जहां लोगों को तपती गर्मी से राहत मिली लेकिन इस बरसात से लोगों को बता दिया कि शहर में किस तरह के विकास कार्य चल रहे है। बरसातम के पानी हुए जलभराव से टूटी सडक अब आवागमन करने वालों के लिए आफत बनती दिखाई दे रही हैं। बरसात से जगह-जगह टूटी सडकें, उपर से बारिश के पानी के कारण सडकों में गडडों का नहीं पता चलने के कारण वाहन चालकों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पडा। बारिश के बाद शहर की टूटी सडकों से लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। वहीं कई जगहों पर दूसरे दिन भी दिन भी जलभराव बना रहा। ऐसे में वाहन चालकों सहित पैदल राहगीरों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सडकों में बने गडढों के कारण वाहन चालकों को पानी भरा होने के कारण गडढों का नहीं पता चलने पर वाहन क्षतिग्रस्त होते नजर आए।

बताने में गुरेज नहीं होगा कि दो विधानसभा को जोडने. वाली सडक की जर्जर अवस्था से किस प्रकार से वाहन चालक और पैदल लोग गुजर रहे हैं इन सब बावजूद सडकों की समस्या जस की तस बनी हुई है। इस क्रम में हम बात करें सैक्टर 10-11 की मैन रोड जोकि सेक्टर 12 तक जाती है, जिसकी स्थिती बहुत ही दयनीय बनी हुई है। बदहाल सडकों को देखकर लोग अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं। बरसात के तीन-चार दिन बाद भी कई इलाकों की सडकों पर जलभराव की समस्या बनी रही। इससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं कई जगहों पर बारिश के कारण सडकें टूट गई हैं और गड्ढे से लोगों को परेशानी हो रही है। शहर वासियों में राम प्रकाश, रामेंद्र सिंह आदि लोगों का कहना है कि बारिश से शहर में कई जगहों पर जानलेवा गड्ढे हो गए हैं। इससे यातायात प्रभावित हो रहा है। पानी का निकास सही तरीके से न होने से यह समस्या बार-बार आती है।

### योग प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को बताई योग की कलाएं

**अंबाला।** अंबाला शहर के गांव जलबेरा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को तीन दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ जिसमें डीपीई वेद अरोड़ा मैडम सभी विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को 3 दिनों तक लगातार योगासन व प्राणायाम करवाए प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों को योग बारे प्रोत्साहित करते हुए कहा कि योगासन व प्राणायाम को हमें अपने जीवन का अंग बनाना चाहिए हमें प्रतिदिन करीब आधा घंटा योगासन व प्राणायाम विश्व में सूर्य नमस्कार आदि शामिल है का अभ्यास करना चाहिए ऐसा करने से हमारा तन मन में बुद्धि स्वस्थ होंगे याद शक्ति बढ़ेगी परिणाम स्वरूप हम हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकते हैं उन्होंने आगे बताया कि प्रतिदिन योग करने से हमारी पाचन क्रिया व रोगप्रतिकारक शक्ति बढ़ती है जिस कारण भविष्य में भी हमें बीमारियों से लड़ने की ताकत मिलती है इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी शामिल हुए

# डॉक्टर विजाता आर्या ने योगासन में इंडिया बुक्स ऑफ रिकॉर्ड में कराया नाम दर्ज

सोहना, प्रात : किरण संवाददाता




**बधाई**

- सोहना की बेटी ने प्रांत सहित क्षेत्र का नाम किया रोशन। सोहना के कायाकल्प आश्रम की संचालिका है डॉक्टर विजया आर्य

सोहना कायाकल्प योग प्राकृतिक चिकित्सालय की संचालिका डॉक्टर विजाता आर्या का नाम योगासन में इंडिया बुक्सऑफ रिकॉर्ड में दर्ज होने पर पूरे हरियाणा प्रान्त को उन पर गर्व महसूस हो रहा है।डॉक्टर विजाता आर्या ने पद्म बक आसान में दोमिनट, तीस सेकेंड की होल्डिंग के साथ उन्होंने यह रिकॉर्ड बनाया है।

इससे पहले भी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्होने योगासन में कई प्रतियोगिताएँ जीती है और हरियाणा का नाम रोशन किया है। डॉक्टर विजाता आर्या ने बताया कि सुदर्शन ळश पर उनके इस रिकॉर्ड का कार्यक्रम एक मई को प्रसारित किया गया था।बताया कि कायाकल्प योग प्राकृतिक चिकित्सालय में दूर दूर से लोग योग और प्राकृतिक चिकित्सा को सीखकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

उन्होंने दावा करते हुए कहा कि केवल मात्र योग प्राकृतिक चिकित्सा ही ऐसी विद्या है जो व्यक्ति के जीवन को आसान बना देती है और रोगों से दूर रखती है। योग प्राकृतिक चिकित्सा को जन जन तक पहुँचाने के इस अभियान में डॉक्टर आर्या दिन रात लगी हुई है।

यूट्यूब चैनल पर भी विडियो के रूप में व अपने सेंटर पर समय समय पर नि शुल्क शिविर लगाकर हजारों रोगियों को इस सुविधा का लाभ मिल रहा है। सोहना प्रांत की इस बेटी ने पूरे हरियाणा का नाम कई बार राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

कोरोना काल में भी नि शुल्क को लोगों को परामर्श देकर प्राकृतिक चिकित्सा से उपचार के तरीके सिखाए और लोगों के मन से इस बीमारी के डर को निकालने में इनकी अहम भूमिका रही।इंडिया बुक्स ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने पर लोकेश सिंह,सुभाष आर्य,भोला राम आर्य,महेश आर्य ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि स्वदेशी चिकित्सा के प्रचार प्रसार में उनका यह कार्य अत्यंत सराहनीय है।

## संक्षिप्त खबरें



### गेल इंडिया का शुद्ध लाभ 40 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। प्राकृतिक गैस कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में 40 फीसदी बढ़कर 2,683.11 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। प्राकृतिक गैस की बिक्री पर मार्जिन बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। गेल ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि वित्त वर्ष 2020-21 की अंतिम तिमाही में उसने 1,907.67 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी की परिचालन आय बीते वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान बढ़कर 26,968.21 करोड़ रुपये हो गई, जो 2020-21 की इसी तिमाही में 15,549.07 करोड़ रुपये थी। वहीं पूरे वित्त वर्ष 2021-22 के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ रिकॉर्ड 10,363.97 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वित्त वर्ष 2020-21 में यह 4,890.18 करोड़ रुपये था।

### बीईएमएल का मुनाफा 15.4 फीसदी घटा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बीईएमएल का वित्त वर्ष 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 15.4 फीसदी घटकर 133.42 करोड़ रुपये रह गया। बीईएमएल (पूर्व में भारत अर्थ मूवर्स लि.) ने शुक्रवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2020-21 की जनवरी-मार्च तिमाही में 157.81 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। सूचना में कहा गया कि वित्त वर्ष 2021-22 की आलोच्य तिमाही के दौरान इसकी परिचालन आय घटकर 1,683.58 करोड़ रुपये रह गई। वित्त वर्ष 2020-21 की समान अवधि में यह 1,805.74 करोड़ रुपये थी।

### जेएसडब्ल्यू स्टील का लाभ घटा

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र की जेएसडब्ल्यू स्टील का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च 2022 को समाप्त तिमाही में 20 फीसदी घटकर 3,343 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से खर्च बढने से कंपनी का लाभ घटा है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने वित्त वर्ष 2020-21 की जनवरी-मार्च तिमाही में 4,191 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। हालांकि, कंपनी की कुल आय समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 47,128 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 27,095 करोड़ रुपये थी। उक्त अवधि में कंपनी का खर्च बढ़कर 41,282 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 20,752 करोड़ रुपये था।

### गोदरेज इंडस्ट्रीज का शुद्ध लाभ बढ़ा

नई दिल्ली। गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड का 31 मार्च 2022 को समाप्त चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ बढ़कर 422.82 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी को वित्त वर्ष 2020-21 की समान तिमाही में 92.17 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। गोदरेज इंडस्ट्रीज ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन से अर्जित आय 4,444.87 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2020-21 की समान अवधि में यह 2,610.69 करोड़ रुपये थी। बीती तिमाही के दौरान कंपनी का कुल खर्च 4,202.23 करोड़ रुपये रहा। इससे एक साल पहले इसी अवधि में यह 2,813.8 करोड़ रुपये था। बीते समूचे वित्त वर्ष के लिए गोदरेज का एकीकृत मुनाफा 992.43 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष में कंपनी को 391.05 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।

# सिंगापुर की दूरसंचार कंपनी, निवेश की तैयारी में सिंगटेल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सिंगापुर की दूरसंचार कंपनी सिंगटेल ने क्षेत्रीय सहायक इकाइयों और संयुक्त उद्यम कंपनियों (भारती एयरटेल सहित) में रणनीतिक निवेश करने की मंशा जताई है। वह चाहती है कि इन कंपनियों के मूल्य की झलक सिंगटेल के शेयर में मिले और शेयरधारकों को बेहतर रिटर्न हासिल करने में मदद मिले। कंपनी मूल्य का खुलासा करते हुए और पूंजी के पुनर्आवंटन के जरिये ऐसा कर रही है। इसी पहल के जरिये उसने वित्त वर्ष 2022 में 2 अरब डॉलर जुटाए थे।

कंपनी ने अपनी रणनीति का खुलासा ऐसे समय में किया है जब भारती एयरटेल में उसकी 2 फीसदी हिस्सेदारी को करीब 1 अरब डॉलर में बेचे जाने की चर्चा हो रही है। हालांकि कंपनी ने एक बयान में कहा है कि इस प्रकार की खबरें बाजार की कयासबाजी हैं। खबरों के अनुसार, सिंगटेल इस मुद्दे पर भारती एयरटेल के प्रवर्तक मित्तल से बातचीत पहले ही शुरू कर चुकी है। लेकिन सिंगटेल ने कहा, 'हम एयरटेल में दशकों से रणनीतिक निवेशक के तौर पर बरकरार हैं और वह हमारे अंतरराष्ट्रीय पोर्टफोलियो का एक प्रमुख निवेश है।' सहायक कंपनियों के लिए अपनी रणनीति के बारे में बताते हुए सिंगटेल ने कहा कि रणनीतिक पुनर्गठन के अनुसार वह मुख्य तौर पर मूल्यांकन में खाइयों को पाटने पर ध्यान केंद्रित करेगी। सिंगटेल के शेयर में सहायक इकाइयों में उसकी शेयर हिस्सेदारी के मूल्य की झलक नहीं मिलती है। कंपनी ने आज सुबह जारी एक बयान में कहा, 'हम अपने शेयरधारकों को आकर्षक रिटर्न दिलाने के लिए रणनीतिक निवेश पोर्टफोलियो के मूल्य को उजागर करने के लिए सक्रियता से कदम उठा रहे हैं।' इसके बारे में विस्तार से बताते हुए कंपनी ने एटीएन में अपनी 70 फीसदी हिस्सेदारी के विनिवेश का उदाहरण दिया जो ऑस्टल टावर्स के पास थी। सिंगटेल अपनी क्षेत्रीय सहायक कंपनियों का मूल्यांकन बढ़ाने के लिए थाईलैंड में गल्फ के साथ काम कर रही है।




- कंपनी ने अपनी रणनीति का खुलासा ऐसे समय में किया है जब भारती एयरटेल में उसकी 2 फीसदी हिस्सेदारी को करीब 1 अरब डॉलर में बेचे जाने की चर्चा हो रही है।

सिंगटेल ने एयरटेल अफ्रीका में 1.6 फीसदी हिस्सेदारी के आंशिक विनिवेश की बात भी की है। कंपनी इसके जरिये 15 करोड़ डॉलर जुटाने की योजना बना रही है। जाहिर तौर पर सिंगटेल ने मूल्य को दोहराया है जिसे भारती एयरटेल इस समग्र रणनीति के तहत लेकर आएगी, खास तौर पर समग्र लाभप्रदता में योगदान के लिहाज से। वित्त वर्ष 2022 के वित्तीय नतीजे पर जारी प्रेस विज्ञप्ति में सिंगटेल ने कहा है कि उसका शुद्ध लाभ 11 फीसदी बढ़कर 1.92 अरब सिंगापुर डॉलर हो गया। इसे मुख्य तौर पर एयरटेल के पुनरुद्धार से बल मिला। सिंगापुर की कंपनी ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्रीय सहायक इकाइयों का कर पूर्व योगदान 21 फीसदी बढ़कर 2.07 अरब सिंगापुर डॉलर हो गया।

निवेशकों को दी गई अपनी प्रस्तुति में सिंगटेल ने कहा कि उसके कर पूर्व लाभ में एयरटेल ने 43.2 करोड़ सिंगापुर डॉलर का योगदान किया। वित्त वर्ष 2021 में एयरटेल का योगदान महज 2.3 करोड़ सिंगापुर डॉलर रहा था जो क्षेत्रीय सहायक इकाइयों का महज 1.3 फीसदी था। भारती एयरटेल में सिंगटेल की प्रभावी हिस्सेदारी करीब 31.7 फीसदी है जबकि भारती टेलीकॉम एवं प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर भारती की हिस्सेदारी 24.2 फीसदी है। भारती टेलीकॉम में सिंगटेल की 49.4 फीसदी हिस्सेदारी है जबकि सुनील भारती मित्तल परिवार की हिस्सेदारी 50.6 फीसदी है। पिछले छह महीनों के दौरान भारती एयरटेल के शेयर में करीब 7.47 फीसदी की गिरावट आई है।

# लंबी सुस्ती के बाद होटल क्षेत्र में लौट रही रौनक

**मुंबई, एजेंसी**

- भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, पर्यटन, होटलों और रेस्टोरेंट क्षेत्र का संयुक्त ऋण सालाना आधार पर 8.2 प्रतिशत बढ़कर 25 मार्च 2022 को 64,408 करोड़ रुपये हो गया

दो साल की सुस्ती के बाद, भारत के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में सौदों के प्रवाह में मजबूत सुधार दर्ज किया गया है। महामारी की दूसरी लहर घटने के बाद से इन सौदों में तेजी आई है। विभिन्न सौदों पर काम कर रहीं निवेश एवं सौदा परामर्श कंपनियों के अनुसार, पारिवारिक व्यावसायिक कार्यालय, अमीर लोगों (एचएनआई) और संस्थागत निवेशक इस क्षेत्र में दिलचस्पी बढ़ा रहे हैं। इनमें से कई ने गोपनीयता की वजह से सौदों के बारे में जानकारी देने से इनकार कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, पर्यटन, होटलों और रेस्टोरेंट क्षेत्र का संयुक्त ऋण सालाना आधार पर 8.2 प्रतिशत बढ़कर 25 मार्च 2022 को 64,408 करोड़ रुपये हो गया, जो 26 मार्च 2021 को 59,519 करोड़ रुपये था। उद्योग अनुमानों के अनुसार ताजा कर्ज का करीब 20-25 प्रतिशत हिस्सा फंसा हुआ है। इंडियन होटल कंपनी (आईएचसीएल) के मुख्य कार्याधिकारी एवं प्रबंध निदेशक पुनीत चटवाल ने इस सप्ताह के शुरू में कहा, 'आपूर्ति बाधित बने रहने और मांग मजबूत रहने से प्रति औसत कमरा राजस्व (रेवपार) आगामी महीनों में तेजी से बढने का अनुमान है।'

आईएचसीएल गैर-महत्व वाली और गैर-प्रमुख परिसंपत्तियों से निकल रही है और उसने ऐसी परिसंपत्तियों से निवेश घटाने की योजना बनाई है। चटवाल ने कहा कि महामारी के दौरान प्रक्रिया धीमी पड़ गई थी, लेकिन इसमें फिर से तेजी आई है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर खरीदारों ने बाद में दिलचस्पी दिखाई और आईएचसीएल उन लोगों के साथ काम करने को उत्सुक होगी जो निवेश करना चाहते हैं और संपत्ति प्रबंधन के लिए आईएचसीएल को अनुमति देना चाहते हैं। निवेश सलाहकार फर्म नोएसिस कैपिटल एडवायजर्स के मुख्य कार्याधिकारी के नंदिवर्द्धन जैन का मानना है कि यदि अगली चार तिमाहियों के दौरान वृद्धि की रफ्तार चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में बनी रही, तो इस क्षेत्र में अगले तीन वर्षों के दौरान करीब दो अरब डॉलर का निवेश आकर्षित हो सकता है। जैन ने कहा, 'कुछ सूक्ष्म बाजार महामारी-पूर्व स्तरों को 10-15 प्रतिशत तक पार कर गए हैं।

# टाटा मोटर्स ने रिकॉर्ड संख्या में पेटेंट के लिए आवेदन किए

**मुंबई, एजेंसी**

टाटा मोटर्स ने 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के दौरान रिकॉर्ड 125 पेटेंट के लिए आवेदन किए हैं। कंपनी ने आज यह खुलासा किया। यह कंपनी के इतिहास में किसी एक साल के दौरान पेटेंट आवेदन की सर्वाधिक संख्या है। कंपनी ने कहा कि वह इंजीनियरिंग उत्कृष्टता एवं नवाचार के लिए अपनी रफ्तार बढ़ा रही है। दायर किए गए पेंटेंट आवेदन में विभिन्न प्रकार के नवाचार, पारंपरिक एवं नई ऊर्जा पावरट्रेन में विकास, सुरक्षा, कनेक्टेड वाहन प्रौद्योगिकी, बॉडी इन व्हाइट (बीआईडब्ल्यू) एवं अन्य वाहन प्रणाली शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि साल के दौरान उसे 56 पेटेंट भी हासिल हुए। कंपनी ने दावा किया है कि प्रौद्योगिकी एवं इंजीनियरिंग समाधान के मामले में ऐतिहासिक तौर पर अग्रणी होने के साथ ही टाटा मोटर्स भविष्य की मोबिलिटी पर ध्यान केंद्रित करते हुए नए जमाने की प्रौद्योगिकी में




लगातार निवेश कर रही है। आरऐंडडी में पर्याप्त दक्षता, तकनीकी इनक्यूबेशन और वाणिज्यिक एवं यात्री दोनों श्रेणियों में विशेष वाहनों के विकास के कारण कंपनी ने अपने वाहनों के लिए कई नवाचार किए हैं। इन नवाचारों को ग्राहकों ने खूब पसंद किया जिससे कंपनी की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी। टाटा मोटर्स के अध्यक्ष एवं सीटीओ राजेंद्र पेटकर ने एक बयान में कहा, 'अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और ऊर्जा समाधान, सुरक्षा, उत्पाद प्रदर्शन, स्वामित्व लागत एवं डिजिटलीकरण जैसे क्षेत्रों में सुविधाओं के साथ नए बेंचमार्क स्थापित करने का हमारा इतिहास रहा है।'

# सरकार ने नागरिकों के गैर-वैयक्तिक डेटा के उपयोग की मसौदा रूपरेखा की जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मसौदा नेशनल डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क जारी किया है जिसका उद्देश्य सेवाओं में सुधार के लिए सार्वजनिक और निजी निकायों द्वारा नागरिकों का गैर-वैयक्तिक डेटा उपलब्ध कराना है।

मसौदा रूपरेखा में गैर-वैयक्तिक डेटा पर आधारित भारतीय डाटासेट कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव है। इसमें अनुसंधान तथा नवोन्मेष तंत्र को सरकारी और निजी निकायों की ओर से गैर-वैयक्तिक आंकड़ों को सुरक्षित तरीके से उपलब्ध कराने का प्रावधान प्रस्तावित है।

इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि नेशनल डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) स्टार्टअप, एआई अनुसंधान इकाइयों तथा सरकारी विभागों के लिए लाभदायक है।

उन्होंने अपने ट्वीट में कहा, यह नीतिगत रूपरेखा का महत्वपूर्ण दस्तावेज है जिसे भारत की एक हजार अरब डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए विकसित किया जा रहा है।



हितधारकों से उक्त रूपरेखा पर टिप्पणी करने की अपील करते हुए चंद्रशेखर ने कहा कि नेशनल डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क डिजिटल शासन और सरकार के डिजिटलीकरण को गति प्रदान करेगा जिसमें सभी विभागों के डेटा संग्रहित करने और उसका प्रबंधन करने के लिए समान मानक, नियम तथा दिशानिर्देश होंगे। मसौदा रूपरेखा में कहा गया कि कोविड-19 महामारी के दौरान डिजिटल शासन व्यवस्था ने इस संकट से भारत के जुझारू तरीके से निपटने में और जीवन, आजीविका तथा अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभावों में बड़ी भूमिका निभाई।

## पहले भारत में बिक्री की मंजूरी मिले, फिर टेस्ला का संयंत्र लगाने पर फैसलाः मस्क

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली अमेरिकी कंपनी टेस्ला के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऐलन मस्क ने कहा है कि टेस्ला को भारत में अपनी कारों की बिक्री की अनुमति मिलने के बाद ही स्थानीय स्तर पर इसके विनिर्माण के बारे में कोई फैसला किया जाएगा।

मस्क ने भारत में टेस्ला का विनिर्माण संयंत्र लगाने की संभावना के बारे में ट्विटर पर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, टेस्ला किसी भी ऐसी जगह पर अपना विनिर्माण संयंत्र नहीं लगाएगी जहां उसे पहले अपनी कारों की बिक्री एवं सर्विस की अनुमति नहीं दी गई हो।

मस्क का यह बयान इस लिहाज से अहम है कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने टेस्ला को भारत में ही बनी कारों की बिक्री की मंजूरी देने की बात कही थी। गडकरी ने अप्रैल में कहा था कि अगर टेस्ला भारत में अपनी इलेक्ट्रिक कारों के उत्पादन के लिए तैयार है तो वह यहां पर बिक्री कर सकती है।

दरअसल भारत विदेश में बनी कारों के आयात पर भारी शुल्क लगाता है जिसकी वजह से उनकी कीमत काफी बढ़ जाती है। टेस्ला ने इस आयात शुल्क में कटौती की मांग रखी थी।

मस्क ने पिछले साल अगस्त में कहा था कि टेस्ला भारत में अपने वाहनों को बेचना चाहती है लेकिन यहां पर बहुत ज्यादा आयात शुल्क लगता है। मस्क ने कहा था कि अगर टेस्ला को भारतीय बाजार में कामयाबी मिलती है तो वह भारत में इसका विनिर्माण संयंत्र लगाने के बारे में सोच सकते हैं। फिलहाल भारत विदेश में बनी 40,000 डॉलर से अधिक मूल्य वाली कारों के आयात पर 100 फीसदी शुल्क लगाता है।

## पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** देश में तेल विपणन कंपनियों के शनिवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई परिवर्तन ना करने से इनके दाम लगातार छह दिनों से स्थिर हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत करीब 120 डॉलर प्रति बैरल पर है। इंडियन ऑयल की अधिसूचना के मुताबिक, दिल्ली में आज पेट्रोल का दाम 96.72 रुपये और डीजल का दाम 89.62 रुपये प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 111.35 रुपये और 97.28 रुपये प्रति लीटर पर है। केंद्र सरकार ने 25 मई को आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः आठ रुपये और छह रुपये प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। जिससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से कम 9.5 रुपये और सात रुपये तक गिर गए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 119.43 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.86 प्रतिशत चढ़कर 115.07 डॉलर प्रति बैरल पर रहा है।

# ई-कॉमर्स मंचों पर फर्जी समीक्षाओं पर रोक के लिए प्रारूप लाने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि उपभोक्ताओं के हितों को सुरक्षित रखने के लिए वह ऑनलाइन बिक्री मंचों पर उत्पादों एवं सेवाओं की फर्जी समीक्षाएं पोस्ट करने पर रोक लगाने के लिए एक प्रारूप विकसित करेगी।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) के साथ एक वर्चुअल बैठक का आयोजन किया था जिसमें फर्जी समीक्षाओं से संभावित ग्राहकों को गुमराह करने की प्रवृत्ति पर लगाम लगाने के मुद्दे पर चर्चा की गई। इस बैठक में ई-कॉमर्स कंपनियों एवं अन्य संबंधित पक्षों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। मंत्रालय की तरफ से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बैठक में फर्जी समीक्षाओं पर रोक लगाने से जुड़े एहतियाती कदमों के स्वरूप पर भी गौर किया गया। फर्जी समीक्षाओं पर रोक से जुड़ी मौजूदा व्यवस्थाओं का अध्ययन करने के बाद मंत्रालय एक प्रारूप लेकर आएगा।

इस बैठक में मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, ई-कॉमर्स कंपनियों, उपभोक्ता संगठन और विधि कंपनियों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। दरअसल भौतिक रूप में उत्पादों को नहीं देख पाने से संभावित ग्राहक ई-कॉमर्स मंचों पर खरीदारी करने के पहले उस उत्पाद के बारे में पोस्ट की गई समीक्षाओं के जरिये निर्णय करते हैं। इस स्थिति में फर्जी समीक्षाएं इन ग्राहकों को गलत खरीदारी के लिए प्रेरित कर देती हैं। मंत्रालय के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा, ई-कॉमर्स मंचों पर उत्पादों एवं सेवाओं के बारे में अपनी समीक्षाएं पोस्ट करने वाले ग्राहकों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करना और इस बारे में मंच की जवाबदेही तय करना इस मुद्दे के दो अहम पहलू हैं। इसके साथ ही ई-कॉमर्स कंपनियों को यह बताना होगा कि वे सर्वाधिक प्रासंगिक समीक्षा का चयन किस तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करते हैं।

बैठक में शामिल हुए सभी पक्षों से इस बारे में सलाह देने को कहा गया है। उसके आधार पर मंत्रालय उपभोक्ता हितों को सुरक्षित रखने के लिए एक कानूनी प्रारूप तैयार करेगा। देश में विज्ञापनों पर नजर रखने वाली संस्था एएससीआई की मुख्य कार्यकारी मनीषा कपूर ने ई-कॉमर्स मंचों पर फर्जी एवं भ्रामक समीक्षाओं से उपभोक्ता हितों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों का जिक्र किया।

# इंजीनियर्स इंडिया ने वैश्विक अगुआ बनने का नया दृष्टिपत्र अपनाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सार्वजनिक क्षेत्र की परामर्शदाता कंपनी इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) ने शनिवार को कहा कि उसने एक नया दृष्टिपत्र अपनाया है जिसका उद्देश्य कंपनी को ऊर्जा से संबंधित सभी तरह के समाधान देने वाली वैश्विक अगुआ बनाना है।

कंपनी ने एक बयान में कहा, भारत और पूरे विश्व में ऊर्जा परिदृश्य बहुत तेजी से बदल रहा है और दुनियाभर के संगठन अपने व्यावसायिक परिचालनों के लिए नई रणनीति बना रहे हैं जो टिकाऊपन, जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा स्वरूपों में परिवर्तन पर आधारित हों।

इसमें कहा गया, अपने भावी लक्ष्यों की दिशा में बढ़ने, अपने संकल्प को मजबूती देने के लिए ईआईएल ने नया दृष्टिपत्र अपनाया है जो है ऐसा वैश्विक अगुआ बनना जो टिकाऊ भविष्य के लिए सभी प्रकार के ऊर्जा समाधान दे सके।

ENGINEERS INDIA LIMITED
Full Spectrum Technology & Project Solutions

वर्ष 1965 में स्थापित ईआईएल इंजीनियरिंग सलाह एवं ईपीसी सेवाएं देती है और इसका जोर मुख्य रूप से तेल एवं गैस और पेट्रोलियम उद्योग पर रहता है।

बयान में कहा गया, तेजी से बदलते वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में कार्बन ऊर्जा का कितना उपयोग किया जाता है यह किसी भी संगठन की सफलता का संकेतक होता है। नई परियोजनाओं को भी कार्बन आधारित समाधानों के बजाए स्वच्छ और हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकियों की ओर दिशा दी जा रही है।

इसलिए यह अपरिहार्य है कि कंपनी की ब्रांड इमेज अच्छी बनाने के लिए शून्य कार्बन उत्सर्जन करने वाला सेवा प्रदाता बना जाए।

## जैसलमेर में अडाणी ग्रीन के हाइब्रिड ऊर्जा संयंत्र का परिचालन शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) की इकाई अडाणी हाइब्रिड एनर्जी जैसलमेर वन लिमिटेड ने राजस्थान के जैसलमेर में 390 मेगावॉट के पवन एवं सौर हाइब्रिड ऊर्जा संयंत्र का परिचालन शुरू कर दिया है। कंपनी ने एक बयान में बताया कि यह भारत का पहला पवन-सौर हाइब्रिड ऊर्जा उत्पादन संयंत्र है। हाइब्रिड ऊर्जा संयंत्र में सौर और पवन ऊर्जा उत्पादन का मेल होता है जो इसे नवीकरणीय ऊर्जा का पूरा लाभ उठाने के लायक बनाता है। कंपनी के मुताबिक ऊर्जा की बढ़ती मांग के लिए यह अधिक भरोसेमंद समाधान देगा। एजीईएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी विनीत एस जैन ने कहा, पवन और सौर ऊर्जा का मिश्रण हमारी कारोबारी रणनीति का अहम पहलू है जिसका उद्देश्य हरित ऊर्जा के लिए भारत की बढ़ती जरूरत पूरी करना है। उन्होंने कहा कि इस हाइब्रिड ऊर्जा संयंत्र का परिचालन शुरू होना भारत के टिकाऊ ऊर्जा लक्ष्यों को पाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बयान के मुताबिक, नए ऊर्जा संयंत्र के लिए भारतीय सौर ऊर्जा निगम (एसईसीआई) के साथ 2.69 प्रति किलोवॉट की शुल्क दर से ऊर्जा खरीद समझौता किया गया है जो राष्ट्रीय स्तर पर औसत ऊर्जा खरीद शुल्क (एपीपीसी) से काफी कम है।

# इंडिया सीमेंट्स को 10.6 करोड़ रुपये का घाटा

**चेन्नई, एजेंसी**

प्रमुख सीमेंट कंपनी इंडिया सीमेंट्स को वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में 10.6 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध घाटा हुआ। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी ने 50.2 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कच्चे माल की लागत बढने और मात्रात्मक बिक्री घटने से कंपनी के प्रदर्शन को झटका लगा। तिमाही के दौरान कंपनी का परिचालन राजस्व 4 फीसदी की गिरावट के साथ 1,417.6 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले की समान तिमाही में 1,472.5 करोड़ रुपये रहा था।

पूरे वित्त वर्ष 2022 के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ 62 फीसदी घटकर 78.5 करोड़ रुपये रह गया जो वित्त वर्ष 2021 में 206.8 करोड़ रुपये रहा था। तिमाही के दौरान कंपनी की कुल मात्रात्मक बिक्री 11 फीसदी घटकर 26.57 लाख टन रह गई जो 29.90 लाख टन रही थी। पिछले एक साल के दौरान कोयले की कीमत 60

SANKAR CEMENT
The India Cements Ltd

- एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी ने 50.2 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

डॉलर प्रति टन से बढ़कर 300 डॉलर प्रति टन तक पहुंच गई जिससे कंपनी पर लागत का दबाव बढ़ गया। कंपनी के प्रबंध निदेशक एन श्रीनिवासन ने कहा, 'लागत का बोझ हल्का करने के लिए हम तीन चरणों में कीमत बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। इसके तहत 1 जून को 20 रुपये, 15 जून को 15 रुपये और 1 जुलाई को 20 रुपये कीमत बढ़ाने की योजना है।'

# ईवी के लिए तैयार कलपुर्जा उद्योग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वाहन कलपुर्जा उद्योग देश में आई इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) लहर पर सवार होने के लिए तैयार है। वाहन कलपुर्जा विनिर्माताओं के संगठन एक्मा के एक हालिया सर्वेक्षण के अनुसार, 800 सदस्यों में से 60 फीसदी सदस्यों का कहना है कि वे इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए कलपुर्जों की आपूर्ति करने के लिए तैयार हैं। जबकि शेष का कहना है कि वे इस साल के अंत तक अथवा 2023 तक इसके लिए पूरी तरह तैयार होंगे।

एक्मा के अध्यक्ष संजय कपूर ने कहा, 'इलेक्ट्रिक वाहन के लिए खुद को तैयार करने के लिए वाहन कलपुर्जा कंपनियों का निवेश चक्र पहले ही शुरू हो चुका है और वह सही राह पर अग्रसर है। जहां तक आपूर्ति पक्ष का सवाल है तो इलेक्ट्रिक वाहन के लिए आई क्रांति से कलपुर्जा विनिर्माताओं को कारोबार के लिए पूरी तरह एक नया बाजार मिलेगा। वे टेलीमैटिक्स, बैटरी आदि विभिन्न प्रकार के कलपुर्जों की आपूर्ति कर सकते हैं और तैयार हो रहे नए परिवेश की जरूरतों के अनुरूप आपूर्ति कर सकते हैं।'

कपूर ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी से चालित होने के बावजूद कई अन्य कलपुर्जा जैसे सीट, स्टीयरिंग सिस्टम, ब्रेक, मिरर आदि पेट्रोल-डीजल वाहनों की तरह समान होंगे।

ईवी के लिए वाहन कलपुर्जा विनिर्माताओं के लिए आवश्यक निवेश के बारे में कपूर ने कहा कि 75 कंपनियां वाहन कलपुर्जा के लिए उत्पादन से जुड़ी



**उत्पाद**

- कपूर ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी से चालित होने के बावजूद कई अन्य कलपुर्जा जैसे सीट, स्टीयरिंग सिस्टम, ब्रेक, मिरर आदि पेट्रोल-डीजल वाहनों की तरह समान होंगे।

प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के लिए पात्र हैं। उन्हें प्रोत्साहन हासिल करने के लिए पांच साल के दौरान हर साल 250 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा।

कपूर ने कहा, 'इसका मतलब साफ है कि वाहन उद्योग में भविष्य की प्रौद्योगिकी के लिए उन्हें पांच साल के दौरान कम से कम 18,600 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा।' उन्होंने कहा कि अधिकांश रकम का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहन के लिए किया जाएगा जबकि कुछ रकम उन प्रौद्योगिकी को तैयार करने पर खर्च की जाएगी जिनका फिलहाल आयात किया जाता है।

कपूर ने कहा कि मात्रात्मक बिक्री बढ़ाने के लिए निर्यात को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा, 'मात्रात्मक बिक्री बढ़ाने के लिए हमें वैश्विक बाजार पर भी गौर करना होगा क्योंकि भारतीय बाजार फिलहाल छोटा है, विशेष तौर पर यात्री कार के लिए। लेकिन वैश्विक रुझान के अनुरूप हम भी आगे बढ़ेंगे।'

कपूर ने कहा कि वाहन कलपुर्जा उद्योग कुछ क्षेत्रों में बिल्कुल मौजूद नहीं है जबकि ईवी कलपुर्जों के विनिर्माण के लिए भारत वैश्विक केंद्र बन सकता है। इनमें इलेक्ट्रिक मोटर, स्टीयरिंग, ड्राइव ट्रेन आदि शामिल हैं। अच्छी बात यह है कि भारतीय विनिर्माण उद्योग के लिए अब अमेरिका और यूरोप में भी काफी संभावनाएं दिख रही हैं।

कपूर ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स की समस्या अब भी बरकरार है। उन्होंने कहा, 'मैं समझता हूं कि इलेक्ट्रॉनिक्स हमारे लिए एक चुनौती है जहां हमें भारी निवेश करने की जरूरत है।' उन्होंने कहा कि इसका एक समाधान वाहन उद्योग और इलेक्ट्रॉनिक उद्योग के बीच करार हो सकता है।

# जनरल एयरोनॉटिक्स में अदाणी की हिस्सेदारी

**अहमदाबाद, एजेंसी**

रक्षा एवं एयरोनॉटिक्स क्षेत्र में अपनी पैठ बढ़ाते हुए अदाणी डिफेंस सिस्टम्स ऐंड टेक्नोलॉजिज लिमिटेड ने वाणिज्यिक तौर पर ड्रोन बनाने वाली बेंगलूरु की कंपनी जनरल एयरोनॉटिक्स प्राइवेट लिमिटेड में 50 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की घोषणा की है। अदाणी डिफेंस सिस्टम्स ऐंड टेक्नोलॉजिज लिमिटेड अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक इकाई है।

दोनों पक्षों में से किसी ने भी सौदे की रकम का खुलासा नहीं किया है। जनरल एयरोनॉटिक्स में 50 फीसदी हिस्सेदारी के अधिग्रहण से अदाणी डिफेंस सिस्टम्स ऐंड टेक्नोलॉजिज को अपना सैन्य ड्रोन तैयार करने और घरेलू कृषि क्षेत्र में विस्तारित कार्य के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग दक्षता हासिल करने में मदद मिलेगी।

जनरल एयरोनॉटिक्स एंड-टु-एंड कृषि प्लेटफॉर्म समाधान उपलब्ध



- दोनों पक्षों में से किसी ने भी सौदे की रकम का खुलासा नहीं किया है।

कराती है। वह कृषि क्षेत्र के लिए फसल सुरक्षा सेवा, फसल स्वास्थ्य, कीमती फसलों की खेती और उपज की निगरानी के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग के साथ ड्रोन एवं ड्रोन आधारित समाधान उपलब्ध कराती है।

यह अधिग्रहण सौदा 31 जुलाई 2022 तक पूरा होने की उम्मीद है। बीएसई पर अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर आज 1.58 फीसदी बढ़त के साथ 2,080.10 रुपये पर बंद हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### फ्रेंच ओपन : कोरडा को हराकर चौथे दौर में पहुंचे एलकाराज

पैरिस। विश्व के नंबर छह टेनिस खिलाड़ी कार्लोस एलकाराज ने शनिवार को फ्रेंच ओपन में अमेरिका के सेबस्टियन कोरडा को हराकर टूनार्मेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। स्पेन के युवा खिलाड़ी एलकाराज ने कोर्ट फिलिप चेट्रिर में हुए इस मुकाबले में कोरडा को आसानी के साथ 6-4, 6-4, 6-2 से शिकस्त दी। बारसेलोना ओपन और मैड्रिड ओपन जीतकर रोलैंड गैरोस आए एलकाराज ने जीत के बाद कहा कि वह क्ले कोर्ट में खेलना बेहद पसंद करते हैं। एलकाराज ने कहा, रात्रि सत्र में इतने बेहतरीन दर्शकों के बीच खेलना अद्भुत एहसास है। मैं इतने अच्छे कोर्ट पर टेनिस खेलना पसंद करता हूं। मैं फ्रांस में खेलना पसंद करता हूं। सर्व और वॉली मेरा हथियार है, सो मैं इसका इस्तेमाल करता हूं। एलकाराज फिलहाल शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। वह अब तक राफेल नडाल, नोवाक जोकोविच और ओलंपिक चैम्पियन एलेक्जेन्डर ज्वेरेव जैसे खिलाड़ियों को हरा चुके हैं। चौथे दौर में एलकाराज का सामना रूस के कारेन खचानोव से होगा जो अपने पिछले मुकाबले में ब्रिटेन के सी नोरी को हराकर आ रहे हैं।

### फीफा लोगो की नम्बर प्लेट करीब पांच लाख डालर में बिकी

दोहा। कतर यातायात पुलिस विभाग ने फीफा विश्व कप कतर 2022 लोगो वाली 50 नम्बर प्लेट को ऑनलाइन नीलामी में बेचा है जिसमें सबसे मंहगी नम्बर प्लेट 18 लाख कतर रियाल (495000 डालर) में बिकी है। यातायात विभाग ने बताया कि विश्व कप लोगो वाली इन नम्बर प्लेट को जून में कारों पर लगाया जायेगा। स्पूतनिक रिपोर्ट में कहा है कि खाड़ी देशों में खास नम्बर वाली प्लेटों की नीलामी काफी लोकप्रिय है। आठ साल पहले एक व्यक्ति ने 200 मिलियन रियाल (55 मिलियन डालर) में 333355 नम्बर नीलामी में खरीदा था। रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन लोगों को विशेष कार नंबर खरीदने का अधिकार मिला है, उन्हें दो दिनों के भीतर इसका भुगतान करना होगा नहीं तो इसे खरीदने से उन्हें प्रतिबंधित कर दिया जाएगा और जुमार्ना भी देना होगा।

### मैं थोड़ा दबाव महसूस कर रहा था : बटलर

अहमदाबाद। एक पारी शेष रहते हुए जॉस बटलर ने आईपीएल के इस सीजन में 150 के स्ट्राइक रेट से अब तक 824 रन बना लिए हैं। हालांकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ इस सीजन की अपनी चौथी शतकीय पारी खेलने के बाद उन्होंने खुद कहा कि वह इस सीजन में कम उम्मीदों के साथ आए थे। बटलर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मैं बहुत कम उम्मीदों के साथ सीजन में आया था, लेकिन टूनार्मेंट के लिए बहुत सारी ऊर्जा और उत्साह था, जिस तरह से इस टीम के साथ मैंने जो सीजन बिताया है और टीम को फाइनल में पहुंचता देखना अविश्वसनीय रूप से रोमांचक है। बटलर के लिए यह सीजन उतार-चढ़ाव से भरा रहा। वह पिछले तीन हफ़्ते से बिना कोई अर्धशतक बनाए प्लेऑफ में बल्लेबाजी करने आए थे। इस अवधि में वह तीन मुकाबलों में 10 का आंकड़ा भी नहीं छू पाए जबकि उनका उच्चतम स्कोर 30 रहा। बटलर इससे विचलित हो गए थे, उन्होंने जितना दबाव को दबाने की कोशिश की वह उतना ही बढ़ता चला गया। बटलर ने अपने ऊपर आए दबाव के अनुभव को साझा करते हुए कहा, मैंने अपने आसपास के कुछ करीबी लोगों और कुमार संगकारा (राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक) और ट्रेवर पेनी (सहायक कोच) के साथ कुछ ईमानदार बातचीत की।

# आईपीएल फाइनल : गुजरात के टाइटंस के सामने राजस्थान की रॉयल चुनौती

**अहमदाबाद, एजेंसी**



**आईपीएल**

- पंद्रह वर्ष पहले आईपीएल के पहले सफर में सुनहरी शुरुआत करने वाले राजस्थान रॉयल्स एक बार फिर इतिहास को दोहराना चाहेंगे

आईपीएल खिताब के लिये आखिरी तिलिस्म तोड़ने की दहलीज पर खड़ी गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के लिये इस मैच में बहुत कुछ दाव पर लगा है। पंद्रह वर्ष पहले आईपीएल के पहले सफर में सुनहरी शुरूआत करने वाले राजस्थान रॉयल्स एक बार फिर इतिहास को दोहराना चाहेंगे तो दिग्गजों को जमींदोज करके अपने पहले ही सफर में सिरमौर बनी गुजरात टाइटंस कामयाबी नया इतिहास रचने की फिराक में होगी।

दो महीने पहले जब आईपीएल का मौजूदा सत्र शुरू हुआ था तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि फाइनल के टॉस के लिये संजू सैमसन और हार्दिक पंड्या मैदान पर उतरेंगे। अपने कैरियर में कई उतार चढाव देख चुके हार्दिक और मुख्य कोच आशीष नेहरा के लिये दो महीने का यह सफर सपने सरीखा रहा। नीलामी के बाद इस टीम को परखे बिना ही दौड़ से बाहर मान लेने वाले क्रिकेट पंडितों से लेकर आलोचकों तक सभी को अपने प्रदर्शन से इन्होंने जवाब दिया है। वन मैच वंडर कहे जा रहे राहुल तेवतिया और लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले डेविड मिलर जैसे खिलाड़ियों की यह टीम कागजों पर उतनी मजबूत नहीं लग रही थी। लेकिन फिर क्रिकेट तो अनिश्चितताओं का ही खेल है जिसमें मैदान पर ही तकदीर बनती और बिगड़ती है। फिट होकर फॉर्म में लौटे हार्दिक ने बतौर कप्तान अपना लोहा मनवाया है। कप्तानी का दबाव लिये बिना बल्लेबाजी में भी वह चमके हैं। दूसरी ओर पांच बरस से अपनी लय हासिल करने को तरस रहे मिलर ने सभी को चौंका दिया है।

तेवतिया ने साबित कर दिया कि शारजाह में जड़े पांच छक्के महज तुक्का नहीं थे। राशिद खान ने अपनी तरकश में कई नये तीर रखे हैं तो रिधिमान साहा ने अपने प्रदर्शन से कम से कम एक सत्र और खेलना पक्का कर लिया। गुजरात कभी भी क्रिकेट के जुनून के लिये मशहूर नहीं रहा है। इस राज्य से पार्थिव पटेल और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी निकले हैं लेकिन जिस तरह चेन्नई सुपर किंग्स की कामयाबी के बाद तमिलनाडु पर क्रिकेट की दीवानगी सिर चढकर बोलने लगी, वह हाल अब गुजरात का है। खचाखच भरे मोटेरा स्टेडियम पर अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का फायदा भी गुजरात को मिला। दूसरी ओर राजस्थान ऐसे सितारे के लिये खिताब जीतना चाहेगी तो आसमान से कहीं अपनी इस टीम को निहार रहा होगा। आईपीएल का पहला खिताब सितारों के बिना एक युवा टीम को दिलाने वाले शेन वॉर्न राजस्थान रॉयल्स के प्रदर्शन पर जरूर गौरवान्वित होते। प्रतिभा की बात करें तो संजू और हार्दिक के बीच ज्यादा अंतर नहीं है। संजू उन बिरले खिलाड़ियों में से है जो भारत के लिये 20 मैच भी नहीं खेले हैं लेकिन उनकी लोकप्रियता कमाल की है। कप्तानी में कामयाबी के साथ उनकी प्रतिभा और परवान चढी है।

उनके पास रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, जोस बटलर, ट्रेंट बोल्ट जैसे दिग्गज तो यशस्वी जायसवाल और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे युवा खिलाड़ी हैं लेकिन संजू ने सभी के साथ अच्छा तालमेल बिठाकर टीम को यहां तक पहुंचाया है। इस मैच से नायक भी निकलेंगे, दिल भी टूटेंगे और कीर्तिमान भी बनेंगे लेकिन यह मुकाबला ऐसा होगा जिसे क्रिकेटप्रेमी बरसों तक याद रखेंगे।

## यह अलग विराट है, एक सत्र में इतनी गलतियां की जितनी पूरे कैरियर में नहीं की : सहवाग

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत के पूर्व धुरंधर बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि विराट कोहली अपने चिर परिचित रंग में नहीं हैं जिसके लिये उन्हे जाना जाता है और एक आईपीएल सत्र में उन्होंने इतनी गलतियां की जितनी 14 वर्ष के अंतरराष्ट्रीय कैरियर में नहीं की। पिछले ढाई साल से शतक नहीं बना सके कोहली अपने सबसे खराब दौर से जूझ रहे हैं। उन्होंने आईपीएल में 16 मैचों में 22.73 की औसत से 341 रन बनाये जिसमें दो अर्धशतक शामिल थे। अधिकांश मैचों में उन्होंने पारी का आगाज किया।

सहवाग ने क्रिकबज से कहा, यह वह विराट कोहली नहीं है जिसे हम जानते हैं। इस सत्र में दूसरा ही विराट खेल रहा है वरना एक सत्र में इतनी गलतियां की जितनी उसने अपने पूरे कैरियर में नहीं की। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि भारत का यह नंबर वन बल्लेबाज अलग अलग रणनीति अपनाने के चक्कर में आउट हुआ। उन्होंने कहा, जब रन नहीं बनते तो ऐसा होता है। आप रन बनाने के कई तरीके तलाशने लगते हो और उस चक्कर में विकेट गंवा देते हो। इस सत्र में कोहली के साथ भी ऐसा ही हुआ। दूसरे क्वालीफायर में कोहली तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर बल्ला अड़ाकर विकेट के पीछे कैच दे बैठे। सहवाग ने कहा, जब आपका फॉर्म खराब होता है तो आप हर गेंद को छेड़ने की कोशिश करते हैं। बल्लेबाज को लगता है कि गेंद को पीटकर आत्मविश्वास लौट आयेगा।

उन्होंने कहा, विराट ने ट्रेंट बोल्ट के पहले ओवर में कई गेंद छोड़ी लेकिन फॉर्म खराब होने पर ऐसा होता है। आप आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदों को भी नहीं छोड़ते। ऐसे में किस्मत खराब हो तो पीछे लपके जाने की पूरी आशंका रहती है। सहवाग ने कहा कि कोहली ने अपने लाखों प्रशंसकों को निराश किया जो अपने सितारों से बड़े मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं। उन्होंने कहा, उसने सभी को निराश किया।

# चैम्पियंस लीग फाइनल में रीयाल मैड्रिड का सामना लिवरपूल से

**पेरिस, एजेंसी**



दुनिया भर के करोड़ों फुटबॉलप्रेमियों की नजरें पेरिस पर गड़ी होंगी जहां लिवरपूल और रीयाल मैड्रिड चैम्पियंस लीग के खिताबी मुकाबले में आमने सामने होंगे। कार्लो एंसेलोट्टी यूरोपीय क्लब फुटबॉल का यह शीर्ष खिताब चार बार जीतने वाले पहले कोच बनना चाहेंगे।

उन्होंने 2014 में मैड्रिड के साथ पहली बार खिताब जीता था। इससे पहले 2003 और 2007 में एसी मिलान को खिताब दिला चुके हैं। मैड्रिड के साथ अपने पहले सत्र में वह स्पेनिश खिताब जीत चुके हैं। मैड्रिड ने 2018 में जिनेदीन जिदान के कोच रहते लिवरपूल को हराकर 13वीं बार यूरोपीय कप जीता था। जर्गेन क्लोप के साथ लिवरपूल ने 2020 में खिताब जीतकर 30 साल का इंतजार खत्म किया था। पिछले सप्ताह लिवरपूल एक अंक से इंग्लिश प्रीमियर लीग खिताब से चूकी है लेकिन अब उसे भुलाकर नजरें इस फाइनल पर लगी होंगी।

युएफा को लगातार तीसरे साल फाइनल की जगह बदलनी पड़ी है। इस बार कोरोना महामारी के कारण नहीं बल्कि यूक्रेन पर रूस के हमले के कारण सेंट पीटर्सबर्ग को फाइनल की मेजबानी गंवानी पड़ी। युद्ध चार महीने से जारी है और फाइनल मैच की गेंद पर पीस (शांति) लिखा होगा जिसकी बाद में नीलामी करके रकम शरणार्थियों के लिये दी जायेगी।

## विश्व चैम्पियनशिप में भी तोक्यो ओलंपिक की तरह कोई दबाव नहीं लूंगा: चोपड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा जुलाई में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में निश्चित रूप से पदक जीतना चाहते हैं लेकिन वह इसके लिये ज्यादा दबाव नहीं बनाना चाहते। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा ने कहा कि वह विश्व चैम्पियनशिप में पदक के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे हैं और वह इसमें भी उसी सोच के साथ उतरेंगे जो उन्होंने तोक्यो ओलंपिक के दौरान अपनायी थी। वह विश्व चैम्पियनशिप में निश्चित रूप से यह उपलब्धि हासिल कर सकते हैं, अगर प्रतिस्पर्धा के दिन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। चोपड़ा ने फिनलैंड में अपने ट्रेनिंग बेस से साक्षात्कार में पिछले साल ओलंपिक में मैंने कोई दबाव नहीं लिया था, मैं यह नहीं सोच रहा था कि मुझे स्वर्ण पदक जीतना ही है। इसलिये मैंने अच्छा किया और स्वर्ण पदक जीता।

मेरी कोशिश हमेशा परिस्थितियों के अनुसार दिन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की रही है। अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ करता हूं और भविष्य के लिये और सुधार करता और सीखता हूं तो मुझे संतोष मिलता है। चोपड़ा ने कहा, मैं विश्व चैम्पियनशिप के दौरान भी ऐसा ही करूंगा, देखते हैं कि क्या नतीजा मिलता है, मैं पदक जीतता हूं या नहीं। ऐसा नहीं है कि मैंने पिछले साल ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता है तो मुझे इस साल विश्व चैम्पियनशिप में भी पदक जीतना होगा। मैं देखूंगा कि भविष्य के लिये मैं और क्या सुधार कर सकता हूं। उन्होंने कहा, थोड़ा दबाव तो है, यह स्वभाविक है। लेकिन मैं हमेशा रिलैक्स रहने की कोशिश करता हूं और परिणाम के बारे में ज्यादा नहीं सोचता। बड़े टूनार्मेंट में जाने से पहले जितना संभव हो, उतना सामान्य रहता हूं।

## साइमंड्स के साथ समय न बिता पाने का अफसोस : पॉन्टिंग

**ब्रिस्बेन, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पॉन्टिंग ने ऑलराउंडर एंड्रयू साइमंड्स को याद करते हुए कहा कि उन्हें साइमंड्स के साथ समय न बिता पाने का अफसोस है। पॉन्टिंग ने क्वीन्सलैंड के टाउन्सविल में स्थित रिवरवे स्टेडियम में आयोजित स्मरण समारोह में कहा, साइमंड्स का जाना हमारे लिये बहुत मुश्किल रहा है। ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट प्रेमी बहुत मुश्किल समय से गुजर रहे हैं। पॉन्टिंग ने कहा कि उन्हें साइमंड्स के साथ अधिक समय बिताने का मौका न मिलने का अफसोस है। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की यही बुरी बात है। आप अपने साथियों के साथ 10, 15, 20 साल खेलते हैं, और जब आप खेल छोड़ देते हैं तो एक दूसरे से कभी नहीं मिल पाते। हमने मैदान पर इतने अच्छे दिन एक साथ गुजारे, लेकिन जब आप किसी के साथ इतने समय तक रहते हैं तो उनके साथ मैदान के बाहर भी बहुत कुछ अनुभव साझा करते हैं। इस महीने की शुरूआत में 46 वर्षीय साइमंड्स का एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। साइमंड्स के लिये आयोजित स्मरण समारोह में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एडम गिलक्रिस्ट, डैरेन लेहैन, इयान हीली, मिचेल जॉनसन और ब्रेट ली भी शामिल रहे। डैरेन लेहैन ने कहा कि उन्होंने साइमंड्स से बेहतर खिलाड़ी को कोच नहीं किया, जबकि गिलक्रिस्ट ने कहा कि वह मैदान पर और मैदान के बाहर भी बेहतरीन खिलाड़ी थे। गिलक्रिस्ट ने कहा, हमने उनके व्यक्तित्व के बारे में इतनी बातें कीं कि हम उनके क्रिकेट के स्तर को भूल ही गये।

# टेस्ट क्रिकेट को जीवित रखने के लिए इंग्लैंड का शीर्ष पर बने रहना जरूरी है: मैकुलम

**लंदन, एजेंसी**



**वर्ल्ड कप**

- ऑस्ट्रेलिया नौवीं बार फाइनल में पहुंचा

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट एक बहुत छोटी सी दुनिया है और शायद इसे डुनेडिन के बेटे से बेहतर कोई नहीं समझ सकता है। यह एक ऐसे शहर की तरह है जहां हर कोई हर किसी को जानता है और लंबे समय तक किसी का अपना व्यवसाय नहीं रहता। ब्रेंडन मैकुलम ने इंग्लैंड के प्रशिक्षण जैकेट को पहनने के बाद इस मिश्रित भावना को स्वीकार भी किया, वह भी तब जब एक हफ़्ते के भीतर ही उनके सामने अपने ही देश की टीम और उसके खिलाड़ी होंगे।

मैकुलम ने लॉर्ड्स में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि न्यूजीलैंड की बालकनी को कभी-कभी देखना मुश्किल होगा लेकिन यही जीवन है। मुझे अपनी विरासत पर बहुत गर्व है, अपने पालन-पोषण पर बहुत गर्व है और जो मैं अपने देश के लिए हासिल करने में सक्षम हुआ उस पर भी नाज है। हालांकि यह एक ऐसा काम है जहां आपको बदलाव लाने की कोशिश करने का काम सौंपा जा रहा है और उम्मीद है कि आप कुछ ऐसा करें जो भविष्य में लंबे समय तक चले। यह एक बहुत ही आकर्षक अवसर है। उनके अनुमान से, यह एक बहुत जरूरी अवसर भी है।

टी20 की पूरी क्रांति के एक दशक के बाद भी खेल के कई दिग्गज यह स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं जैसा कि मैकुलम अपनी नई भूमिका की प्रकृति के बावजूद आसानी से करते हैं कि टेस्ट क्रिकेट उतना लोकप्रिय नहीं है जैसा कि पहले हुआ करता था। शायद इस तरह के सफेद सच बोलने के लिए एक कीवी की जरूरत होती है। यहां तक कि जब वे अपनी पहली वैश्विक ट्रॉफी को संजोते हुए टेस्ट क्रिकेट के शिखर में बैठते हैं, न्यूजीलैंड को पता है कि वे क्रिकेट की अधिक विकसित अर्थव्यवस्थाओं की दया पर बने हुए हैं।

भारत और ऑस्ट्रेलिया अभी भी अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा कर रहे हैं और उन्होंने पिछले 12 महीनों में दशक का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेट का प्रदर्शन भी किया है। हालांकि इंग्लैंड झ 17 में एक जीत के साथ, जिसमें एक लापरवाह एशेज हार भी शामिल है, निश्चित तौर पर वह कहीं नहीं है। जैसा कि खुद मैकुलम मानते हैं, इस प्रारूप के वातावरण को पोषित करने में इंग्लैंड की विफलता पूरे खेल को खतरे में डालती है। मैकुलम ने कहा, अगर टेस्ट क्रिकेट को जीवित रहना है और फलना-फूलना है, तो इंग्लैंड का शीर्ष पर बने रहना जरूरी है। इंग्लैंड और यूके के लोगों में टेस्ट क्रिकेट के प्रति समर्थन को देखते हुए अगर एशेज प्रतिस्पर्धी नहीं है या अगर इंग्लैंड नंबर 1 स्थान की ओर अग्रसर नहीं है तो टेस्ट क्रिकेट मुश्किल में है। किसी और के पास वही स्नेह या खेल को टिकाऊ बनाने की क्षमता नहीं है, मुझे लगता है, इसलिए यह एक बड़ी चुनौतियों में से एक है।

मैकुलम के दौर में एक भी गेंद फेंके जाने से पहले ही ऐसा लगता है जैसे उनकी भूमिका से सारा रहस्य छीन लिया गया है। वह इस सदी के छह में से इंग्लैंड के चौथे विदेशी टेस्ट कोच हो सकते हैं, लेकिन वह डंकन फ़्लेचर नहीं हैं। उनके तौर तरीकों के बारे में कुछ भी अचूक नहीं है, इसका कतई यह मतलब नहीं है कि वह छह सप्ताह ड्रेसिंग रूम के कोने में दुबके रहेंगे।

## स्पिनरों के खिलाफ मानसिकता बदलने से आईपीएल 2022 में मिली कामयाबी : मिलर

**अहमदाबाद, एजेंसी**



गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज डेविड मिलर का मानना है कि स्पिनरों को खेलते समय मानसिकता में बदलाव से उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में कामयाबी मिल सकी। मिलर ने गुजरात टाइटंस के लिये 15 मैचों में 449 रन बनाये हैं जबकि कप्तान हार्दिक पंड्या ने 14 मैचों में 453 रन जोड़े हैं।

दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज ने कहा कि नेट्स पर की गई मेहनत से उन्हें काफी फायदा मिला। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रविवार को होने वाले आईपीएल फाइनल से पहले कहा, स्पिनरों के सामने मेरे लिये यह सत्र अच्छा रहा। मैने इस पर काफी मेहनत की है। मुझे कभी लगा नहीं कि मैं स्पिनरों को नहीं खेल पा रहा हूं लेकिन मुझे इसमें मेहनत करनी थी। उन्होंने कहा, मैने स्पिनरों के खिलाफ अपनी मानसिकता बदली। एक या दो चीजों में बदलाव किया। मैं यह सुनिश्चित करना चाहता था कि हर गेंद पर रन बनाऊं। मिलर ने कहा, अगर कोई गेंद खराब है तो मैं उसे नसीहत दे सकूं। इससे गेंदबाज पर दबाव बनता है। मानसिक रूप से मैने इस पर मेहनत की है।

उन्होंने कहा कि गुजरात के लिये सारे मैच खेलने से उनका आत्मविश्वास बढा। उन्होंने कहा, इस सत्र में मैने ऊपरी क्रम पर बल्लेबाजी की। सत्र की शुरूआत से सारे मैच खेले और मुझे इसमें काफी मजा आया। इससे मेरा आत्मविश्वास बढा। टीम ने मुझ पर भरोसा किया और मैं चयन की चिंता में नहीं रहा। मिलर ने पहले सत्र में गुजरात की कामयाबी का श्रेय सामूहिक प्रयास को दिया। उन्होंने कहा, यह सत्र अच्छा रहा।

मेरे लिये सबसे शानदार प्रदर्शन राहुल तेवतिया का रहा। मोहम्मद शमी ने भी बेहतरीन गेंदबाजी की। रिधिमान साहा ने उम्दा बल्लेबाजी की। किसी एक खिलाड़ी का नाम लेना कठिन है। सभी ने मिलकर टीम को यहां तक पहुंचाया है।

## भारतीय संस्कृति को लेकर फाफ डुप्लेसी का ये बयान जीत लेगा आपका दिल

**अहमदाबाद, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का आईपीएल 2022 का सफर क्वालीफायर 2 में मिली हार के साथ समाप्त हुआ। राजस्थान रॉयल्स ने इस मुकाबले में आरसीबी को 7 विकेट से पटखनी दी। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रजत पाटीदार के अर्धशतक के दम पर 157 रन बनाए थे।

राजस्थान ने इस स्कोर को जोस बटलर के तूफानी शतक की मदद से 11 गेंदे शेष रहते हासिल कर लिया। आरसीबी की इस हार के बाद कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टीम के साथ अपने होटल मैनेजमेंट की जमकर तारीफ की मैच के बारे में बात करते हुए डुप्लेसी ने कहा ह्लजब हम मैदान के बाहर आ रहे थे तब हमें लगा कि हमने कुछ रन कम बनाए हैं पहले तीन-चार ओवर गेंद काफी हिल रही थी, 180 इस विकेट पर पार स्कोर था। पहले 6 ओवर तो टेस्ट क्रिकेट की तरह लग रहे थे। दूसरी पिच के मुकाबले ये नई गेंद के लिए अधिक तेज थी, मगर बाद में गेंद अच्छे से बैट पर आ रही थी। मुझे अपनी टीम पर गर्व है। यह हमारे लिए काफी उम्दा सीजन रहा।

हर्षल, डीके जिन खिलाडियों को भी टीम इंडिया के लिए चुना गया है वह डिजर्व करते हैं। हमने आज अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दिया और वैसे भी हमारे सामने राजस्थान जैसी मजबूत टीम थी आरसीबी के लिए इस सीजन युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस सूची में पाटीदार के साथ हर्षल पटेल और शहबाज अहमद जैसे खिलाड़ियों का नाम शामिल था।

## राशिद खान का खुलासा, टीम को मेरी बल्लेबाजी पर पूरा भरोसा

**अहमदाबाद, एजेंसी**



लेग स्पिनर राशिद खान आईपीएल 2022 में अपना जलवा बिखेर रहे हैं। उन्होंने 15 मैचों में 6.73 की इकॉनमी रेट से 18 विकेट लिए हैं और क्वालिफायर 1 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की थी। लेकिन टूनार्मेंट में राशिद का जिस चीज ने ध्यान आकर्षित किया है, वह है उनकी शानदार बल्लेबाजी, क्योंकि उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 21 गेंदों में 40 रन और लीग चरण में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सिर्फ 11 गेंदों में नाबाद 31 रन बनाए हैं।

अब, गुजरात के साथ आज राजस्थान के खिलाफ फाइनल खेलने के लिए तैयार है। राशिद ने खुलासा किया कि टीम को उनके बल्ले से 20-25 रन बनाने का विश्वास है। राशिद अपने सिग्नेचर स्टोक द स्नेक शॉट का आविष्कार करते हुए या तो छह या सात पर बल्लेबाजी के लिए आ रहे हैं। हालांकि उन्होंने आठ पारियों में सिर्फ 91 रन बनाए हैं, लेकिन उनके 206.81 के स्ट्राइक रेट को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, जो सातवें नंबर पर आते हुए यही स्ट्राइक रेट 227.5 तक पहुंच जाता है। उन्होंने कहा, इस साल, मैंने पहले की तुलना में थोड़ी अधिक बल्लेबाजी की है। कोचिंग स्टाफ, कप्तान और सभी खिलाड़ियों से आत्मविश्वास मिला है। उन्होंने मुझ पर प्रदर्शन करने और स्कोर करने पर भरोसा जताया है। एक खिलाड़ी के रूप में आपको उस तरह के विश्वास की आवश्यकता होती है। राशिद ने कहा, जो विश्वास हर किसी का मुझ पर है, वह यह है कि यह व्यक्ति टीम के लिए कुछ महत्वपूर्ण रन बना सकता है और मुझे विश्वास हो गया है कि मैं टीम के लिए 20-25 रन बना सकता हूं। राशिद ने मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड मिलर की फॉर्म को 15 मैचों में 64.14 के औसत से 449 रन और 141.19 के स्ट्राइक रेट से टूनार्मेंट में किसी भी लक्ष्य का पीछा करने के लिए श्रेय दिया।

उन्होंने कहा, उनके जैसा कोई सकारात्मक मानसिकता वाला खिलाड़ी नहीं है और गेंदबाजी इकाई के साथ आपके पास उस तरह का दबाव भी नहीं है। कभी-कभी आपको लगता है कि लक्ष्य अधिक है और इसके बारे में बहुत कुछ सोचते हैं। हमने 190 से अधिक बार दो बार पीछा किया है, जो एक अच्छा संकेत है और यह बहुत अच्छा है कि डेविड टी20 क्रिकेट में काफी महत्वपूर्ण है कि उस स्थान पर उसके जैसा कोई व्यक्ति स्कोर बना रहा है। यह शीर्ष क्रम के काम को आसान बनाता है, क्योंकि उनके पास है जो वह उस पर विश्वास करते हैं।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में स्वर्ण की उम्मीद रहेंगी अवंतिका

**मुंबई, एजेंसी**

एक प्लंबर की बेटी होने से लेकर दुती चंद का 200 मीटर जूनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने तक, अवंतिका नारले ने बहुत लंबा सफर तय किया है। अब अवंतिका हरियाणा के पंचकुला में होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने का सपना रखती हैं। अवंतिका ने अपनी तैयारी के बारे में बात करते हुए कहा, मैं बहुत मेहनत से तैयारी करती आ रही हूं, और मुझे विश्वास है कि मैं हरियाणा में एक या दो स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जरूर जीतूंगी। पुणे से आने वाली अवंतिका खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करेंगी। उल्लेखनीय है कि अवंतिका खेलो इंडिया के मंच पर पहली बार हिस्सा नहीं ले रही हैं। वह इससे पहले 2019, पुणे में हुए यूथ गेम्स में 100मीटर का खिताब जीतने से चूक गयी थीं, मगर उन्होंने इस हार की भरपाई करते हुए 200 मीटर में स्वर्ण हासिल किया था। अवंतिका के लिये यह सफर आसान नहीं रहा। उनके पिता एक प्लंबर हैं, और उनकी मां ने घर में वित्तीय सहायता देने के लिये एक नौकरानी के रूप में भी काम किया है। इसके बावजूद उन्होंने अपनी महरूमियों को कभी अवंतिका के ख़्वाबों के आड़े नहीं आने दिया। अवंतिका के पिता अब उसे हर रोज ट्रेनिंग के लिये सनस ग्राउंड ले जाते हैं। अवंतिका ने अपने परिवार की कहानी साझा करते हुए कहा, मुझे अपने परिवार पर गर्व है।

## संक्षिप्त खबरें

### मिस्र में सड़क हादसा, सात लोगों की मौत

काहिरा। उत्तर पूर्व मिस्र में इस्माइलिया-सुएज रेगिस्तानी सड़क पर मिनी बस और कार की टक्कर में सात लोगों की जान चली गई। सरकारी अखबार अहराम की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। अखबार के अनुसार शुक्रवार को हुई इस टक्कर में कार के अंदर ऑक्सीजन सिलेंडर और मिनी बस के गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। सात लोगों की वाहनों के अंदर झुलसने से मौत हो गई।

### टर्की ने स्वदेशी मिसाइल रक्षा प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया

अंकारा। टर्की ने स्वदेशी मिसाइल रक्षा प्रणाली साइपर का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। यह जानकारी टर्की रक्षा उद्योग एजेंसी के अध्यक्ष ने दी। टर्की रक्षा उद्योग एजेंसी के अध्यक्ष इस्माइल डेमिर ने शुक्रवार को कहा कि इस परीक्षण का उद्देश्य रूस की एस-400 और अमेरिका की पैट्रियट रक्षा प्रणाली को बदलना है।

### अर्जेंटीना में मंकी पॉक्स के दो मामले सामने आए

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना में शुक्रवार को मंकी पॉक्स के दो मामले सामने आए। दोनों मामले हाल ही में स्पेन से अर्जेंटीना पहुंचे दो पुरुषों में दर्ज किए गए, जिससे लातिन अमेरिका में पहली बार इस संक्रमण की मौजूदगी की पुष्टि हुई। अर्जेंटीना के स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले ब्यूनस आयर्स के एक व्यक्ति के मंकी पॉक्स से संक्रमित होने की बात कही थी। यह व्यक्ति हाल ही में स्पेन से लौटा था। मंत्रालय ने बाद में एक बयान जारी कर बताया कि इस सप्ताह की शुरूआत में अर्जेंटीना आए स्पेन के एक नागरिक में भी मंकी पॉक्स संक्रमण की पुष्टि हुई है। अधिकारियों ने संक्रमितों के बारे में कोई अन्य जानकारी नहीं दी है। उन्होंने कहा, दोनों की हालत स्थिर है। उन्हें पृथक-वास में रखा गया है और उनका उपचार जारी है। मंत्रालय के मुताबिक, स्पेन से लौटे दोनों मरीजों के संपर्क में आए लोगों की जांच की जा रही है और अभी तक किसी में संक्रमण के लक्षण सामने नहीं आए हैं।

### महाराष्ट्र में कोरोना के 536 नये मामले

औरंगाबाद/मुंबई। महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 536 नये मामले दर्ज हुये हैं और इसी के साथ कुल मामलों की संख्या बढ़कर अब 78,84,865 तक पहुंच गई है। शनिवार को जारी स्वास्थ्य बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है। राज्य में अब कुल 1,47,857 लोगों की इस बीमारी से मौत हो चुकी है। बुलेटिन के अनुसार इस दौरान राज्य भर के विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों से स्वस्थ्य हुए 329 लोगों को छुट्टी दे दी गई हैं। इस के साथ राज्य में अब तक 77,34,110 लोग कोविड मुक्त हो चुके है। इस समय राज्य में रिकवरी दर 98.11 प्रतिशत और मृत्यु दर 1.87 प्रतिशत है। राज्य में इस समय 2,568 सक्रिय मरीजों का विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज चल रहा है।

### मोदी ने वीर सावरकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को हिन्दूवादी नेता और स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। मोदी ने आज ट्वीट कर कहा, मां भारती के कर्मठ सपूत वीर सावरकर को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। उन्होंने ट्वीट के साथ वीर सावरकर के चित्रों वाला वीडियो भी साझा किया।

# जेलेंस्की ने किया रूसी सेना पर जीत का दावा

कीव, एजेंसी



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को अपने दो संबोधनों में देश के पूर्वी हिस्से में हुई सबसे भीषण लड़ाई और यूक्रेन युद्ध में रूसी सेना पर आखिरकार जीत दर्ज करने की घोषणा की।

उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित किया और कहा, यूक्रेन एक ऐसा देश है, जिसने रूसी सेना की असाधारण शक्ति के मिथक को तोड़ दिया है। एक ऐसी सेना, जिसके बारे में माना जाता था कि वह कुछ ही दिनों में किसी को भी हरा सकती है।

जेलेंस्की ने कहा, अब रूस पूरे देश पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन हम यूक्रेन के भविष्य के बारे में सोचने के लिए काफी मजबूत स्थिति में हैं, जो पूरी दुनिया के लिए खुला रहेगा।

बाद में राष्ट्र के नाम दिए वीडियो संबोधन में जेलेंस्की ने दोनेत्स्क के पूर्वी शहर लाइमैन और लुगांस्क में यूक्रेन के नियंत्रण वाले अंतिम क्षेत्रों में से एक सिविएरोदोनेत्स्क को घेरने तथा उस पर कब्जा करने के रूसी प्रयासों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, दोनेत्स्क क्षेत्र के इस शहर का बड़ा रेलवे हब और दो अन्य प्रमुख शहर अब भी यूक्रेन के नियंत्रण में हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, अगर कब्जा करने वालों को लगता है कि लाइमैन या सिविएरोदोनेत्स्क उनके होंगे तो वे गलत हैं। डोनबास यूक्रेन का ही रहेगा।

**बयान**

- जेलेंस्की ने कहा, अब रूस पूरे देश पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन हम यूक्रेन के भविष्य के बारे में सोचने के लिए काफी मजबूत स्थिति में हैं, जो पूरी दुनिया के लिए खुला रहेगा।

**अन्य घटनाक्रम :**

कीव, यूक्रेन - लुहान्स्क क्षेत्र के गवर्नर सेरही हैदई ने शुक्रवार को रूस के उन दावों का खंडन किया, जिनमें कहा गया है कि रूसी सेना ने पूर्वी शहर सिविएरोदोनेत्स्क को घेर लिया है। हालांकि, उन्होंने माना कि यूक्रेनी सैनिकों को पीछे हटना पड़ सकता है। हैदई ने शुक्रवार को टेलीग्राम पर लिखा कि रूसियों ने एक होटल और बस अड्डे पर कब्जा कर लिया है।

**रोम-** इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्राघी ने शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर बात की और उन्हें यूरोपीय संघ (ईयू) के सहयोग से इतालवी सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

इससे पहले, द्राघी ने बृहस्पतिवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बंदरगाहों को खोलने से संबंधित एक समझौते को लेकर बात की थी। उन्होंने पुतिन से कहा था कि अगर समझौते को मंजूरी नहीं दी जाती है तो यूक्रेन के बंदरगाहों पर मौजूद कई लाख टन अनाज के सड़ने का खतरा है।

द्राघी से बातचीत में जेलेंस्की ने संकट के समाधान के लिए इटली द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

**मॉस्को** - रूस के दक्षिणी प्रांत चेचन्या के क्रेमलिन समर्थित नेता ने एक वीडियो जारी कर चेतावनी दी है कि यूक्रेन के बाद अगला निशाना पोलैंड हो सकता है। रमजान कादिरोव ने अपने आधिकारिक टेलीग्राम पेज पर साझा किए गए वीडियो में कहा है कि यूक्रेन का काम तमाम हो गया है और अगर अगला आदेश दिया गया तो हम छह सेकंड में आपको (पोलैंड) दिखा देंगे कि आप क्या हैं।

पोलैंड की सीमा यूक्रेन से लगती है और उसने अपने पड़ोसी को हथियार व अन्य सहायता प्रदान की है। पोलैंड ने लाखों यूक्रेनी शरणार्थियों को शरण भी दी है।

**मॉस्को** - रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि जहाजों की सुरक्षित आवाजाही की अनुमति देने के लिए यूक्रेन को अपने बंदरगाहों के पास के क्षेत्रों से समुद्री खदानों को हटा देना चाहिए।

पुतिन ने ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के साथ शुक्रवार हुई बातचीत में खाद्य सुरक्षा के मुद्दों पर विचारों का विस्तृत आदान-प्रदान किया।ल्ल उन्होंने पश्चिमी देशों के उन दावों को खारिज किया कि रूस की कार्रवाई ने वैश्विक खाद्य संकट को बढ़ा दिया है। अमेरिका और अन्य पश्चिमी सहयोगियों ने प्रतिबंधों को हटाने की रूसी मांग को खारिज कर दिया है और मॉस्को पर यूक्रेन से वैश्विक बाजारों में अनाज की आपूर्ति को बाधित करने का आरोप लगाया है, जिससे रूस के राष्ट्रपति कार्यालय ने इनकार किया है।

**लंदन** - ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा है कि रूस की सेना पूर्वी यूक्रेन में ह्यस्पष्ट रूप से प्रगतिह्ल कर रही है और यूक्रेनी सेना को लंबी दूरी के रॉकेट लांचर व अन्य सैन्य सहायता की आवश्यकता है।

ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि मॉस्को के सैनिकों ने हाल ही में कई गांवों पर कब्जा कर लिया है, क्योंकि वे पूर्वी डोनबास क्षेत्र में सिविएरोदोनेत्स्क और लिसिचन्स्क को घेरने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब तक इस क्षेत्र पर उनका पूर्ण नियंत्रण नहीं हुआ है।

**इस्तांबुल :** तुर्की के विदेश मंत्री ने कहा है कि नाटो की सदस्यता के लिए तुर्की की आपत्तियों को दूर करने के लिए स्वीडन और फिनलैंड को अब उनके देश की सुरक्षा चिंताओं को दूर करने की खातिर ठोस कदम उठाने चाहिए। स्वीडन और फिनलैंड को नाटो की सदस्यता दिलाने के लिए संगठन के सभी सदस्य देशों के समर्थन की आवश्यकता है, लेकिन तुर्की उनका विरोध कर रहा है। तुर्की ने कुर्द लड़ाकों के लिए इन देशों के कथित समर्थन का हवाला दिया है, जिन्हें वह आतंकवादी मानता है। उसने तुर्की को हथियारों की बिक्री पर लगे प्रतिबंध का भी हवाला दिया है।

**बर्लिन-** जर्मनी के विकास मंत्री स्वेंजा शुल्ज ने शुक्रवार को यूक्रेन की यात्रा की। इस दौरान उन्होंने यूक्रेन को अधिक समर्थन देने और देश के पुनर्निर्माण पर चर्चा की।

रूसी आक्रमण शुरू होने के बाद से शुल्ज यूक्रेन की यात्रा करने वाले दूसरे जर्मन मंत्री हैं। इससे पहले, जर्मन विदेश मंत्री एनालेना बेरबॉक ने 10 मई को यूक्रेन की यात्रा की थी और कीव में देश के दूतावास को फिर से खोल दिया था। शुल्ज के मंत्रालय ने कहा कि उनकी शुक्रवार को कीव में प्रधानमंत्री डेनिस शमीहाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने की योजना है।

शुल्ज ने एक बयान जारी कर कहा, हमें पहले से ही एक स्वतंत्र एवं लोकतांत्रिक यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समन्वित सहयोग की नींव रखनी चाहिए और जर्मनी इसमें योगदान देगा।

**मॉस्को-** रूस के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की है कि वह रूस के राजनयिक मिशन में कमी लाने के लिए क्रोएशिया द्वारा उठाए गए गैर मित्रवत कदम के जवाब में पांच क्रोएशियाई राजनयिकों को निष्कासित कर रहा है। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि उसने शुक्रवार को क्रोएशिया के राजदूत टोमिस्लाव कार को तलब किया और इस कदम की जानकारी दी। पिछले महीने क्रोएशिया ने 18 रूसी राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था।

**मॉस्को-** रूस के एक कम्युनिस्ट नेता ने यूक्रेन के खिलाफ सैन्य अभियान को समाप्त करने और कीव से रूसी सेना की वापसी की मांग की है। लियोनिद वासुकेविच ने शुक्रवार को व्लादिवोस्तोक के प्रशांत बंदरगाह में प्रिमोर्स्क क्षेत्रीय विधान सभा की एक बैठक में कहा, मेरा मानना है कि अगर हमारा रूस सैन्य अभियान को नहीं रोकता है तो हमारे देश में और अधिक लोग अनाथ होंगे।

# वेस्ट बैंक में इजराइल की गोलीबारी में किशोर की मौत : फलस्तीन

यरुशलम, एजेंसी



फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजराइली सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को वेस्ट बैंक में बेथलेहम के पास एक शहर में अपने अभियान के दौरान किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने मारे गए किशोर की पहचान 15 वर्षीय जैद गुनैम के रूप में की। मंत्रालय ने कहा कि किशोर गर्दन और पीठ में इजरायली सैनिकों की गोली लगने से घायल हो गया था और चिकित्सक उसकी जान नहीं बचा पए। पिछले एक महीने में वेस्ट बैंक में इजराली सैन्य अभियानों के दौरान मारे गए फलस्तीनी किशोरों की संख्या पांच हो गई है।

इजराइली सैनिक वेस्ट बैंक के फलस्तीन-प्रशासित क्षेत्रों में तकरीबन रोजाना गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रहे हैं इससे इजराइल-फलस्तीन के बीच हिंसा तेज हो गई है।

फलस्तीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी वफा ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से कहा कि गुनैम, अल-खादर इलाके में सैनिकों के सामने आ गया और उसने भागने की कोशिश की लेकिन सैनिकों ने उस पर गोली चला दी। एक ऑनलाइन वीडियो में रास्ते में खड़ी सफेद कार के पास खून के धब्बे दिख रहे हैं, जो कथित तौर पर घटनास्थल पर गोलीबारी के बाद के निशान बताए जा रहे हैं।

हालांकि, इजराइली सेना ने कहा कि सैनिकों ने उन फलस्तीनियों पर गोलियां चलाई, जिन्होंने सैनिकों पर पत्थरबाजी की और मोलोटोव कॉकटेल (पेट्रोल बम) फेंके। सेना ने एक बयान में कहा, सैनिकों ने एक घायल व्यक्ति को घटनास्थल पर ही प्राथमिक उपचार मुहैया कराया।

फलस्तीन के प्रधानमंत्री मोहम्मद शतयेह ने आरोप लगाया कि इजराइली सैनिकों ने गुनैम को मारने के इरादे से उस पर जानबूझ कर गोली चलाई।

इजराइल के अति राष्ट्रवादियों की रविवार को यरुशलम की ओल्ड सिटी में मुख्य मुस्लिम मार्ग से जुलूस निकालने की योजना बनाई। परिसर में अल-अक्सा मस्जिद है, जिसे इस्लाम में तीसरा सबसे पवित्र स्थल माना गया है। यहूदी इसे टेंपल माउंट कहते हैं और उनके लिए भी इस मस्जिद का बेहद महत्व है।

## समुद्र में खनन के लिए सख्त नियमों की जरूरत : जी-7 देश

**बर्लिन।** गहरे समुद्र में खनन को नियंत्रित करने के लिए कड़े पर्यावरण नियंत्रण की जी-7 देशों ने वकालत की है। इन देशों ने एक स्वर में कहा कि वे इस तरह की खनन परियोजनाओं के लिए तभी सहमत होंगे जब वे समुद्री पर्यावरण को गंभीर रूप से नुकसान नहीं पहुंचाएंगे। जर्मनी के पर्यावरण मंत्री स्टेफी लेमके ने बर्लिन में जी-7 मंत्रियों की बैठक के बाद कहा कि हमने तय किया है कि अगर गहरे समुद्र में खनन होता है, तो यह केवल सबसे सख्त पर्यावरण मानकों के तहत ही होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र निकाय अंतरराष्ट्रीय समुद्र तल प्राधिकरण (आईएसए) किसी भी राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से बाहर के उच्च समुद्रों में समुद्र तल खनन को नियंत्रित करने वाले नियम बना रहा है। जब तक वैश्विक नियम लागू नहीं हो जाते, तब तक समुद्री तल पर खनन की अनुमति नहीं है। जी-7 मंत्रियों ने अपनी बैठक में कहा कि गहरे समुद्र में खनन के संबंध में हम समुद्री पर्यावरण को नुकसान से बचाने के लिए मानव गतिविधि को लागू करने से पहले इसे विनियमित करने के अनूठे अवसर पर प्रकाश डालते हैं।

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर पैसा खर्च करें बाइडन: ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बंदूक संस्कृति के खिलाफ देश में उठ रही आवाज के बीच राष्ट्रपति जो बाइडन को सलाह दी है कि वो स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर पैसा खर्च करें। ट्रंप ने टेक्सास प्रांत के ह्यूस्टन शहर में नेशनल राइफल एसोसिएशन (एनआरए) के वार्षिक सम्मेलन में शुक्रवार को कहा कि जब अमेरिका यूक्रेन को 40 अरब डालर का सहायता पैकेज दे सकता है तो उसे बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने टेक्सास के उवाल्डे में एक प्राथमिक विद्यालय में छात्रों के समूह पर की गई गोलीबारी को जंगली और बर्बर अत्याचार बताते हुए कहा इस घटना ने हर अमेरिकी की अंतरात्मा को झकझोर है। उल्लेखनीय है कि इस गोलीबारी की घटना में 19 बच्चों और दो शिक्षकों की मौत हो गई थी।पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सम्मेलन में बंदूक अधिकार लाबिंग समूह के पक्ष में खड़े नजर आए। उन्होंने स्कूलों में सुरक्षा बढ़ाने के उपायों का समर्थन नहीं करने के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के खिलाफ हमला किया। स्कूली बच्चों की हत्या के बाद देश में मजबूत बंदूक नियंत्रण उपायों की तेज पकड़ती मांग के बीच ट्रंप ने एनआरए के वार्षिक सम्मेलन को रद्द करने के आह्वान को खारिज कर दिया। अल जजीरा ने इस सम्मेलन पर ट्रंप के हवाले से कहा, हर बार जब कोई परेशान या पागल व्यक्ति इस तरह का घृणित अपराध करता है, तो हमारे समाज में कुछ लोग अपने चरम राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए दूसरों की पीड़ा का उपयोग करने के लिए हमेशा एक अजीब प्रयास करते हैं। उन्होंने बंदूक कानून सुधारों की वकालत करने वालों का जिक्र करते हुए कहा- इससे भी अधिक प्रतिकारक है कि सामूहिक हिंसा करने वाले खलनायकों से दोष हटाने और उस दोष को लाखों शांतिपूर्ण, कानून का पालन करने वाले नागरिकों के कंधों पर डाल दिया जाए, जो हमारे अद्भुत एनआरए जैसे संगठनों से संबंधित है। पूर्व राष्ट्रपति ने बंदूक सुधार पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय स्कूलों की सुरक्षा बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अगर संयुक्त राज्य अमेरिका के पास यूक्रेन भेजने के लिए 40 बिलियन अमरीकी डालर हैं, तो हमें अपने बच्चों को घर पर सुरक्षित रखने के लिए जो कुछ भी करना होगा।

**सलाह**

- अमेरिका यूक्रेन को 40 अरब डालर का सहायता पैकेज दे सकता है तो उसे बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए: ट्रंप

# योग को धर्म व मजहब से जोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण : कोविंद

भोपाल, एजेंसी

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा है कि आयुर्वेद और योग को किसी मजहब या धर्म से जोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण है। वह एक देश-एक स्वास्थ्य पर आयोजित आरोग्य मंथन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रपति ने कहा कि किसी डॉक्टर के पास, दो मजहब के लोग जाएं, डॉक्टर यह कहे कि आप सुबह पांच बजे उठिए, मॉर्निंग वॉक करिए। योगासन कीजिए। डॉक्टर के कहने पर वो यह सब करेंगे। यह नहीं कहते कि इसमें मेरा धर्म आड़े आ रहा है, क्योंकि उसे अपने स्वास्थ्य की चिंता है। उन्होंने कहा कि जो भ्रांतियां फैलाई जाती हैं, उस पर ध्यान देने की जरूरत है। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में शनिवार को आरोग्य मंथन कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि दो-ढाई साल में दुनिया अदृश्य महामारी के दौर से गुजरी। देश और दुनिया के वैज्ञानिकों ने वैक्सीन बनाकर मानव जीवन की रक्षा की। वैज्ञानिकों का अभिनंदन करता हूं। दुनिया में भारत जितना सस्ता इलाज और कहीं नहीं। यही वजह है कि दिल्ली के अस्पतालों में भी देखें तो आसपास के पड़ोसी देशों से मरीज इलाज के लिए आते हैं।

मजबूत राष्ट्र के लिए नागरिकों का स्वस्थ होना जरूरीः राज्यपाल

राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे पिज्जा खाते हैं और थम्स-अप की बोतल साथ रखते हैं। खाना कैसे पचा सकेंगे? पहले लोग सात्विक-पौष्टिक आहार लेते थे और परिश्रम भी करते थे, इस वजह से वे हमेशा स्वस्थ रहते थे। राज्यपाल ने कहा कि मजबूत राष्ट्र के लिए नागरिकों का बीमारियों से मुक्त होकर स्वस्थ और खुशहाल होना जरूरी है।

अपनी बात थोपूंगा नहीं, लेकिन हम शाकाहार के लिए बने हैं: शिवराज


मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग और अन्न भी ठीक चाहिए। मैं किसी पर थोप नहीं रहा हूं, यह मेरा व्यक्तिगत विचार है। हम जैसा खाते हैं, वैसा बनते हैं। हमारे आंत-दांत देख लो, मुझे लगता है कि शाकाहार के लिए बनी है। हम क्या खाएं और कैसा खाएं? इसका भी महत्व है। इस पर भी विचार करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने तीनों पद्धतियों का उपयोग कोविड से लड़ने के लिए किया।

B.R.P. Sr. Sec. School
Fully English Medium Nursery to 12th
Admission Open
Mukesh Tanwar (Chairman) | Pawan Tanwar (Director)
Session 2022- 23
Contact : 9468 00 3362, 9728 70 0919
Bhulwana (Hodal) Near Dabchik Tourist Complex

SAPNA MOTORS
BUY | SALE | EXCHANGE PRE OWNED CARS
PURUSHOTAM SAINI
+91 9810545350
Purushotam5350@gmail.com
SECTOR 31, SHOP NO. 106-P HUDA MARKET, GURUGRAM (HR)

मिलेगा सभी का साथ..... तो होगा वार्ड का चौमुखी विकास
नगर परिषद सोहना वार्ड न. 10 से पार्षद पद की शिक्षित, ईमानदार कर्मठ, संघर्षशील, व योग्य उम्मीदार
नोबत सैनी 9802585903
ललीता सैनी धर्मपत्नी श्री नोबत सैनी

" Nritya Shala "
Honoured and privileged to have featured as the first Classical Dance artiste in an amazing series #nrityashala Odissi Dance Classes by
Ms.Vani Madhav
only on @ddbharati1 @prasarbharati
will be telecasted on
02 May 2022 at 1.30PM , Repeat telecast at 09.30 PM. & 1.30 A.M every day from Monday to Friday.



Prop: Jassi Shokeen Mob.: 9811710008
Deepak Yadav Mob.: 98111200910
JASSI CAR WORLD
SALE & PURCHASE PRE OWNER CAR
Address: Plot No. : 181, Opp. Ardee City, Gate No.3, Sector-52 Gurugram-122003
email: jassicarworld0910@gmail.com

सारथी हॉस्पिटल
हसनपुर चौक NH-19 नजदीक प्रभु डेयरी होडल 121106
एमेरजेन्सी, ओ.टी., आई.सी.यू., जनरल वार्ड, सेमी प्राईवेट वार्ड, प्राईवेट वार्ड, खून की जाँच, ऐक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, जच्चा-बच्चा केन्द्र, मैडिकल स्टोर
टी.वी., दमा, साँस, एलर्जी
इन बिमारियों का विशेष ईलाज किया जाता है।
सुविधाएं
बच्चेदानी का निकलना
बच्चे बन्द का ऑपरेशन
आँचल की गाँठों और कैंसर का ऑपरेशन
पित्त की थैली व गद्दू की गाँठ को दुरबीन द्वारा निकालना
बच्चे के हाने का ऑपरेशन
हर्निया
पेशाब की नली में पथरी का दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
पी.सी.एन.एल. द्वारा गुर्दे की पथरी का ऑपरेशन
बांझपन संबंधी जाँच व ईलाज
बच्चों के लिए नर्सरी एण्ड फोटोथैरेपी की उत्तम सुविधा
For Any Query:- Ph. : 01275-296888, + 91-7078707818
HASSANPUR CHOWK NH48 NEAR PRABHU DAIRY HODAL 121106

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129